✷ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

अपना प्रदेश, अपनी बात

✷ रजि. नंबर : 52290/90 ✷ वर्ष : 36 ✷ अंक : 46 ✷ पृष्ठ : 12 ✷ औरंगाबाद, शनिवार, 12 जुलाई 2025 ✷ मूल्य : 3.00 रुपये ✷ औरंगाबाद एवं बोकारो से प्रकाशित ✷ www.navbihartime.com



लखीसराय स्थित अशोक धाम में बिहार के उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा और परिवहन मंत्री शीला मंडल ने रुद्राभिषेक कर श्रावणी मेले का भव्य उद्घाटन किया।

### मुख्यमंत्री ने 1.11 करोड़ लाभार्थियों के खाते में भेजी पेंशन राशि

# समाज के कमजोर तबकों के हित में निरंतर काम कर रही सरकार : नीतीश

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शुक्रवार को 1 अणे मार्ग स्थित 'संकल्प' में आयोजित कार्यक्रम में सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के अन्तर्गत 1 करोड़ 11 लाख से अधिक पेंशनधारियों के खाते में 1227.27 करोड़ रुपये की राशि माउस क्लिक कर डीबीटी के माध्यम से हस्तांतरित किया। सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के तहत पहले प्रतिमाह 400 रुपये की राशि लाभार्थियों को दी जाती थी, जिसे बढ़ाकर अब 1100 रुपये कर दी गई है। सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना की राशि में करीब तीन गुणा की बढ़ोतरी किए जाने से पेंशनधारियों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया। कहा कि बढ़ी हुई पेंशन की राशि से उनके बच्चे की पढ़ाई और घर का खर्च चलाने में काफी सहूलियत होगी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुये मुख्यमंत्री ने कहा कि 24 नवंबर, 2005 को सरकार में आने के बाद से हमलोगों ने राज्य के विकास के लिए लगातार काम किया है। हमने शुरू से ही सभी वर्गों के उत्थान के लिए कई योजनाएं चलाई है। समाज के कमजोर तबकों के हित के लिए हमलोग निरंतर काम कर रहे हैं। वृद्धजनों, दिव्यांगजनों एवं विधवा महिलाओं की सहूलियत के लिए सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनायें चलाई जा रही हैं, जिसमें सभी वर्गों के लोगों को अब तक 400 रुपये प्रतिमाह पेंशन के रूप में दी जा रही थी। उन्होंने कहा कि 21 जून, 2025 को महिला संवाद कार्यक्रम में महिला प्रतिनिधियों से बातचीत के क्रम में ही हमलोगों ने सोचा कि सामाजिक सुरक्षा पेंशन की राशि को बढ़ाया जाए तथा वृद्धजनों, दिव्यांगजनों एवं विधवा महिलाओं को हर महीने 400 रुपये की जगह 1100 रुपये पेंशन की राशि दी जाए। राज्य सरकार ने अब यह तय कर दिया है कि सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं के तहत वृद्धजनो, दिव्यांगजनों एवं विधवा महिलाओं को हर महीने 400 रुपये की जगह 1,100 रुपये पेंशन की राशि पिछले महीने से अर्थात जून 2025 के प्रभाव से दी जाएगी। इसलिए आज पेंशन की बढ़ी हुई राशि को लाभार्थियों के बैंक खातों में सीधे भेज दिया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वृद्धजनों जिनमें 60 वर्ष के ऊपर की आयु वाले पुरुष एवं महिला दोनों शामिल हैं तथा दिव्यांगजनों, ऐसे पुरुष एवं महिलाएं जो चलने-फिरने, सुनने, **(शेष पृष्ठ 10 पर)**

# एक माह तक चलने वाला विश्व प्रसिद्ध श्रावणी मेला शुरू



पुष्पांकर गुप्ता/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**भागलपुर।** बोल बम एवं हर हर महादेव के जयघोष के साथ जिले के सुल्तानगंज मे एक महीने तक चलने वाला विश्व प्रसिद्ध श्रावणी मेला आज से शुरु हुआ। राज्य के उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी एवं विजय कुमार सिन्हा, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल, भूमि सुधार व राजस्व मंत्री संजय सरावगी, श्रम संसाधन सह प्रभारी मंत्री संतोष कुमार सिंह एवं ग्रामीण कार्य मंत्री जयंत राज ने संयुक्त रुप से दीप प्रज्ज्वलित कर इस मेला का उद्घाटन किया। जिलाधिकारी डॉ नवल किशोर चौधरी ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु किये गये व्यवस्थाओं की चर्चा की। उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने अपने संबोधन में कहा कि कई दशकों से पूरे सावन मास तक चलने वाले श्रावणी मेला में श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए एनडीए सरकार कटिबद्ध है। श्रद्धालुओं को किसी भी तरह की परेशानी नहीं होने दी जाएगी। गंगा घाटों से लेकर समूचे कांवरिया मार्ग में जिला प्रशासन, पर्यटन और कला व संस्कृति विभाग की ओर से मूलभूत सुविधाएं के साथ-साथ मनोरंजन की भी मुकम्मल व्यवस्था की गई है। उन्होंने कहा कि इस मेले में देश के विभिन्न हिस्सों और विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं को हवाई सेवा उपलब्ध कराने की दिशा में तेजी से सकारात्मक पहल चल रही है और बहुत जल्द ही सुल्तानगंज में हवाई अड्डे का निर्माण होगा। इसके **(शेष पृष्ठ 10 पर)**

## संक्षिप्त समाचार

### ज्वेलरी शॉप से दिनदहाड़े 20 लाख के जेवरात लूटे

**हाजीपुर(नबिटा ब्यूरो)।** हाजीपुर-मुजफ्फरपुर एनएच 22 पर वैशाली जिले के गोरौल थाना अंतर्गत गोरौल बाजार स्थित आभूषण दुकान में दिनदहाड़े डकैती हुई है। छह नकाबपोश बदमाशों ने हथियार के बल पर सोना-चांदी के करीब 20 लाख रुपये का आभूषण लूट लिया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और दुकानदार से घटना की विस्तृत जानकारी ली। इसके बाद बदमाशों के भागने की दिशा में छापेमारी शुरू कर दी है।

### सड़क हादसे में ट्रक चालक की मौत

**बक्सर(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के नया भोजपुर थाना अंतर्गत चंदा गांव के पास भीषण सड़क हादसे में 21 वर्षीय ट्रक चालक मोहित कुमार की दर्दनाक मौत हो गई। मृतक उत्तर प्रदेश के बदायूं जिले का निवासी था और उसकी शादी अगले महीने तय थी। हादसे की सूचना मिलते ही नया भोजपुर थाना पुलिस, एनएचआई की टीम और स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे। लगभग आधे घंटे की मशक्कत के बाद शव को बाहर निकाल पोस्टमार्टम के लिए बक्सर सदर अस्पताल भेजा गया है।

### कैमूर पहाड़ी से पुरुष और महिला का शव बरामद

**भभुआ(नबिटा ब्यूरो)।** कैमूर पहाड़ी की जंगल में स्थित उगहनी घाट से हत्या कर फेंका गया अज्ञात पुरुष और महिला का शव पुलिस ने बरामद किया है। शव कैमूर पहाड़ी के जंगल में स्थित उगहनी घाट के ऊपर बघउत बाबा स्थान के आसपास से बरामद किया गया है। लाश अधिक दिन होने के कारण सड़ गल गईं थीं। दोनों शवों की पहचान नहीं हो पा रही है। घटनास्थल के समीप से एक मोबाइल फोन भी पुलिस ने बरामद किया है जो बारिश के कारण खराब हो गया है। शव मिलने की सूचना पर क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। पुलिस सूत्रों के अनुसार लगभग 10 दिन पहले दोनों की हत्या की गई होगी। दोनों के शव से धड़ से सिर अलग था। इसलिए आशंका व्यक्त की जा रही है कि दोनों महिला-पुरुष की हत्या कर जंगल में फेंक दिया गया है।

# बिहार विधानसभा चुनाव से पहले 12 आइपीएस अधिकारियों का तबादला

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार में विधानसभा चुनाव से पहले नीतीश सरकार ने एक बार फिर से आईपीएस अधिकारियों का तबादला किया है। 12 आईपीएस अधिकारियों का ट्रांसफर किया गया है। इस बाबत गृह विभाग ने नोटिफिकेशन भी जारी कर दिया। 2020 बैच के आईपीएस अधिकारी शिखर चौधरी का तबादला कटिहार के पुलिस अधीक्षक के पद पर किया गया है। 2018 बैच के भारतीय पुलिस प्रशासनिक सेवा के अधिकारी वैभव शर्मा को एसपी अनुसंधान नियंत्रण बनाया गया है। 2012 बैच के आईपीएस अधिकारी मिथिलेश कुमार को पुलिस मुख्यालय, पटना में तबादला किया गया है। 2016 बैच के शैशव यादव का पुलिस प्रशिक्षण केंद्र डुमरांव में प्राचार्य के पद पर तबादला किया गया है। 2018 बैच के आईपीएस अधिकारी नवजोत सिमी का बेगूसराय बिहार विशेष सशस्त्र पुलिस 19 में किया गया है। भारतीय पुलिस सेवा के 2018 बैच के मनोज कुमार का तबादला बेगूसराय के बिहार विशेष सशस्त्र पुलिस 8 में किया गया है। 2018 बैच के आईपीएस अधिकारी महेंद्र कुमार बसंत्री का तबादला गृह रक्षा वाहिनी पटना में किया गया है। 2018 बैच के ही संजय कुमार का तबादला पुलिस अधीक्षक ग्रामीण सारण के पद पर किया गया है। 2021 बैच के मोहिबुल्लाह अंसारी का तबादला अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी-1 नगर पटना में किया गया है। 2022 बैच के आईपीएस अधिकारी अखिलेश झा का तबादला अनुमंडल पुलिस अधिकारी-1 डिहरी (रोहतास) में किया गया है। 2022 बैच के आईपीएस अधिकारी शिवम धाकड़ का तबादला अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी-1 दानापुर पटना में किया गया है। 2022 बैच की दिव्यांजलि जायसवाल का तबादला सहायक पुलिस अधीक्षक अपराध अनुसंधान विभाग पटना में किया गया है।

### अखिलेश झा बने डिहरी के अनुमंडल पुलिस अधिकारी

# पुलिस पेट्रोलिंग वाहन से अधेड़ की मौत, ग्रामीणों ने काटा बवाल

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गयाजी।** जिले के इमामगंज प्रखंड अंतर्गत कोठी थाना क्षेत्र में शुक्रवार की दोपहर पुलिस पेट्रोलिंग वाहन की टक्कर से एक ग्रामीण की मौत हो गई। मृतक की पहचान मेघास्थान गांव निवासी देवबली उर्फ बाबू चौधरी (40) के रूप में हुई है। घटना के बाद इलाके में तनाव फैल गया और आक्रोशित ग्रामीणों ने पुलिस वाहन में आग लगा सड़क जाम कर बवाल मचा दिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार देवबली गांव के पास स्थित एक ईंट भट्ठा के समीप खड़ा था तभी कोठी थाना की पुलिस पेट्रोलिंग के लिए वहां पहुंची। पुलिस को शक हुआ कि वह शराब लेकर जा रहा है, जिसके बाद उन्होंनें ने उसका पीछा किया। भागने के दौरान देवबली बाइक समेत असंतुलित होकर गिर गया। इसी बीच पीछे से आ रही पुलिस की गाड़ी ने उसे टक्कर मार दी जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की खबर फैलते ही ग्रामीण बड़ी संख्या में मौके पर जमा हो गए और गुस्से में आकर पुलिस वाहन को आग के हवाले कर दिया। ग्रामीणों ने पथराव भी किया जिसमें दो पुलिसकर्मी घायल हो गए। दोनों घायल पुलिसकर्मियों का स्थानीय स्तर पर इलाज कराया गया है। घटना के बाद कई थानों की पुलिस मौके पर पहुंच स्थिति को नियंत्रित करने की कोशिश कर रही है। पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजने का प्रयास कर रही है। कोठी थानाध्यक्ष संजीत कुमार ने बताया कि पुलिस टीम शराब तस्करी की आशंका पर देवबली का पीछा कर रही थी तभी यह हादसा हुआ। उन्होंने कहा कि मामले की जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की जाएगी। घटनास्थल पर स्थिति फिलहाल तनावपूर्ण लेकिन नियंत्रण में है।

बिहार सरकार
पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग

पशुपालन ज्ञान
पशुपालक कल्याण

ठनका (वज्रपात) से पशुओं के बचाव हेतु आवश्यक सुझाव

क्या करें
- पशुओं को पशु शेड में रखना चाहिए।
- उर्जा चालित यंत्रों से पशु को दूर रखना चाहिए।
- धातु से बने कृषि यंत्र–डंडा आदि से पशुओं को दूर कर दें।
- आसमानी बिजली के झटका से घायल होने पर पीड़ित पशु की चिकित्सा हेतु तत्काल नजदिकी पशु चिकित्सालय से सम्पर्क करना चाहिए।
- स्थानीय रेडियो एवं अन्य संचार साधनों से मौसम की जानकारी प्राप्त करते रहें।



क्या न करें
- पशुओं को किसी एकल उँचे वृक्ष के नीचे न बांधे।
- उँचे स्थान खासकर पहाड़ों पर पशु के खाने एवं पानी के लिये धातु निर्मित नाद का उपयोग नहीं करना चाहिए।
- तालाब और जलाशय के समीप पशुओं को न ले जाऐं।
- बिजली के उपकरण या तार के साथ संपर्क से पशुओं को बचाऐं व बिजली के उपकरणों को बिजली के संपर्क से हटा दें।
- साथ ही बिजली एवं टेलीफोन के खंभों के नीचे पशुओं को कदापि नहीं बाँधे क्योंकि उँचे वृक्ष, उँची इमारतें एवं टेलीफोन/बिजली के खंभे आसमानी बिजली को अपनी ओर आकर्षित करते हैं।



PR No.- 007877 (Animal)D. 2025-26

पशुपालन निदेशालय, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, बिहार, पटना द्वारा जनहित में प्रचारित

MAHADEVA LAL SCHROFF COLLEGE OF PHARMACY
SMT
रुग्ण मंगलम् सर्वोपरि

ML SCHROFF SIR SCHOLARSHIP
EXAMINATION-2025

पात्रता मापदंड



छात्रों को विज्ञान स्ट्रीम में 12वीं (इंटरमीडिएट) उत्तीर्ण होना चाहिए

Mrs. Rashmi Chowdry
Sponsored Scholarship
Grand Daughter of M.L. Schroff Sir

फॉर्म भरने की प्रक्रिया 10 जुलाई से शुरू होकर 25 जुलाई 2025 तक चलेगी

छात्रवृत्ति पुरस्कार
- रैंक 1: 40,000
- रैंक 2: 25,000
- रैंक 3: 15,000

प्रायोजित पुरस्कार राशि आपके प्रथम वर्ष की एमएलएस कॉलेज की फीस में जमा कर दी जाएगी

परीक्षा की तिथि 28 जुलाई 2025 निर्धारित है

रैंक 1 से 5 तक, सावित्री मेमोरियल ट्रस्ट औरंगाबाद (बिहार) द्वारा 5000 रुपये का नकद पुरस्कार

MLS College of Pharmacy
BIADA Near Bihar Cement Plant
Aurangabad, Bihar

9065002577 / 9174757294
www.mlspharmacy.in


C M Y K

# सफल सहकारी समितियों की प्रेरक कहानियों का होगा प्रचार-प्रसार : डॉ. प्रेम कुमार

## सहयोग समितियों को प्रोत्साहित करने की दिशा में विभाग की नई पहल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** सहकारिता विभाग ने राज्य में सहकारिता को सशक्त बनाने और सहयोग समितियों से जुड़े लाभों को आमजन तक पहुंचाने के लिए एक नई पहल की शुरुआत की है। इस पहल के तहत राज्य की सफल सहकारी समितियों की प्रेरक कहानियों का प्रचार-प्रसार किया जाएगा, ताकि अन्य समितियां उनसे सीख लेकर सशक्त बन सकें। सहकारिता मंत्री डॉ. प्रेम कुमार ने



इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि सहकारिता ऐसा सशक्त माध्यम है जो रोजगार सृजन और सामूहिक सशक्तिकरण का प्रतीक बन रहा है। केंद्र सरकार भी सहकारिता की शक्ति से पूरी तरह से अवगत है। उन्होंने कहा कि राज्य की सफल सहकारी समितियों की सफलता की कहानियां जब जन-जन तक पहुंचेंगी तो अन्य समितियों को भी प्रोत्साहन और दिशा मिलेगी जिससे राज्य में सहकारिता अभियान और अधिक तेज होगा। इस योजना के तहत सहयोग समितियों के प्रबंध फलक पर कार्यरत अधिकारी, जिला सहकारिता पदाधिकारी, और जिला केंद्रीय सहकारी बैंक लिमिटेड से यह अपेक्षा की गई है कि वे अपने क्षेत्र में कार्यरत पांच सफल सहकारी समितियों से संबंधित विवरण, वीडियो और रिपोर्ट सहयोग समितियों के कार्यालय को शीघ्र उपलब्ध कराएं। यह निर्देश वन्शराज वर्मा, उपनिदेशक, सहयोग समितियां द्वारा सभी संबंधित पदाधिकारियों को जारी किया गया है। उल्लेखनीय है कि सहकारिता विभाग विभिन्न योजनाओं का संचालन करता है जिनसे राज्य की अनेक सहकारी समितियां लाभान्वित हो रही हैं। इन योजनाओं ने ग्रामीण क्षेत्रों में आर्थिक विकास को गति दी है जिससे स्थानीय लोगों को आजीविका के साधन और रोजगार प्राप्त हुआ है। राज्य की सहकारी बैंकों द्वारा संयुक्त ऋण समूह का गठन कर महिलाओं और वंचित वर्गों को स्वरोजगार हेतु वित्तीय सहायता दी जा रही है। लगभग सभी जिलों में ऋण समूह के माध्यम से हजारों समूह लाभान्वित हो रहे हैं। इन समूहों को धनराशि उपलब्ध कराकर विभिन्न प्रकार के व्यवसाय जैसे डेयरी, मछली पालन, औषधीय उत्पादन आदि में जोड़ा गया है, जिससे स्थानीय स्तर पर रोजगार का सृजन हुआ है।

## बिहार प्रदूषण नियंत्रण पर्षद् द्वारा हरित विद्यालय प्रतियोगिता का होगा आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद् द्वारा राज्य में स्थित विद्यालयों में पर्यावरण संरक्षण के प्रति चेतना अभिवर्धित करने एवं इस हेतु उनके द्वारा किये जा रहे प्रयासों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से एक हरित विद्यालय प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। इस प्रतियोगिता में राज्य के सभी सरकारी/गैर-सरकारी विद्यालय भाग ले सकते हैं। यह प्रतियोगिता स्वमूल्यांकन पद्धति पर आधारित है जिसमें विद्यालयों द्वारा उनके प्रयासों का स्वमूल्यांकन कर ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है। इसमें भाग लेने हेतु बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद् के वेबसाइट-पर दिये गये पहले लिंक को क्लिक कर आवेदन प्रपत्र भर सकते हैं। प्रतियोगता में भाग लेने की अंतिम तिथि 31 जुलाई-2025 शाम 4 बजे तक है। विद्यालयों द्वारा किए गए प्रयासों का सत्यापन राज्य पर्षद् द्वारा 1 अगस्त, 2025 से किया जाएगा। चयनित विद्यालयों को 7 सितंबर को पटना में 'नीले आसमान के लिए स्वच्छ वायु का अंतर्राष्ट्रीय दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में पुरस्कृत किया जाएगा।

## रेडिएशन ऑँकोलॉजी का 7वां वार्षिक कांफ्रेंस का होटल मौर्या में आयोजन




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** एसोसिएशन ऑफ रेडिएशन ऑकोलॉजिस्ट्स ऑफ इंडिया, बिहार चैप्टर और पारस एचएमआरआई, पटना की ओर से 12-13 जुलाई को रेडिएशन ऑकोलॉजी का 7वां वार्षिक कांफ्रेंस का आयोजन होटल मौर्या में किया जाएगा। इसमें देशभर के कैंसर रोग विशेषज्ञ भाग लेने पटना पहुंचेंगे। इस बात की जानकारी एसोसिएशन ऑफ रेडिएशन ऑकोलॉजिस्ट्स ऑफ इंडिया, बिहार चैप्टर के आयोजन सचिव व वाइस प्रेसीडेंट डॉ. शेखर केसरी ने शुक्रवार को पारस हॉस्पिटल परिसर में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में दी। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन बिहार के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान करेंगे। दो दिवसीय इस आयोजन में लंग कैंसर, गॉल ब्लैडर (पित्ताशय की थैली) कैंसर, हेड-नेक कैंसर, ब्रेस्ट कैंसर, ब्रेन कैंसर और गायनैकोलॉजिकल मैलिग्नैंसी पर इसके विशेषज्ञ विस्तार से चर्चा करेंगे। सर्जरी विभाग के निदेशक डॉ एए हई ने बताया कि इसका थीम साक्ष्य से लेकर उत्कृष्टता तक-सहयोगात्मक दृष्टिकोण है जिसमें कैंसर के इलाज मेडिकल, सर्जिकल और पैलेटिव ऑँकोलॉजी तीनों डिपार्टमेंट की भूमिकाओं के बारे में विस्तार से बताया जाएगा।

## रोटरी क्लब की मोबाइल स्क्रीनिंग वैन बनेगी कैंसर के खिलाफ ढाल : मंगल पांडे

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** कैंसर जैसी गंभीर बीमारी की समय पर पहचान और जागरूकता को जन-जन तक पहुंचाने की दिशा में रोटरी क्लब ऑफ पटना मिलेनियम द्वारा एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। क्लब ने महावीर कैंसर संस्थान को समर्पित 'मोबाइल कैंसर स्क्रीनिंग वैन' का शुभारंभ किया जिसका भव्य फ्लैग-ऑफ समारोह गांधी मैदान स्थित बापू सभागार आर्केड में आयोजित हुआ। इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडे मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने कहा बिहार सरकार स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने की दिशा में निरंतर कार्य कर रही है। रोटरी क्लब की यह पहल न केवल प्रशंसनीय है, बल्कि कैंसर




जैसी घातक बीमारी की समय पर पहचान के लिए एक सशक्त माध्यम भी सिद्ध होगी। मैं क्लब एवं महावीर कैंसर संस्थान को इस जनकल्याणकारी कार्य के लिए बधाई देता हूं। समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा प्रदेश महामंत्री एवं दीघा विधायक डॉ. संजीव चौरसिया, कुम्हरार विधायक अरुण कुमार सिन्हा और स्व. आचार्य कुणाल किशोर के पुत्र सयान कुणाल तथा डॉ. एल. बी. सिंह मौजूद रहे। इस अवसर पर डी.जी. नम्रता ने कहा यह पहल रोटरी के सेवा मिशन की एक शानदार मिसाल है जो देशभर में एक मॉडल बन सकती है। आईपीडीजी बिपिन चाचान ने कहा हम सिर्फ चिकित्सा सुविधा नहीं, बल्कि लोगों के मन से डर व भ्रम को भी दूर करना चाहते हैं। यह वैन समाज में आशा और सुरक्षा का संदेश लेकर निकली है। इस अवसर पर क्लब अध्यक्ष डॉ. अमिताभ बंका ने कहा यह परियोजना रोटरी क्लब की सामाजिक प्रतिबद्धता का प्रतीक है जिसका उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाना है। पूर्व अध्यक्ष सोनल जैन ने कहा यह वैन केवल एक वाहन नहीं, बल्कि रोटरी की संवेदनशीलता और सामाजिक उत्तरदायित्व की प्रतीक है। इस अभियान के माध्यम से हम कैंसर से जुड़ी भ्रांतियों को दूर करेंगे और लोगों को जागरूक व सशक्त बनाएंगे। समारोह में रोटरी क्लब के सक्रिय सदस्यों - चिंतन जैन, डॉ. प्रगति सिन्हा, आशीष बंका, गौतम, अमन कमालिया, अजय मोरे, राजीव अग्रवाल, नितिन कृष्णा, अशोक चौधरी, संदीप चौधरी, प्रशांत अग्रवाल, रोशन धन्धारिया, एवं पूर्व अध्यक्ष सोनल जैन की गरिमामयी उपस्थिति रही।

## युवाओं को हस्तशिल्प कलाओं में दिया जा रहा प्रशिक्षण



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार सरकार, उद्योग विभाग के अंतर्गत उपेन्द्र महारथी शिल्प अनुसंधान संस्थान, पटना द्वारा संचालित हस्तशिल्प प्रशिक्षण सत्र (जुलाई-दिसंबर 2025) की शुरुआत हो चुकी है। इस सत्र में राज्य के विभिन्न क्षेत्रों से आए युवाओं को पारंपरिक हस्तशिल्प कलाओं में प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। प्रशिक्षण के प्रारंभिक चरण में छात्रों को विभिन्न शिल्पों की बुनियादी जानकारी दी जा रही है जिसमें संस्थान के अनुभवी प्रशिक्षकों द्वारा मार्गदर्शन किया जा रहा है। टिकुली, सिक्की, टेरेकोटा, एप्लीक, बांस, जूट, ब्लॉक प्रिंटिंग सहित अन्य शिल्पों में प्रशिक्षण दिया जा रहा है। संस्थान की सभी शाखाओं में छात्रों का उत्साह, सीखने की ललक और रचनात्मकता साफ रूप से दिखाई दे रही है। प्रशिक्षण सत्र के माध्यम से न केवल पारंपरिक कलाओं को संरक्षित और समृद्ध किया जा रहा है, बल्कि युवाओं को आत्मनिर्भर बनने की दिशा में भी प्रेरित किया जा रहा है।

## पर्यावरण संरक्षण के लिए वृक्षारोपण अभियान में ग्रामीणों ने दो सौ पौधे लगाए

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** पर्यावरण संरक्षण के लिए मनेर के सिकंदरपुर गांव में शुक्रवार को वृक्षारोपण अभियान का आयोजन पर्यावरण संरक्षक एवं सामाजिक कार्यकर्ता सरोज सिंह के नेतृत्व में किया गया। समाज को बेहतर और पर्यावरण को हराभरा बनाने के उद्देश्य के मद्देनजर सरोज सिंह पिछले कई साल से गांव में समय-समय पर वृक्षारोपण अभियान चलती आ रही है। वृक्षारोपण अभियान के तहत स्वयंसेवकों, छात्रों और ग्रामीणों ने मिलकर 200 से अधिक पौधे लगाए। साथ ही पौधा वितरण भी किया गया। मौके पर सरोज सिंह ने कहा कि यह अभियान श्रीमती सिंह के सामाजिक सुधार और पर्यावरण संरक्षण एक-दूसरे से जुड़े हुए हैं



और एक बेहतर समाज की नींव, एक स्वस्थ पर्यावरण पर ही टिकी होती है जो पौधा हम आज लगाते हैं, वही आने वाले कल की सांसें तय करेगा। उन्होंने कहा कि आने वाले महीनों में प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में इसी तरह के और वृक्षारोपण अभियान चलाए जाएंगे। मौके पर वृक्षारोपण के साथ-साथ एक जन-जागरूकता सत्र भी आयोजित किया गया जिसमें शहरी हरियाली, जैव विविधता और नागरिक भागीदारी के महत्व पर चर्चा की गई।

## आम आदमी पार्टी बिहार में अकेले सभी विधानसभा सीटों पर लड़ेगी : संजय सिंह

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** आम आदमी पार्टी (आप) ने बिहार में अपनी सक्रियता बढ़ा दी है। पार्टी के वरिष्ठ नेता और राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने शुक्रवार को पटना में प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि उनकी पार्टी बिहार विधानसभा चुनाव में अधिक से अधिक सीटों पर लड़ेगी और किसी भी दल के साथ गठबंधन नहीं करेगी। इस दौरान उन्होंने नीतीश सरकार पर बिहार में 'जंगलराज' की वापसी का आरोप लगाते हुए कहा कि राज्य की कानून-व्यवस्था, शिक्षा, स्वास्थ्य तथा बेरोजगारी की स्थिति बदहाल हो गई है। संजय सिंह ने कहा कि पार्टी प्रमुख अरविंद केजरीवाल ने बिहार में चुनाव लड़ने के लिए हरी झंडी दे दी है और पार्टी ने अपनी तैयारियां भी शुरू कर दी है। उन्होंने कहा कि पार्टी का फोकस सीमांचल पर है और वह खुद किशनगंज जाने वाले हैं। संजय सिंह ने बिहार में अपराध की बढ़ती घटनाओं पर गहरी चिंता व्यक्त की। उन्होंने राजधानी पटना में हुए गोपाल खेमका हत्याकांड का जिक्र करते हुए कहा कि जब राजधानी में एक व्यापारी की हत्या हो जाती है और उसके परिवार को पलायन के लिए मजबूर होना पड़ता है। उन्होंने कहा कि 6 साल पहले बेटे की हत्या हुई थी और अब पिता की, यह दर्शाता है कि बिहार में 'जंगलराज' किस तरह से लौट आया है।

## भाजपा, जदयू, चुनाव आयोग के षड्यंत्र की हार, बिहार की जनता की जीत : राजेश राम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष राजेश राम ने प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय सदाकत आश्रम में आयोजित प्रेस वार्ता को सम्बोधित करते हुए कहा कि हम यहां एक ऐतिहासिक फैसले और एक जनविरोधी साजिश के पर्दाफाश के संदर्भ में आपसे संवाद करने के लिए उपस्थित हुए हैं। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी और जनता दल यूनाइटेड की सरकार, चुनाव आयोग के साथ मिलकर, बिहार के दलितों, पिछड़ों, शोषितों और गरीबों के वोट के अधिकार को छीनने का षड्यंत्र रच रही थी। यह न सिर्फ



लोकतंत्र पर आघात था, बल्कि यह सीधे-सीधे बिहारी अस्मिता पर हमला था, लेकिन हम आपको यह बताते हुए गर्व और संतोष का अनुभव कर रहे हैं कि सर्वोच्च न्यायालय ने इस साजिश पर करारा ब्रेक लगा दिया है।

यह जीत सिर्फ एक कानूनी जीत नहीं है – यह पूरे बिहार की जनता की जीत है। यह उस भरोसे की जीत है जो उन्होंने देश के जननायक, नेता विपक्ष राहुल गांधी जी पर किया। राहुल जी ने बिहार बंद आंदोलन के दौरान यह वादा किया था कि वे बिहार के सरोकारों की लड़ाई अंतिम दम तक लड़ेंगे और आज वो वादा साकार होते हुए दिख रहा है।

## राज्य निवेश प्रोत्साहन बोर्ड ने दी 23 सौ करोड़ की सहमति

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** विकास आयुक्त प्रत्यय अमृत बिहार की अध्यक्षता में राज्य निवेश प्रोत्साहन बोर्ड की 61वीं बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में कुल 46 इकाइयों में सन्नहित रु. 2304.43 करोड़ की स्टेज-1 सैद्धांतिक सहमति प्रदान की गयी। साथ ही कुल 20 इकाइयों में सन्नहित रु. 846.55 करोड़ की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गयी। उल्लेखनीय है कि अब तक राज्य में वित्तीय वर्ष 2025-26 में कुल 90 इकाइयों को कुल रु. 2263.16 करोड़ की स्टेज-1 स्वीकृति एवं 37 इकाइयों को रु. 263.69 करोड़ की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की जा चुकी है। बैठक में मेसर्स एपिक एग्रो प्रोडक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड, मेसर्स भारत ऊर्जा डिस्टिलरीज प्राइवेट लिमिटेड, मेसर्स वारसलीगंज स्टैंडअलोन ग्राइंडिंग यूनिट, मेसर्स आरएमपी फैब सोर्सिंग प्राइवेट लिमिटेड, मेसर्स बी.के वेयरहाउसिंग एलएलपी, मेसर्स गया रेलवे इंफ्रा प्राइवेट लिमिटेड, मेसर्स हॉलीवुड क्रिएटिव स्टूडियोज प्राइवेट लिमिटेड, मेसर्स मंगलदीप राइस मिल प्राइवेट लिमिटेड, मेसर्स वरुण बेवरेजेज नवानगर, मेसर्स शालीमार पेलेट फीड्स लिमिटेड-पूर्णिया यूनिट, मेसर्स जयदयाल हाईटेक्स प्राइवेट लिमिटेड, मेसर्स गोग्रीन अपैरल लिमिटेड, मेसर्स उत्कर्ष स्फटिक लिमिटेड कोलकाता, भारत सहित अन्य इकाइयों को स्वीकृति प्रदान की गयी।

## बैंकिंग, बीमा और पेंशन सुविधा से जुड़ेंगे गांव

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** सभी को बैंकिंग, बीमा और पेंशन जैसी वित्तीय सुविधाओं से जोड़ने हेतु बिहार के सभी पंचायतों में भारत सरकार के वित्तीय सेवाएं विभाग के निर्देश पर तीन महीने का व्यापक जन अभियान चलाया जा रहा है। 01 जुलाई से 30 सितंबर 2025 तक चलने वाले इस अभियान के तहत प्रदेश की लगभग 8,100 ग्राम पंचायतों में शिविर आयोजित किए जाएंगे। बिहार में इस अभियान का प्रतीकात्मक शुभारंभ पटना जिले के बेलछी प्रखंड अंतर्गत बेलछी ग्राम पंचायत में 1 जुलाई 2025 से किया गया है। राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति बिहार, संयोजक भारतीय स्टेट बैंक के द्वारा अभियान की तैयारियों को लेकर सदस्य बैंकों के साथ चर्चा कर इस क्रम में वित्त मंत्रालय भारत सरकार संबधित दिशा-निर्देशों का पालन करने का आग्रह किया गया है। इस अभियान का उद्देश्य प्रधानमंत्री जनधन का नया खता खोलना, पुराने खातों का केवाइसी दस्तावेज अद्यतन करना, पुराने निष्क्रिय खातों का पुनः परिचालन करना, खातों में नामांकन सुविधा अद्यतन करना, सामाजिक सुरक्षा संबंधी योजनाओं यथा प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना तथा अटल पेंशन योजना जैसी सभी योजनाओं का लाभ बैंकों द्वारा ग्राम पंचायत स्तर पर पहुंचाना है। इसके साथ ही इस अभियान में डिजिटल लेन-देन, बैंकिंग सेवाएं और साइबर सुरक्षा संबंधी जानकारी भी दी जाएगी। बैंक मित्रों, ग्राहक सेवा केन्द्र संचालकों, पंचायत तथा प्रखंड स्तर के अधिकारियों तथा बैंककर्मियों की इस अभियान में सक्रिय भूमिका रहेगी तथा ग्राम पंचायत स्तर पर आयोजित किये जाने वाली शिविरों में संबंधित योजनाओं की जानकारी और आवेदनों के संकलन जैसे कार्य किए जाएंगे। प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना में 436 रुपये सालाना प्रीमियम पर 2 लाख रुपये का बीमा दिया जाता है, वहीं प्रधान मंत्री सुरक्षा बीमा योजना में 20 रुपये सालाना प्रीमियम पर 2 लाख रुपये तक का बीमा कवर दिया जाता है। 60 वर्ष की आयु के बाद अटल पेंशन योजना के तहत पेंशन भुगतान का प्रावधान है जिसमें किये निवेश के अनुसार रिटायरमेंट के बाद 1,000 से 5,000 रुपये तक पेंशन मिलती है। तीन महीनों तक चलने वाले इस अभियान में इन योजनाओं का ज्यादा से ज्यादा लोगों के बीच प्रचार-प्रसार तथा वित्तीय सुविधाओं का आच्छादन एक प्रमुख उद्देश्य है। अभियान के दौरान ग्रामीणों को साइबर फ्रॉड से बचाव तथा अनक्लेम्ड डिपॉजिट के निकासी की विधि से जुड़ी जानकारियां भी दी जाएगी अभी तक सभी 8092 पंचायतों में आयोजित होने वाली शिविरों की मैपिंग हो चुकी है तथा 09 जुलाई 2025 तक प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार राज्य भर में 774 पंचायतों में शिविर का आयोजन किया जा चुका है।

## कांग्रेस नेता कन्हैया कुमार थाम सकते हैं जनसुराज का दामन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** मतदाता सूची पुनरीक्षण के विरोध में महागठबंधन के बिहार बंद के दौरान राहुल गांधी और तेजस्वी यादव के रथ पर चढ़ने से रोके गए कांग्रेस नेता कन्हैया कुमार के प्रशांत किशोर की जनसुराज पार्टी में जाने की चर्चा जोर पकड़ रही है। दरअसल, रथ पर चढ़ने से रोके जाने के बाद कन्हैया कुमार खुद को अपमानित महसूस कर रहे हैं। ऐसे में यह चर्चा तेज हो गई है कि कन्हैया कुमार का कांग्रेस से मोहभंग हो रहा है। इसका संकेत जनसुराज की ओर से भी मिल रहा है। जनसुराज के सोशल मीडिया हैंडल पर इसे लेकर संकेत दिए गए हैं कि कन्हैया कुमार को जल्द ही पार्टी में शामिल कराया जा सकता है। जनसुराज फार बिहार के सोशल मीडिया हैंडल से शुक्रवार को किये पोस्ट में लिखा गया है कि दोस्तों, आप लोगों की कन्हैया कुमार के बारे में क्या राय है? वो कैसे नेता हैं? क्या उन्हें बिहार की राजनीति में कांग्रेस के साथ ही सक्रिय रहना चाहिए या किसी और पार्टी से हाथ मिलाना चाहिए और क्या आपको नहीं लगता कि उन्हें केंद्र की बजाय बिहार की राजनीति में ज्यादा सक्रिय होना चाहिए। उल्लेखनीय है कि पीके अपनी पार्टी को बिहार में मजबूत करने के लिए पूरी तरह से सजग हैं। वे कई ऐसे लोगों को पार्टी में शामिल करा रहे हैं जो लोकप्रिय और जाने माने चेहरे हैं।

## जैन धर्मावलंबियों ने मनाया 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर का प्रथम देशना दिवस

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** जैन धर्मावलंबियों ने पटना के सभी दिगम्बर जैन मंदिरों में मनाया जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर का प्रथम देशना दिवस। पटना के मीठापुर, कदमकुआं, मुरादपुर, गुलजारबाग सहित सभी दिगम्बर जैन मंदिर में श्रद्धालुओं ने भगवान महावीर का प्रथम देशना दिवस वीर शासन दिवस के रूप में मनाया। भगवान का अभिषेक किया गया। अभिषेक के बाद शांतिधारा की गई। फिर भगवान का अर्घ्य चढ़ाया गया। फिर श्रद्धालुओं ने पूजा अर्चना की। मुरादपुर, मीठापुर, कदमकुआं सहित अन्य सभी दिगम्बर जैन मंदिर में भी वीर शासन दिवस की पूजा अर्चना की गई। कमलदह दिगम्बर जैन मंदिर में सोनू जैन एवं अन्य ने पूजा किया। एम पी जैन ने बताया कि भगवान महावीर का



प्रथम देशना राजगीर के विपुलाचल पर्वत पर हुआ था। इस मौके पर पटना से काफी अधिक संख्या में जैन श्रद्धालुगण राजगीर को गए हैं। मौके पर बिहार स्टेट दिगम्बर जैन तीर्थ क्षेत्र कमिटी के सचिव पराग जैन ने बताया कि भगवान महावीर की श्रावण कृष्ण प्रतिपदा को वर्तमान शासन नायक श्री 1008 भगवान महावीर स्वामी की प्रथम देशना स्मारक (विपुलाचल पर्वत) राजगृह जी में 'वीरशासन जयंती' धूमधाम से आयोजित किया गया। पराग जैन ने बताया कि श्रावण कृष्ण प्रतिपदा के शुभ मुहूर्त में वीरप्रभु की वाणी केवलज्ञान के 66 दिनों बाद राजगृह जी के इसी विपुलाचल पर्वत पर खीरी थी। तभी से यह पावन दिवस पर भव्य अभिषेक, पूजन एवं शांतिधारा का आयोजन किया जा रहा है। पराग जैन ने बताया कि भगवान महावीर ने अपना पहला उपदेश विपुलाचल पर्वत पर दिया था, जो राजगीर (राजगृह) के पास स्थित है। यह उपदेश राजा श्रेणिक को दिया गया था और इसे 'दिव्य-ध्वनि' कहा जाता है।

## व्याकरण का ज्ञान ही संस्कृत सम्भाषण एवं निरुक्त ग्रंथ का आधार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** व्याकरण का ज्ञान ही संस्कृत सम्भाषण एवं महर्षि यास्क रचित निरुक्त ग्रंथ का आधार है। व्याकरण ज्ञान के बिना निरुक्त तथा संस्कृत सम्भाषण में समस्या होना स्वाभाविक है। निरुक्त वैदिक शब्दों का निर्वचन ग्रंथ है। यास्क के अनुसार सभी शब्द धातुज हैं। नाम, आख्यात, उपसर्ग और निपात पदजात है जिसका अध्ययन निरुक्त में किया जाता है-ये सभी बातें संस्कृत संरक्षण समिति की ओर से आयोजित अन्तर्राष्ट्रीय अन्तर्जालीय महर्षि यास्क स्मृति संस्कृत व्याकरण ज्ञान शिविर के समापन समारोह की अध्यक्षता करते हुए आधुनिको भव संस्कृतं वद अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष तथा विहार संस्कृत संजीवन समाज पटना के महासचिव डॉ मुकेश कुमार ओझा ने कही। उन्होंने कहा कि संस्कृत सम्भाषण शिविर भी 11 जुलाई से लगातार 34 वां अन्तर्जालीय दशदिवसात्मक होगा जिसमें सरल पद्धति से संस्कृत बोलना सीखाया जाएगा। कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए गया कालेज गया के पाली विभागाध्यक्ष डॉ राजेश कुमार मिश्र ने कहा कि पाली भाषा के लिए भी संस्कृत आवश्यक है। निरुक्त ज्ञान से वेदों का ज्ञान अति सरल हो जाता है। विशिष्ट अतिथि के रूप में अपने विचारों को व्यक्त करती हुई डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय में संस्कृत आचार्या प्रो मनीषा बोदरा ने भी संस्कृत व्याकरण ज्ञान शिविर के आयोजन पर बल दिया। इस अवसर पर ज्ञानी शारदेय, सुजाता घोष, कल्पना शर्मा, संजू शर्मा, राहुल कुमार पाण्डेय ने भी व्याकरण ज्ञान शिविर के महत्व पर विस्तृत जानकारी दिए।

## कर्मचारी राज्य बीमा निगम ने किया आश्रित हितलाभ का भुगतान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** कर्मचारी राज्य बीमा निगम बिहार क्षेत्र के क्षेत्रीय निदेशक सीए निरंजन कुमार द्वारा सादे समारोह में मेसर्स बंसल कुमार प्रसाद के अधीन एन.बी.पी.डी.सी.एल.प्रा. लि. के अंतर्गत पंजीकृत बीमित व्यक्ति आजाद आलम जो सारण में मानव बल के पद पर कार्यरत थे। उनकी आश्रिता पत्नी हसबुल निशा, पुत्री-निकहत परवीन एवं पुत्र-शाहिद रसीद को कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम, 1948 के अंतर्गत आश्रित हितलाभ प्रदान किया गया और संवेदना व्यक्त की गयी। स्व. आजाद आलम की मृत्यु 01 सितंबर 2023 को कार्य के दौरान रोजगार चोट के कारण हुई थी। वे परिवार में अकेले कमाने वाले थे व परिवार पूर्णतः आर्थिक रूप से उन पर निर्भर था। नियोजक द्वारा दुर्घटना रिपोर्ट भेजे जाने के



पश्चात इसकी जांच की गयी तथा ईएसआईसी द्वारा आश्रितों के लिए मासिक पेंशन स्वीकृत किया गया। पेंशन के रूप में 336 रु. प्रतिदिन की दर से लगभग प्रतिमाह (10080/-) आश्रितों को मिलेगा। दुर्घटना की तिथि से आज तक लगभग 221760 रुपये का बकाया भुगतान भी उनके खाते में अंतरित किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि कार्य के दौरान व कार्यस्थल और निवासस्थान के मध्य आवागमन के कारण होने वाली दुर्घटना को इएसआइ कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम 1948 के तहत रोजगार चोट के रूप में स्वीकृत करने का प्रावधान है जिसके अंतर्गत बीमित कर्मचारी की दुर्भाग्यपूर्ण मृत्यु हो जाने पर उनके आश्रित परिवारजनों को इएसआइ योजना के तहत वेतन का 90% तक मासिक आश्रित पेंशन दिया जाता है।

# सरपंच पद के उपचुनाव में प्रीति ने मारी बाजी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अकोढ़ीगोला।** डिहरी प्रखंड के आदर्श ग्राम पंचायत दरिहट में सरपंच पद का उपचुनाव के मतगणना परिणाम शुक्रवार को करीब 11 बजे से प्रखंड के सभागार में घोषित किया गया जिसमें मिठ्ठू सिंह की भाभी प्रीति सिंह सरपंच पद पर जीत दर्ज की है। इस सीट पर उपचुनाव लगभग 16 माह बाद बुधवार को सम्पन्न हुआ था जिसका परिणाम शुक्रवार को घोषित किया गया जहां बीडीओ अजित कुमार ने सरपंच पद से जीत का प्रमाण पत्र दिया। बताते चलें कि चुनाव मैदान में दो उम्मीदवार थे। प्रीति सिंह एवं किरण देवी जिसमें प्रीति सिंह ने सर्वाधिक 2801 मत हासिल किए। वहीं निकटतम प्रतिद्वंद्वी किरण देवी को कुल 1144 वोट मिले जहां किरण देवी को 1657 वोट से हार को स्वीकार करना पड़ा। इस तरह 1657 मतों से प्रीति सिंह की जीत दर्ज हुई। भारी मतों से जीत के बाद प्रखंड कार्यालय से जन समर्थकों का काफिला दरिहट पहुंचा जहां प्रीति सिंह दरिहट पहुंचे ही दुर्गा मंदिर में सिर झुका कर आशीर्वाद मांगी। इसके बाद मिठ्ठू सिंह अपनी भाभी प्रीति सिंह के साथ पूरे पंचायत का भ्रमण किया जहां ग्रामीणों ने ढोल नगाड़े के साथ कई जगहों पर उनका स्वागत किया। वहीं खुशी में पटाखे फोड़े जा रहे थे। मिठाइयां बांटी जा रही थी। वहीं प्रीति सिंह ने पूरे पंचायत का भ्रमण कर लोगों से आशीर्वाद मांगी। इस दौरान मिठ्ठू सिंह ने सभी ग्रामवासियों का आभार व्यक्त किया। विदित हो कि मिठ्ठू सिंह की पत्नी सुनीता देवी 30 अक्टूबर 2021 को पंचायत चुनाव में सरपंच पद से विजई हुई थी जिसके बाद तत्कालीन बीडीओ पुरूषोत्तम त्रिवेदी ने जीत का प्रमाण पत्र दिया था, लेकिन सुनिता देवी को डेंगू के काटने से उनकी तबियत खराब हुई और इलाज के दौरान उनकी 29 मार्च 2024 को मौत हो गई जहां सुनीता 29 माह तक सरपंच की कुर्सी पर विद्यमान रही। लोग उनके कार्यों को आज भी याद करते हैं। सरपंच की कुर्सी खाली रखने के बाद चुनाव आयोग ने उपचुनाव लगभग 16 महीने बाद कराई जहां दो उम्मीदवारों ने पर्चा दाखिल किया था जहां दूसरी बार सरपंच की सीट मिठ्ठू सिंह के खाते में पुनः शामिल हो गया। वही प्रीति सिंह ने कही कि हर संभव मैं दरिहट पंचायत की सेवा करूंगी। इस मौके पर विवेक कुमार सिंह, संजीव कुमार उर्फ गुड्डू (मुखिया प्रतिनिधि), कृष्णा पासवान (उपसरपंच), अशोक पाल, सूर्यमणि सिंह, जयकिशन पाल, मंटू पाल, राजेश पाण्डेय, कपिल महतो, रंजीत पाल, असगर अंसारी, व्हाब अंसारी, बबलू गोस्वामी, धर्मेंद्र पाल, सूर्यकांत पाल सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे।



## दो अभियुक्त गिरफ्तार, गये जेल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अकोढीगोला।** थाना क्षेत्र के दयाल फॉर्म की विवादित जमीन पर मारपीट के बाद हुई गोलीबारी की घटना में शामिल दो नामजद को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इस संबंध में थानाध्यक्ष प्रमोद कुमार ने बताया कि सुपा बिगहा निवासी महेश सिंह एवं दीनानाथ पासवान को गोलीबारी करने के आरोप में गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। उन्होंने बताया कि इस काण्ड की गंभीरता को देखते हुए काण्ड में संलिप्त नामजद अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी दो वंदना के नेतृत्व में विशेष पुलिस टीम का गठन किया गया था। तकनिकी सहायता के लिए जिला आसूचना इकाई की टीम को भी शामिल किया गया।

## गर्भवती महिला की मौत के मामले में प्राथमिकी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**काराकाट(रोहतास)।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत गोड़ारी स्थित जनता हॉस्पिटल के चिकित्सक के विरोध में मृतका के पति जयश्री निवासी विनोद प्रसाद, पिता सुरेश प्रसाद ने काराकाट थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है। दर्ज प्राथमिकी में कहा कि मैं घर पर नहीं था, हैदराबाद में काम करता हूं, वहीं पर गया था। घर पर कोई नहीं था। मैं अपनी पत्नी को गोड़ारी के रहने वाले राहुल कुमार व मेरे मौसा का लड़का है, हॉस्पिटल में प्रसव के लिए ले जाने को फोन द्वारा कहा। राहुल आशा को घर पर बुलाकर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र (काराकाट) में इलाज के लिए ले गया वहां के डॉक्टरों ने बोला कि इनका सरकारी में इलाज नहीं होगा, प्राइवेट हॉस्पीटल में ले जाओ, तो वह जनता हॉस्पीटल में मरीज को इलाज के लिए ले गया। वहां उपस्थित एक राजदेव नाम का व्यक्ति बताया कि मैं यहां डॉक्टर हूं। गर्भवती महिला की स्थिति को देखकर कहा कि ऑपरेशन करना पड़ेगा और खून भी चढ़ना पड़ेगा। डॉ.राजदेव ने मरीज का ऑपरेशन कर दिया। बच्चा तो सुरक्षित निकाल दिया, इसके बाद रोगी का हालात बिगड़ने लगी तब उसने किसी से वीडियो कॉल पर बात करते हुए कोई इंजेक्शन लगाया। इंजेक्शन लगाने के बाद मरीज की हालत और बिगड़ गई। फिर डाक्टर ने किसी दूसरे अस्पताल में लेकर जाने को कहा। आनन-फानन में सरकारी हॉस्पीटल (काराकाट में) लेकर गया।

# विश्व जनसंख्या दिवस मनाया गया

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** स्थानीय शिवगंज स्थित पीएम श्री मध्य विद्यालय में विश्व जनसंख्या दिवस शुक्रवार को मनाया गया। जनसंख्या दिवस का आयोजन थीम युवाओं को सशक्त बनाना ताकि वे न्यायपूर्ण और आशावादी दुनिया में अपने पसंद के परिवार बना सके। छात्रों ने विश्व जनसंख्या दिवस पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए पेंटिंग बनाई इसमें भाग लेने वाली छात्रा लक्ष्मी कुमारी, साक्षी सुमन, अंशिका कुमारी, प्रीति कुमारी, वैष्णवी कुमारी, रवि कुमार, राकेश कुमार, जय कुमार ने अपनी भूमिका को निभाया। प्रधानाध्यापक संजय कुमार ने छात्रों को संबोधन में बताया कि प्रत्येक वर्ष 11 जुलाई को विश्व जनसंख्या दिवस मनाई जाती है। भारत पूरे विश्व में जनसंख्या में दूसरे दूसरे स्थान पर है। चीन जनसंख्या के मामले में पूरे विश्व में प्रथम स्थान पर है यह एक चिंताजनक बात है। हमें जनसंख्या को नियंत्रण करना होगा। जनसंख्या बढ़ने पर संसाधनों की कमी पर्यावरण संकट बेरोजगारी तथा जीवन स्तर में कमी होती है। महिलाओं को जागरूक करके हम जनसंख्या को नियंत्रित कर सकते हैं। वहीं विद्यालय के विज्ञान शिक्षक सतीश कुमार ने बच्चों को बताया कि जनसंख्या नियंत्रण वित्तीय योजना परिवार के भविष्य को सुरक्षित और स्थिर बनाने में सहायता प्रदान करती है। विद्यालय की शिक्षिका आयुषी गौतम ने छात्रों को बताया कि जनसंख्या नियंत्रण का मुख्य उद्देश्य परिवार नियोजन के प्रति लोगों में जागरूकता फैलाना है। मौके पर विद्यालय की शिक्षक-शिक्षिका उपस्थित थी।



## युवक-युवती का शव मिलने से सनसनी, हत्या की आशंका

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**चेनारी (रोहतास)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत उगहनी घाट के पास जंगल में शुक्रवार को उस समय सनसनी फैल गई जब स्थानीय लोगों ने युवक और युवती का सड़ा-गला शव देखा। घटना की सूचना पर चेनारी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सासाराम सदर अस्पताल भेज दिया। शवों की स्थिति अत्यंत खराब है और देखने से प्रतीत होता है कि घटना को कई दिन बीत चुके हैं। पुलिस ने आसपास के जंगल में सघन तलाशी अभियान भी चलाया, लेकिन मौके से कोई पहचान से संबंधित दस्तावेज, मोबाइल या आइडी कार्ड बरामद नहीं हो सका है। इससे शवों की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है। इस संबंध में थानाध्यक्ष रंजन कुमार ने बताया कि दोनों शवों को पहाड़ से नीचे उतरवाकर पोस्टमार्टम के लिए सासाराम सदर हॉस्पिटल भेजा गया है। उन्होंने कहा कि प्रथम दृष्टि से हत्या की आशंका लग रही है। हालांकि वास्तविक कारण का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के बाद ही हो सकेगा। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है और मृतकों की पहचान सुनिश्चित करने का प्रयास किया जा रहा है।

## छोटा परिवार-सुखी संसार का संदेश लेकर उतरे नारायण मेडिकल कालेज के चिकित्सक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सासाराम।** विश्व जनसंख्या दिवस के मौके पर नारायण मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल जमुहार सासाराम के सामुदायिक औषधि विभाग द्वारा शहरी स्वास्थ्य प्रशिक्षण केन्द्र सासाराम तथा ग्रामीण स्वास्थ्य प्रशिक्षण केंद्र अकोढ़ीगोला के आंगनबाड़ी में जनसंख्या नियंत्रण जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम में पुरुषों एवं महिलाओं, विशेषकर 20-35 वर्ष की महिलाओं को जनसंख्या नियंत्रण, परिवार नियोजन और स्वस्थ जीवनशैली के बारे में जानकारी दी गई। जनसंख्या विस्फोट से होने वाले नुकसान पर विशेष ध्यान दिया गया जैसे कि प्राकृतिक संसाधनों की कमी होना, स्वस्थ व्यवस्थाओं पर अधिक भार बढ़ना, प्रदूषण में वृद्धि होना, बेरोजगारी का बढ़ना, जीवनशैली के स्तर में गिरावट आना जैसी तमाम परिस्थितियों के बारे में बात की गई। कार्यक्रम में नारायण मेडिकल कालेज एवं अस्पताल के डॉक्टरों ने महिलाओं को छोटा परिवार-सुखी परिवार का महत्व बताया तथा सरकार द्वारा चल रहे 'हम दो हमारे दो' जैसे मुहिम पर प्रकाश डाला।

बताया गया कि पहला बच्चा शादी के तीन साल बाद और दो बच्चों में 3 साल का अंतराल रखना जरूरी है ताकि जच्चा और बच्चा दोनों स्वस्थ हों।




# सड़क पार कर रही शिक्षिका को ट्रक ने रौंदा, मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कुदरा।** शहर के आरोबी के पास फोरलेन सड़क पार कर रही शिक्षिका को अनियंत्रित ट्रक ने रौंद दिया। घटना में शिक्षिका की दर्दनाक मौत हो गई। शिक्षिका घर जाने के लिए बस पकड़ने के लिए फोरलेन सड़क पार कर रही थी। हादसे के बाद कुछ देर के लिए फोरलेन सड़क जाम हो गया। सूचना पर पहुंची एनएचएआई व पुलिस की टीम ने सड़क से जाम हटवाया। पुलिस ने घटना की सूचना परिजनों को देने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भभुआ भेज दिया। घटना के सम्बंध में बताया जाता है कि शिक्षिका आशा कुमारी पति चंद्रशेखर सिंह यूपी के गाजीपुर जिला के दिलदार नगर की निवासी थी। वह टेन प्लस टू हाई स्कूल जहानाबाद में शारीरिक शिक्षिका थीं। आशा कुमारी हर दिन की तरह शुक्रवार को शाम चार बजे स्कूल बंद होने पर स्कूल से घर जाने के लिए सासाराम की तरफ जाने वाली यात्री बस पकड़ने जा रही है। उसी समय सासाराम की तरफ से आ रहे अनियंत्रित ट्रक ने शिक्षिका को रौंद दिया। घटना के बाद ट्रक चालक ट्रक लेकर भाग निकला। बताया जाता है कि आशा कुमारी सासाराम के पास पायलट बाबा धाम से आती जाती थी। स्कूल के शिक्षकों ने बताया जाता है कि पायलट बाबा के महंत आशा कुमारी के भाई हैं।

## बाइक सवार पर पत्थर से हमला, प्राथमिकी दर्ज

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अकोढीगोला।** बाजार स्थित सिनेमा हॉल के समीप डिहरी-राजपुर पथ पर एक बाइक सवार पर गुरुवार की शाम लगभग चार बजे एक युवक ने जोरदार पत्थर से हमला कर दिया जिससे बाइक सवार बुरी तरह जख्मी हो कर सड़क पर गिर कर छटपटाने लगा। आरोपी पत्थर मारकर घटनास्थल से फरार हो गए। राहगीरों ने इसकी सूचना परिजन को दिया। परिजन घटना स्थल पर पहुंच कर जख्मी युवक को इलाज के लिए डिहरी के निजी हॉस्पिटल में ले गए। उसके बाद परिजन ने पुलिस को लिखित आवेदन देकर गुहार लगाई। इस संबंध में थानाध्यक्ष प्रमोद कुमार ने बताया कि गोपीगढ़ निवासी विनय कुमार अपनी बाइक से गांव से बाजार आ रहे थे कि मधुराम निवासी विवेक कुमार किसी बात को लेकर बाइक सवार पर पत्थर से हमला कर दिया। बाइक सवार की सीने में काफी चोट लगने के कारण बाइक से नीचे गिर कर छटपटाने लगा। सूचना पर परिजन मौके पर पहुंच कर इलाज के लिए निजी हास्पिटल ले गए।

## मुकेश साहनी पहुंचे राजू चौधरी के घर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** रोहतास जिले के डिहरी ऑन सोन के वीआईपी पार्टी के युवा नेता राजू चौधरी भाई के निधन उपरांत शोकाकुल परिजनों से मुलाकात कर शोक-संवेदना व्यक्त की। उनकी मां से मिलकर ढांढस बंधाया।

## प्राइवेट स्कूल एंड राष्ट्ररत्न एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष बने अरविंद भारती, बधाइयों का तांता

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** प्राइवेट स्कूल्स एंड राष्ट्ररत्न एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ मधेश्वर सिंह और प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश कुमार भाजपा नेता दिनारा ने अरविंद भारती को रोहतास के जिलाध्यक्ष बनने पर दी बधाई। अखिलेश कुमार, बस्तीपुर आर एस के पब्लिक स्कूल के निदेशक आनंद सिंह ने बताया कि अरविन्द भारती को जिलाध्यक्ष बनने पर जुडिशियल मजिस्ट्रेट अर्चना कुमारी अंचलाधीकारी संजय कुमार, निर्वाचन पदाधिकारी संतोष कुमार सिंह, उप रजिस्ट्रार योगेश त्रिपाठी और बार एसोसिएशन अध्यक्ष मनोज अज्ञानी ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मनित किया यह बहुत ही गौरव की बात है। उन्होंने यह भी कहा कि एसोसिएशन के विस्तार के लिए जिला के लगभग सभी स्कूलों ने समर्थन किया और कहा कि डिहरी के स्कूल संचालक प्रशांत कुमार, समीर कुमार, आनंद सिंह, संजय कुमार, दीपक कुमार, उमेश शुक्ला और हरि शर्मा ने सभी संगठन के विस्तार पर सहमति जताई है और कहा कि जो शिक्षक विद्यालय में बेहतर कार्य करते हैं उन्हें सम्मान समारोह कर उन्हें सम्मानित किया जाएगा।

## डिहरी में रोजगार संवाद कार्यक्रम आयोजित

### तेजस्वी यादव की योजनाओं पर हुई चर्चा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** शहर के नागा आश्रम पाली रोड में राष्ट्रीय जनता दल द्वारा रोजगार संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अमरेंद्र पाल ने की जबकि मंच संचालन विनय चंचल ने किया। इस रोजगार संवाद कार्यक्रम में डिहरी विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों से आकर मतदाताओं और स्थानीय नागरिकों ने तेजस्वी यादव द्वारा बिहार की जनता के लिए घोषित प्रमुख योजनाओं और वादों पर विस्तार से चर्चा की गई। इनमें महिलाओं के लिए मईया-बहिनिया योजना के तहत हर महीने 2500 की सहायता, गरीब परिवारों को 500 में गैस सिलेंडर, 200 यूनिट तक मुफ्त बिजली, वृद्धावस्था और सामाजिक सुरक्षा पेंशन को 400 से बढ़ाकर 1500 करना तथा प्रदेश में 20 लाख नए रोजगार सृजित करने जैसी योजनाएं शामिल हैं। बैठक में मौजूद वक्ताओं ने इन योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाने और आमजन तक सही जानकारी देने की आवश्यकता पर बल दिया। अमरेंद्र पाल ने कहा कि सरकार की इन योजनाओं और गरीबों के हक की आवाज को हम गांव-गांव और घर-घर तक पहुंचाएंगे। विनय चंचल ने कहा इस तरह की जनहितकारी सोच से बिहार की जनता को निश्चित रूप से बहुत लाभ मिलेगा और प्रदेश में विकास को नई दिशा मिलेगी। वहीं राजद अति पिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव गुड्डू चंद्रवंशी ने कहा राष्ट्रीय जनता दल हमेशा से गरीबों का मसीहा रहा है। लालू प्रसाद यादव ने गरीबों को हक दिलाया और अब उनके पुत्र तेजस्वी यादव भी गरीबों के हित में ऐसी योजनाएं लेकर आए हैं। ऐसे नेता को बिहार का मुख्यमंत्री बनाना चाहिए। बैठक में राष्ट्रीय जनता दल के वरिष्ठ नेता अधिवक्ता नंद केश्वर सिंह राजद राज्य परिषद के सदस्य हरेराम सिंह, अकोढ़ी गोला प्रखंड अध्यक्ष बेस लाल सिंह, निजाम अंसारी धनजी यादव, ददन सिंह, पूर्व नगर अध्यक्ष धनंजय यादव, पूर्व पार्षद तपेश्वर सिंह, अख्तर अंसारी, कमला देवी, सोनू यादव, मुन्ना यादव, नगर अध्यक्ष शशि यादव, जितेंद्र यादव सहित नए एवं पुराने कार्यकर्ता बड़ी संख्या में शामिल हुए और सभी ने मिलकर पार्टी की नीतियों और वादों को अधिक से अधिक जनता तक पहुंचाने का संकल्प लिया।




## आज शहर में चार घंटे विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कुदरा।** शहर में आज शनिवार को दस बजे से दो बजे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। इसकी जानकारी देते हुए स्थानीय सहायक अभियंता राजेश कुमार ने बताया कि बिजली के तार से स्पर्श हो रहे पेड़ों के डाली की कटाई व छटाई के चलते बिजली बाधित रहेगी। उन्होंने बताया कि बारिश व आंधी आने पर इन पेड़ों के डाली के स्पर्श से बिजली बाधित हो जाती है। बिजली के तार से स्पर्श हो रहे पेड़ों की डाली के कटाई छटाई के बाद मौसम खराब होने पर भी बिजली बाधित होने की आशंका कम हो जाती है।

## पूरे डीडीयू मंडल में चला सघन टिकट चेकिंग अभियान

### 15 सौ व्यक्ति धराए, नौ लाख रुपए का हुआ राजस्व अर्जन



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** डीडीयू मंडल द्वारा पूर्व निर्धारित टिकट चेकिंग मेगा ड्राइव के आलोक में डीडीयू, गया, सासाराम, डिहरी ऑन-सोन, अनुग्रह नारायण रोड, भभुआ एवं जपला आदि स्टेशन पर फोर्ट्रेस चेक करने का निर्णय लिया गया था जिसमें मंडल के समस्त स्क्वाड-स्टैटिक एवं स्लीपर के टिकट जांच कर्मी, वाणिज्य निरीक्षक/पर्यवेक्षक उपस्थित रहे। मुख्यतः बक्सर -डीडीयू खंड, वाराणसी- डीडीयू, सासाराम - डीडीयू, आरा- सासाराम खंड, गढ़वा रोड- डिहरी ऑन-सोन, किउल- गया, गोमो-गया एवं पटना-गया खंड से आने एवं जानेवाली सभी ट्रेनों को लक्ष्य कर गहन जांच किया गया जिसमें प्रीमियम एवं मेल/एक्सप्रेस के साथ-साथ पेसेंजर ट्रेन को भी चेक किया गया तथा बिना टिकट/अनुचित टिकट पर यात्रा करते हुए पकड़े गए व्यक्तियों से नियमानुसार जुर्माने की राशि वसूल की गयी। सभी स्टेशनों पर किलाबंदी जांच कर बिना टिकट/अनियमित टिकट पर यात्रा करने वालों को नियमित टिकट लेकर चलने हेतु प्रेरित किया गया।


**Office of the Executive Engineer**
**Road Construction Department**
**Road Division, Garhwa**

**e-Procurement Notice**

Tender Reference No. : RCD/GARHWA/761/2025-26
Date:-11.07.2025

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of the work | Special repair work of Bhandariya (Marda More)-Madgadi Road(L-15.548 km) for the year of 2025-26 under R.C.D., Road Division, Garhwa |
| 2. | Estimated Cost (Rs.) | Rs. 1,00,00,000.00 (One Crore) only. |
| 3. | Bid Security (Amount) | Rs. 2,00,000.00 (Two Lacs Only) |
| 4. | Time of Completion | 03 Months. |
| 5. | Date of Publication of Tender on website | 18.08.2025 from 10.30 A.M. |
| 6. | Last date/Time for receipt of bids | 08.09.2025 Up to 12.00 Noon |
| 7. | Name & address of office Inviting tender | Executive Engineer, RCD, Road Division, Garhwa |
| 8. | Contact no. of Procurement officer | 06561-295161 |
| 9. | Helpline number of e-Procurement cell | 0651-2401010 |

Note :-
(1) The Bid Amount & Bid security Amount may decrease or increase.
(2) Contractor registered under R.C.D Jharkhand and also registered in **UCAN PORTEL** can only participate in this tender.
***Further details can be seen on website*** http://jharkhandtenders.gov.in

**Executive Engineer,**
**Road Construction Department,**
**Road Division, Garhwa**

PR 357095 Road (25-26)_D



**कार्यालय जिला ग्रामीण विकास शाखा, गढ़वा**

**प्रेस विज्ञप्ति**

मनरेगा अंतर्गत क्रियान्वित योजनाओं में जे.सी.बी. मशीन से कार्य कराना पूर्णतः वर्जित है एवं मनरेगा मार्गदर्शिका में निहित प्रावधानों का उल्लंघन है। गढ़वा जिला अंतर्गत सभी जे.सी.बी. मालिक को सूचित किया जाता है कि किसी भी परिस्थिति में अपना जे.सी.बी. मशीन का प्रयोग मनरेगा अंतर्गत क्रियान्वित योजनाओं में नहीं करेंगे। यदि कोई भी जे.सी.बी. मशीन मनरेगा योजना में कार्यरत पाया जाता है तो संबधित जे.सी.बी. मशीन एवं मालिक पर प्राथमिकी दर्ज कराते हुए अग्रेतर कारवाई की जाएगी।

उपायुक्त–सह–
जिला कार्यक्रम समन्वयक, गढ़वा

PR 357044 Rural Development(25-26)#D



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, गढ़वा**

**निविदा आमंत्रण सूचना (वर्ष 2025–26)**

निविदा आमंत्रण सूचना संख्या– पथ/गढ़वा/759/2025–26 (गै0यो0) दिनांक–11.07.2025

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता | : | कार्यपालक अभियंता, पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, गढ़वा। |
| 2 | परिमाण विपत्र की बिक्री की तिथि एवं समय | : | दिनांक **08.08.2025** को 12.00 बजे से दिनांक **26.08.2025** तक 3.00 बजे अपराह्न तक। (कार्यालय अवधि में) |
| 3 | निविदा प्राप्त करने की तिथि एवं समय | : | दिनांक **29.08.2025** को **3.00** बजे अपराह्न तक। |
| 4 | निविदा खोलने की तिथि एवं समय | : | दिनांक **29.08.2025** को 3.30 बजे अप0 के बाद। |
| 5 | परिमाण विपत्र (निविदा कागजात) की बिक्री का स्थान | : | (1) मुख्य अभियंता (यातायात) का कार्यालय, पथ निर्माण विभाग, झारखण्ड राँची, प्रथम तल्ला, अभियंत्रण छात्रावास सं0–2, धुर्वा, रांची। (2) आरक्षी अधीक्षक, पलामू के कार्यालय परिसर में अधीक्षण अभियंता, प0नि0वि0, पथ अंचल डालटनगंज से प्रतिनियुक्त पदाधिकारी के द्वारा। (3) कार्यपालक अभियंता, प0 नि0 वि0, पथ प्रमण्डल गढ़वा के कार्यालय परिसर में प्रतिनियुक्त पदाधिकारी के द्वारा। |
| 6 | निविदा प्राप्त करने एवं खोलने का स्थान | : | क्रमांक 5 (पांच) में उल्लेखित कार्यालयों में निर्धारित स्थानों पर |
| 7 | कार्य का विवरण :– | | |

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि (रू0 में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू0 में) | कार्य समाप्ति की अवधि | संवेदक की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1. | रमकण्डा–भंडरिया पथ (कुल लंबाई 14.648 कि0मी0) का साधारण मरम्मति कार्य। | 40.00 | 80,000.00 | 5,000.00 | 03 माह | तृतीय अथवा द्वितीय श्रेणी |
| 2. | रंका–चिनियाँ पथ के 14वें कि0मी0 में लगभग 1 कि0मी0 में विशेष मरममति कार्य। | 30.00 | 60,000.00 | 5,000.00 | 02 माह | तृतीय अथवा द्वितीय श्रेणी |
| 3. | NH-39 (शंखा से खजुरी पथ) तथा गढ़वा–चिनियाँ पथ के बीच स्थित लिंक पथ (विरेन्द्र तिवारी मार्ग) का विशेष मरम्मति कार्य। | 25.00 | 50,000.00 | 5,000.00 | 02 माह | तृतीय अथवा द्वितीय श्रेणी |
| 4. | भण्डरिया–टिहरी भाया बड़गड़ पथ के 28वें कि0मी0 में 2.5 मी0 x 2 मी0 का आर0सी0सी0 पुलिया का पुर्नस्थापन कार्य। | 20.00 | 40,000.00 | 5,000.00 | 02 माह | तृतीय अथवा द्वितीय श्रेणी |
| 5. | गोदरमाना निरीक्षण भवन पहुंच पथ के पास 70 मी0 में पी0सी0सी0 पथ एवं 610 मी0 आर0सी0सी0 नाली का निर्माण कार्य। | 50.00 | 1,00,000.00 | 5,000.00 | 03 माह | तृतीय अथवा द्वितीय श्रेणी |
| 6. | चैनपुर–रमकण्डा पथ के 26वें कि0मी0 में 110 मी0 का गार्डवॉल निर्माण कार्य। | 30.00 | 60,000.00 | 5,000.00 | 03 माह | तृतीय अथवा द्वितीय श्रेणी |
| 7. | खरसोता मोड़ से कसनप पथ के खरखोता मोड़ पर 400 मी0 में आर0सी0सी0 नाली निर्माण कार्य। | 30.00 | 60,000.00 | 5,000.00 | 03 माह | तृतीय अथवा द्वितीय श्रेणी |
| 8. | पथ अवर प्रमण्डल, नगरउंटारी अंतर्गत निरीक्षण भवन का सुसज्जीकरण एवं सौदर्यीकरण कार्य। | 5.00 | 10,000.00 | 750.00 | 02 माह | चतुर्थ अथवा तृतीय श्रेणी |
| 9. | गोदरमाना निरीक्षण भवन का साज–सज्जा, चाहरदीवारी की मरम्मति कार्य। | 10.00 | 20,000.00 | 1,250.00 | 02 माह | चतुर्थ अथवा तृतीय श्रेणी |
| 10. | प्रमण्डलीय कार्यालय के ग्राउंड फ्लोर में अवस्थित कार्यपालक अभियंता का कक्ष एवं अन्य कक्षों के साथ प्रमण्डलीय जाँच प्रयोगशाला का जिर्णोद्धार कार्य। | 10.00 | 20,000.00 | 1,250.00 | 02 माह | चतुर्थ अथवा तृतीय श्रेणी |
| 11. | पथ प्रमण्डल, गढ़वा अंतर्गत आवासीय परिसर में नाली निर्माण, पेभर ब्लॉक एवं बाउंड्री वॉल निर्माण कार्य। | 10.00 | 20,000.00 | 1,250.00 | 03 माह | चतुर्थ अथवा तृतीय श्रेणी |
| 12. | केतार–कांडी पथ में क्रैश बैरियर अधिष्ठापन का कार्य। | 30.00 | 60,000.00 | 5,000.00 | 01 माह | तृतीय अथवा द्वितीय श्रेणी |
| 13. | नगरउंटारी–भवनाथपुर–खरौंधी–उ0प्र0 डाला पथ के बाजार भाग में पेभर ब्लॉक कार्य। | 40.00 | 80,000.00 | 5,000.00 | 02 माह | तृतीय अथवा द्वितीय श्रेणी |
| 14. | रंका–चिनियाँ पथ के 7वें एवं 20वें कि0मी0 में 310 मी0 का क्रैश बैरियर का निर्माण कार्य। | 10.00 | 20,000.00 | 1,250.00 | 01 माह | चतुर्थ अथवा तृतीय श्रेणी |

नोटः(1) निविदा की राशि घट–बढ़ सकती है।
(2) **UCAN Portal** में निबंधित संवेदक हीं निविदा में भाग ले सकते हैं।
(3) निविदा की शर्तें **www.jharkhand.gov.in** एवं कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

**कार्यपालक अभियंता,**
**प0नि0वि0, पथ प्रमण्डल, गढ़वा**

PR 357099 (Road)25-26*D

# मुख्यमंत्री ने बढ़ी हुई दर पर पेंशन राशि का किया ऑनलाइन अंतरण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**





**नवादा।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं के लाभार्थियों को बढ़ी हुई दर (400 से 1100 प्रतिमाह) पर पेंशन राशि का ऑनलाइन अंतरण शुक्रवार को किया गया। इस ऐतिहासिक कार्यक्रम का सीधा प्रसारण नवादा समाहरणालय स्थित डीआरडीए सभागार समेत जिले के विभिन्न स्तरों पर किया गया।

जिले में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में नगर विकास एवं आवास विभाग के मंत्री तथा नवादा के प्रभारी मंत्री जीवेश कुमार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उनका स्वागत जिला पदाधिकारी रवि प्रकाश द्वारा पौधा भेंट कर किया गया। मौके पर प्रभारी सहायक निदेशक, जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग अमरनाथ कुमार ने भी पौधा भेंट कर अतिथियों का अभिनंदन किया। जिलाधिकारी ने अपने संबोधन में जानकारी दी कि नवादा जिले में छह प्रमुख पेंशन योजनाओं के तहत कुल 2,53,034 लाभुकों को 27.96 करोड़ की राशि डीबीटी (डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर) के माध्यम से भेजी गई है। इनमें वृद्धजन, विधवा, दिव्यांगजनों सहित विभिन्न पात्र वर्गों के पेंशनधारी शामिल हैं।

प्रभारी मंत्री जीवेश कुमार ने इस पहल को मुख्यमंत्री की संवेदनशीलता और सामाजिक न्याय के प्रति प्रतिबद्धता का प्रतीक बताया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पेंशनधारियों की गरिमा और आत्मनिर्भरता को ध्यान में रखते हुए राशि को तीन गुना तक बढ़ाया है। अब राज्य के 1.11 करोड़ पेंशनधारियों को प्रतिमाह 1100 की राशि मिलेगी।

मंत्री के संबोधन के बाद उपस्थित लाभार्थियों को पेंशन योजनाओं पर आधारित दो डॉक्यूमेंट्री फिल्में दिखाई गईं। इसके बाद मुख्यमंत्री का संदेश पढ़कर सुनाया गया। मुख्यमंत्री द्वारा राज्य भर के 1,11,19,949 पेंशनधारियों को 12,27,27,38,000 की राशि डीबीटी के माध्यम से हस्तांतरित की गई। कार्यक्रम का सीधा प्रसारण नवादा जिले के लगभग 2800 स्थलों–जिला मुख्यालय, प्रखंड कार्यालय, पंचायत भवन, राजस्व ग्राम और वार्ड स्तर तक किया गया, जहां बड़ी संख्या में लाभार्थियों ने सहभागिता की। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त प्रियंका रानी, अपर समाहर्ता डॉ. अनिल कुमार तिवारी, एसडीओ अमित अनुराग, स्थापना प्रभारी डॉ. राज कुमार सिन्हा, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (आईसीडीएस) निरूपमा शंकर सहित कई पदाधिकारी तथा पेंशनधारी लाभुक उपस्थित रहे।

# मोबाइल छिनतई कांड का उद्भेदन

## दो अभियुक्त गिरफ्तार, मोबाइल और बाइक बरामद

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**बिहारशरीफ।** पावापुरी ओपी अंतर्गत राइफल मोड़ हाइवे के पास हुई मोबाइल छिनतई की घटना का पुलिस ने त्वरित उद्भेदन करते हुए दो आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने उनके पास से छिना गया मोबाइल और एक पल्सर बाइक भी बरामद किया है। राजगीर डीएसपी सुनील कुमार सिंह ने बताया कि 6 जुलाई की रात पटना जिला के दुल्हन बाजार थाना क्षेत्र के सदाबेह निवासी राजकुमार यादव के पुत्र धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि दो बदमाश बाइक पर सवार होकर आते और मोबाइल झपट्टा मार कर फरार हो गए। मामला दर्ज होने के बाद तकनीकी अनुसंधान के आधार पर पुलिस ने छिनतई किए गए मोबाइल फोन की लोकेशन ट्रैक कर कार्रवाई की। इस क्रम में दीपनगर क्षेत्र से दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों में विजवनपर निवासी राज्बल्लभ कुमार और महानन्दपुर निवासी सरगम कुमार है। पुलिस ने इस दोनों के पास से लूटी गई मोबाइल और बाइक बरामद किया है। छापेमारी दल में सर्किल इंस्पेक्टर मनीष भारद्वाज, थानाध्यक्ष गौरव कुमार सिंह, दरोगा भावना कुमारी, प्रमोद कुमार सिंह, अंजन कुमार राय, जीत राज नाग शमिल थे।

# जनता दरबार में कई समस्याओं का मौके पर निपटारा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**नवादा।** आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान के उद्देश्य से शुक्रवार को समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में जनता दरबार का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी रवि प्रकाश के निर्देश पर आयोजित इस दरबार की अध्यक्षता अपर समाहर्ता डॉ. अनिल कुमार तिवारी ने की।

जनता दरबार में जिले के विभिन्न प्रखंडों से आए नागरिकों ने भूमि विवाद, पेंशन, आवास, शिक्षा, स्वास्थ्य, राशन कार्ड और राजस्व से जुड़ी कुल 23 समस्याएं प्रस्तुत कीं। अपर समाहर्ता ने सभी मामलों को गंभीरता से सुना और कई समस्याओं का मौके पर ही समाधान करते हुए पीड़ितों को राहत दी। जनता दरबार में संविदा कर्मियों के मानदेय भुगतान, बंदोबस्ती रद्द करने, परिमार्जन के लौटाए जाने, नलकूप से जलापूर्ति और भूमि विवाद जैसे विषयों पर भी आवेदन प्राप्त हुए। कुछ जटिल मामलों को संबंधित विभागों को निर्देशित करते हुए शीघ्र समाधान हेतु अग्रसारित किया गया। अपर समाहर्ता डॉ. तिवारी ने सभी संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि वे आम जनता की समस्याओं को संवेदनशीलता और प्राथमिकता के साथ लें और निर्धारित समय सीमा के भीतर निष्पादन सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि जनता दरबार सरकार और नागरिकों के बीच संवाद का सेतु है, जिसका उद्देश्य पारदर्शिता और त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करना है। कार्यक्रम के दौरान प्रभारी स्थापना पदाधिकारी डॉ. राजकुमार सिन्हा, जिला जन संपर्क पदाधिकारी अमरनाथ कुमार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# पेट्रोल पम्प लूट की घटना का सफल उद्भेदन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** हरनौत थाना अन्तर्गत पोआरी पेट्रोल पम्पकर्मी से पैसा जमा कराने जाने के दौरान 7 जुलाई को गोनावों पुल के पास एक कार पर चार अज्ञात सवार अपराधकर्मी के द्वारा हथियार का भय दिखाकर 3,87,600 रूपया लुट लेने की घटना घटित हुई थी। मामलों की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक नालंदा के निर्देश पर हरनौत थाना कांड सं 331/25 दर्ज कर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर 2 बिहारशरीफ नांलदा के, नेतृत्व में एसआईटी टीम का गठन कर मानवीय व वैज्ञानिक साक्ष्य के आधार पर कांड का सफल उद्भेदन करते हुए तीन अपराधकर्मी को गिरफ्तार कर घटना में प्रयुक्त कार व लुटा गया 82,960 रूपया नकद एंव लुट की राशि से खरीदा गया लगभग 1 लाख 20 हजार का सोना का चेन व अंगुठी बरामद किया गया है।

# न मैंने दल बदला है, न कभी बदलूंगी : विधायक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**नवादा।** नवादा की राजद विधायक विभा देवी ने शुक्रवार को आयोजित प्रेस वार्ता में स्पष्ट शब्दों में कहा कि उन्होंने न तो कभी दल बदला है और न ही भविष्य में ऐसा कोई इरादा है। उन्होंने कहा कि मैं शुरू से राष्ट्रीय जनता दल की विधायक हूं। आगामी 21 जुलाई से शुरू होने वाले विधानसभा सत्र में भी मैं राजद की सीट पर ही बैठूंगी।

विधायक विभा देवी ने हाल के दिनों में नवादा की राजनीति में आई उथल-पुथल पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि उनके परिवार को बदनाम करने की साजिश रची जा रही है। उन्होंने कहा कि कुछ लोग मेरे पति को फंसा कर हमारी राजनीतिक छवि को नुकसान पहुंचाना चाहते हैं। लेकिन मैं जब से विधायक बनी हूं, पूरी निष्ठा से जनता की सेवा कर रही हूं। न मैं शिकवा करती हूं और न ही शिकायत।

पत्रकारों के सवालों के जवाब में उन्होंने कहा कि पार्टी ने टिकट दिया तो वह राजद के सिंबल से ही चुनाव लड़ेंगी, अन्यथा कार्यकर्ताओं और जनता की राय को सर्वोपरि मानेंगी। उन्होंने कहा कि मेरे ससुर स्व. कृष्ण प्रसाद और मेरे परिवार ने हमेशा राष्ट्रीय जनता दल के लिए काम किया है। कठिन समय में भी हमने पार्टी का साथ नहीं छोड़ा। आज भी मैं पार्टी के साथ खड़ी हूं।

उन्होंने इशारों में कुछ नेताओं पर टिप्पणी करते हुए कहा कि यदि कोई जबरन पार्टी में घुस आए, तो उसे आप क्या कहेंगे?

प्रेस वार्ता में रजौली के विधायक प्रकाश वीर ने भी अपनी बात रखते हुए कहा कि वे राजद के विधायक हैं और पार्टी जो भी निर्णय लेगी, वह उन्हें स्वीकार होगा। उन्होंने कहा कि वे पूरी निष्ठा से जनता के साथ खड़े हैं। इस अवसर पर पूर्व जिला परिषद सदस्य एवं राजद नेता मथुरा यादव ने कहा कि 1990 से लेकर अब तक राजबल्लभ प्रसाद और उनके समर्थक हमेशा राजद के साथ खड़े रहे हैं। कुछ लोग अपनी महत्वाकांक्षा में दल बदल कर पार्टी में घुसना चाहते हैं, लेकिन मुझे भरोसा है कि राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव इस साजिश को समझेंगे और उचित निर्णय लेंगे। उन्होंने आगे कहा कि स्व. कृष्ण प्रसाद और राजबल्लभ प्रसाद ने विपरीत परिस्थितियों में भी पार्टी का झंडा नहीं झुकने दिया। नवादा की जनता सच्चाई जानती है और समय आने पर सही फैसला करेगी।

प्रेस वार्ता में जिला परिषद सदस्य वीणा देवी, जिला परिषद अध्यक्ष के पति कुणाल कुमार सहित कई अन्य राजद कार्यकर्ता और समर्थक उपस्थित थे।

# ललन पासवान बुधौली पंचायत के मुखिया निर्वाचित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पकरीबरावां।** पकरीबरावां प्रखण्ड की बुधौली पंचायत से ललन पासवान मुखिया निर्वाचित हुए हैं। शुक्रवार को प्रखण्ड कार्यालय परिसर स्थित बीआरसी के नए भवन में मतगणना हुआ। मतगणना जिला उद्योग केंद्र नवादा के महाप्रबंधक अमित कुमार विक्रम के पर्यवेक्षण में एवं निर्वाची पदाधिकारी सह प्रखण्ड विकास पदाधिकारी डॉ. मृत्युंजय कुमार एवं सहायक निर्वाची पदाधिकारी सह प्रखण्ड पंचायती राज पदाधिकारी गौरव कुमार की उपस्थिति में हुई। उप चुनाव में मुखिया पद के लिए दो उम्मीदवार थे। सहायक निर्वाची पदाधिकारी ने बताया कि कुल मतदाता 8219 में 4211 मतदाताओं ने मतदान किया। कौशल्या देवी को 1624 एवं ललन पासवान को 2587 मत मिले। इस तरह ललन पासवान ने 963 मतों के अंतर से पराजित किया। निर्वाची पदाधिकारी ने निर्वाचित मुखिया को जीत का प्रमाणपत्र दिया। परिणाम आते ही निर्वाचित मुखिया के समर्थकों ने फूल की माला पहनाकर उनका स्वागत किया। निर्वाचित मुखिया ने अपनी जीत के लिए पंचायत की जनता एवं जिला परिषद सदस्या बच्चन देवी एवं उनके प्रतिनिधि पंकज सिंह के प्रति आभार व्यक्त किया है। उन्होंने अपनी जीत के श्रेय जिला परिषद सदस्या के प्रतिनिधि एवं बुधौली पंचायत की जनता को दिया। कहा कि जिला परिषद सदस्या के प्रतिनिधि ने पूर्ण सहयोग दिया। उन्होंने कहा कि वे पंचायत के विकास के लिए हरसंभव कार्य करेंगे। जीत के तुरंत बाद निर्वाचित मुखिया अपने समर्थकों के साथ मां चामुण्डा स्थान रूपौ पहुंचकर पूजा- अर्चना की। जीत पर पूर्व मुखिया सुधीर यादव सहित अन्य ने उन्हें बधाई दी है।

# दीपनगर लूटकांड का पुलिस ने किया खुलासा

## छह अपराधी चढ़े हत्थे, नकदी और मोबाइल बरामद

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**बिहारशरीफ।** दीपनगर थाना क्षेत्र में बीते 5 जुलाई की रात ट्रेन से उतरकर घर लौट रहे युवक से हुई लूटपाट की घटना का खुलासा पुलिस ने महज तीन दिनों में कर लिया। छापेमारी कर घटना में शामिल सभी छह अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। लूट में प्रयुक्त दो बाइकें के साथ-साथ चार मोबाइल फोन, नकदी और दस्तावेज भी बरामद किए गए हैं। सदर डीएसपी नुरुल हक ने बताया कि पीड़ित अमन आनंद ने 8 जुलाई को दीपनगर थाना पहुंचकर आवेदन दिया था कि वह पटना से अपने गांव लौट रहा था। पावापुरी स्टेशन से उतरने के बाद रात करीब पौने 2 बजे जब वह ओवरब्रिज से गुजर रहा था, तभी दो बाइकें पर सवार पांच अज्ञात अपराधियों ने उसे जबरन बाइक पर बैठाकर विश्वविद्यालय के पास ले गए। वहां उससे मोबाइल, पर्स, आवश्यक दस्तावेज व एक हजार रुपए ऑनलाइन ट्रांसफर करवा लिया गया। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए मामला दर्ज कर तकनीकी अनुसंधान शुरू किया और गुप्त सूचना के आधार पर 10 और 11 जुलाई की रात को विशेष छापेमारी अभियान चलाकर छह अपराधियों को धर-दबोचा। गिरफ्तार अपराधियों में दीपनगर थाना क्षेत्र के विजवनपर मोहल्ला निवासी पप्पु गोप के पुत्र निवास कुमार ,पावापुरी ओपी क्षेत्र के बकरा मोहल्ला निवासी प्रकाश मिस्त्री का पुत्र राहुल कुमार, बिहारशरीफ थाना क्षेत्र के देवकुली घाट मोहल्ला निवासी विनोद प्रसाद का पुत्र अभिषेक कुमार, नकटपुरा मोहल्ला निवासी बढन यादव का पुत्र सन्नी कुमार लहेरी थाना क्षेत्र के गगनदीवान मोहल्ला निवासी देवेन्द्र प्रसाद का पुत्र संतोष कुमार उर्फ रप्सी और पावापुरी ओपी (गिरियक थाना) के पोखरपुर मोहल्ला निवासी मिथिलेश चौधरी का पुत्र विक्रम कुमार है।

# आरोपितों की गिरफ्तारी को ले परिजनों ने लगाई गुहार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** सरमेरा थाना क्षेत्र के गोवाचक स्थित आंगनबाड़ी केंद्र संख्या-18 की सहायिका कलवा देवी की हत्या के 10 दिन बाद भी सभी नामजद आरोपितों की गिरफ्तारी नहीं होने से परिजनों में आक्रोश है। शुक्रवार को मृतका की पुत्री चांदनी कुमारी, धनेश्वर दास, विनोद दास एवं राजेश दास ने सरमेरा थानाध्यक्ष से मिलकर न्याय की गुहार लगाई।

# उप चुनाव में रूपा सिंह बनीं दरावां पंचायत समिति सदस्य पद की विजेता



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कौआकोल।** कौआकोल प्रखण्ड के दरावां पंचायत से रिक्त पंचायत समिति सदस्य पद की मतगणना का परिणाम शुक्रवार को घोषित कर दिया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रखण्ड कार्यालय के सभागार कक्ष में सम्पन्न हुए मतगणना में महापुर गांव निवासी समाजसेवी विनोद सिंह की पत्नी रूपा सिंह ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी प्रमिला देवी को 779 मतों के विशाल अंतर से हरा दिया। रूपा सिंह को जहां 2318 वोट प्राप्त हुए,वहीं प्रमिला देवी महज 1539 वोट ही प्राप्त कर सकी। जीत के बाद विजयी प्रत्याशी को बीडीओ सह प्रखण्ड निर्वाचन पदाधिकारी डॉ. अखिलेश कुमार एवं बीपीआरओ शमा बानो ने संयुक्त रूप से बधाई देते हुए उन्हें प्रमाण पत्र सौंपा। वहीं जीत के बाद विजेता प्रत्याशी रूपा सिंह एवं उनके पति विनोद सिंह को समर्थकों ने फूल मालाओं से लाद दिया तथा गुलाल लगाकर एक दूसरे को जीत की बधाई दी।

# बुधौली में कैम्प लगाकर 61 लोगों का किया गया इलाज

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

पकरीबरावां। पकरीबरावां प्रखण्ड की बुधौली ग्राम पंचायत के बुधौली गांव में शुक्रवार वको हेल्थ कैम्प लगाकर 61 लोगों का इलाज किया गया। सभी लोगों का स्वास्थ्य जांच कर उन्हें जरूरत की दवाएं दी गई। इस दौरान शुगर जांच भी की गई। ईसीजी जांच भी की गई। इसके साथ ही अन्य जांच की भी व्यवस्था है। हेल्थ कैम्प की व्यवस्था से लोगों में काफी खुशी देखी गई। लोगों ने इस व्यवस्था की सराहना की। लोगों को मुफ्त में दवा भी दी गई। बताया गया कि उत्थान शिक्षा समिति को एसबीआई फाउण्डेशन, मुबंई के द्वारा सीएसआर अन्तर्गत बिहार राज्य के नवादा जिला के पकरीबरावां प्रखण्ड के कुल 20 ग्रामों में संजीवनी- क्लीनिक ऑन व्हील परियोजना के क्रियान्वयन हेतु चयन किया गया है। यह जिला एवं प्रखण्ड नीति आयोग के आकांक्षी जिला एवं आकांक्षी प्रखण्ड हैं। परियोजना के अन्तर्गत ग्रामीण समुदाय के बीच जिला प्रशासन, सिविल सर्जन कार्यालय, प्रखण्ड कार्यालय, पीआरआई, स्वास्थ्य कर्मी, समुदाय के सहयोग एवं सहभागिता से ग्रामों का सर्वे, मोबाईल ओपीडी., स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम, स्वास्थ्य जांच शिविर, निःशुल्क दवा वितरण, रेफरल सेवा, स्वच्छ भारत अभियान आदि हेतु कार्य किया जाना है।

# ‘हम दो हमारे एक सबसे अच्छे सबसे नेक’

## विश्व जनसंख्या दिवस पर कार्यक्रम आयोजित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दनियावां (पटना)।** विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर प्रेम यूथ फाउंडेशन की ओर से दनियावां प्रखंड के समीपवर्ती पीएम श्री महादेव उच्च विद्यालय खुसरूपुर में सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन वरीय शिक्षक शिवेंद्र कुमार झा ने किया। उन्होंने जनसंख्या बृद्धि पर चिंता व्यक्त करते हुये कहा कि जिस रफ्तार से भारत की जनसंख्या में बढ़ोतरी हो रही है इसका परिणाम जनसंख्या विस्फोट के रूप में सामने आयेगा। फाउंडेशन के संस्थापक गांधीवादी प्रेम जी ने कहा कि जनसंख्या बृद्धि का सबसे बुरा प्रभाव पर्यावरण पर भी पड़ता है । कुछ लोग धर्म के आधार पर अधिक बच्चे पैदा करते है । भारत मे 70 % महिलाओं में रक्त की कमी है,वे कुपोषण की शिकार हैं। उन्होंने कहा कि हम दो हमारे एक सबसे अच्छे और सबसे नेक। परिवार नियोजन के साधनों का प्रयोग कर हम जनसंख्या नियंत्रण कर सकते हैं। मौके पर प्रधानाचार्य संतोष कुमार, एनसीसी के एनो आशीष आनंद, राष्ट्रपति पदक प्राप्त शिक्षिका निशि कुमारी, राजेश कुमार, कौशल सिंह, अजित तिवारी, सुनील कुमार, अजय राज, रितिक राज वर्मा, विपिन कुमार शर्मा, रंजन कुमार मौजूद रहे।

# ‘मेडिटेशन फोर नेशन’ अभियान को लेकर न्यायिक पदाधिकारियों की बैठक आयोजित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, पटना के निर्देशानुसार मेडिटेशन फोर नेशन अभियान के तहत शुक्रवार को व्यवहार न्यायालय, नवादा के कॉन्फ्रेंस हॉल (लाइब्रेरी) में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रधान जिला न्यायाधीश सह अध्यक्ष, जिला न्यायालय मध्यस्थता केंद्र, नवादा रामाकान्त ने की। बैठक में उन्होंने बताया कि इस 90 दिवसीय विशेष अभियान का उद्देश्य आमजन को अदालत के लंबे प्रक्रिया से राहत दिलाकर मध्यस्थता के माध्यम से त्वरित, सुलभ और सौहार्दपूर्ण समाधान उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि यह पहल संवाद और सहमति आधारित समाधान को प्राथमिकता देती है, जिससे न्यायिक बोझ भी कम होगा और पक्षकारों को समयबद्ध न्याय मिलेगा। रामाकान्त ने बताया कि यह अभियान ऐसे मामलों पर केंद्रित होगा जिनमें समझौते की संभावना अधिक है, जैसे–परिवार विवाद, क्लेम केस, घरेलू हिंसा, चेक बाउंस, उपभोक्ता विवाद, आपराधिक सुलहनीय मामले, संपत्ति बंटवारा, मकान मालिक-भाड़ेदार विवाद, भूमि अधिग्रहण इत्यादि।

उन्होंने बताया कि जुलाई माह में चिन्हित मामलों की सूची तैयार कर पक्षकारों को नोटिस भेजी जाएगी और फिर ये मामले मध्यस्थ अधिवक्ताओं को सौंपे जाएंगे, जो ऑनलाइन, ऑफलाइन या हाइब्रिड मोड में वार्ता के ज़रिए समाधान की दिशा में कार्य करेंगे।

बैठक में जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश (नवम) सह समन्वयक, जिला न्यायालय मध्यस्थता केंद्र, नवादा; सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार; मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी; सभी अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी; अनुमंडल न्यायिक दंडाधिकारी; मुंसिफ; और प्रथम श्रेणी के न्यायिक दंडाधिकारी उपस्थित थे। उपस्थित न्यायिक अधिकारियों में सोनल सरोहा, अनिता कुमारी, आदित्य आनंद, कमरूजमां, निखिल कुमार तथा स्थायी लोक अदालत के पेशकार सुशील कुमार प्रमुख रूप से शामिल रहे। बैठक में सभी अधिकारियों ने इस अभियान को सफल बनाने के लिए समन्वय के साथ कार्य करने की प्रतिबद्धता जताई।


शरीरमाद्यं खलु धर्मसाधनम्

ALL INDIA INSTITUTE OF MEDICAL SCIENCES
ANSARI NAGAR, NEW DELHI – 110 029
EXAMINATION SECTION
ommon Recruitment Examination (CRE) -2025
Advertisement No. 270/2025

**Common Recruitment Examination (CRE)-2025 for Recruitment to the various Group-‘B&C’ posts at Participating AIIMS and Central Government Hospitals under Ministry of Health and Family Welfare.**

Online applications are invited from eligible Indian Citizens for Recruitment to various Group-‘B & C’ posts on the behalf of all participating Institutes/Hospitals with following schedules.

| Online Registration for applications | |
|---|---|
| Start Date | - 10th July, 2025 |
| Close Date | - 31st July, 2025 |
| **Date of Recruitment Examination** | |
| Date of issuing of Admit Card | - Three days before the examination |
| Intimation of exam city of examination center | - One week before the examination |
| Date of Exam | - 25th & 26th August, 2025(Tentative) |

APPLICATION FEES:

A) General/OBC Candidates : Rs.3000/- (Rupees Three Thousand only)
B) SC/ST Candidates/EWS : Rs.2400/- (Rupees Twenty-Four Hundred only)
C) Persons with Disabilities : Exempted

- The candidate can pay the prescribed application fee through DEBIT CARD/CREDIT CARD/NETBANKING. Transaction / Processing fee, if any, as applicable, will be payable to the bank by the candidate.
- Application fee, once remitted, shall not be refunded under any circumstances.
- Applications without the prescribed fee would not be considered and summarily rejected.
- Application Fees of SC/ST candidates who appear in the Examination will be refunded after the declaration of results in due course of time.

Important: For detailed information please visit the website www.aiimsexams.ac.in or respective participating Institute/Hospital.

- Status of application and Admit cards of eligible candidates will only be uploaded on AIIMS website www.aiimsexams.ac.in. If any candidates feel difficulty during submission of application may raise a query by login with credentials on My Page (Dashboard)
- All applicants are required to visit the website regularly since all subsequent Corrigendum/Addendum/Updates will be uploaded in the website only.

cbc17112/12/0018/2526

Sd/-
ASSISTANT CONTROLLER (EXAMS.)


# प्रखंड के विभिन्न गांव में भूमि सर्वेक्षण का सीमाकंन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नारदीगंज,नवादा।** जिला बंदोबस्त पदाधिकारी मनोज कुमार ने शुक्रवार को नारदीगंज अंचल के दलेलपुर, नंदग्राम, लोदीपुर जफरा गांव में ईटीएस मैचिंग से सीमाकंन किया। उन्होंने कार्य को समय सीमा के अंदर पूरा करने के लिए बात कही। इसके अलावा त्रिसीमना कार्य का अवलोकन कर कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस मौके पर राजस्व पदाधिकारी सह कानूनगो अशोक झा, शिविर प्रभारी आकाश राज समेत अन्य अंचल अमीन उपस्थित रहे।


स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस (डी.बी.कॉर्प.लि.), उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, शाहपुर, पटना (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक – कमल किशोर**
नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com

**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865

**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269

# सीएम ने पेंशनधारियों के खाते में बढ़ी राशि का किया अंतरण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**गया।** समाज कल्याण विभाग, बिहार सरकार द्वारा चलाये जा रहे 6 प्रकार के पेंशन योजना का लाभ सभी पेंशनधारियों को 400 रुपए प्रति माह की दर से देय किया जा रहा था। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा ऐतिहासिक निर्णय लेते हुए सभी पेंशनधारियों को पेंशन राशि 400 रुपए से बढ़ाकर 1100 रुपए प्रतिमाह किया गया है। आज समाज कल्याण विभाग द्वारा आयोजित मुख्यमंत्री के कर कमलों से सामाजिक सुरक्षा पेंशनधारियों के बैंक खाते में बढ़ी हुई दर पर राशि अंतरण का कार्यक्रम में बिहार राज्य के सभी पेंशनधारियों को माह जून, 2025 से बढ़ी हुई पेंशन राशि का हस्तांतरण डीबीटी के माध्यम से किया गया। इसी परिप्रेक्ष्य में गया जिला में कार्यक्रम का सीधा प्रसारण रेड क्रॉस सभागार, गया में किया गया। कार्यक्रम में अपर मुख्य सचिव, सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार सह प्रभारी सचिव, गया जिला बी. राजेन्दर की अध्यक्षता में आयोजित की गई। साथ ही गया जिले के जिला मुख्यालय, प्रखण्ड मुख्यालय, ग्राम पंचायत मुख्यालय, राजस्व ग्राम एवं नगर निकाय के वार्ड स्तर पर वृहत पैमाने पर आयोजित कार्यक्रम में सभी पेंशन योजनाओं के पेंशनधारियों ने भाग लिया तथा मुख्यमंत्री द्वारा होने वाले राशि के अंतरण कार्यक्रम का सीधा प्रसारण टी.वी./ लैपटॉप/मोबाइल के माध्यम से जुड़कर देखा एवं सुना गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला पदाधिकारी शशांक शुभंकर द्वारा मुख्यमंत्री का संदेश से अवगत कराया गया। बिहार सरकार की नीति 'न्याय के साथ विकास' पर आधारित है जिसका उद्देश्य समाज के प्रत्येक वर्ग को न्यायसंगत और समान अवसर प्रदान करना है। हमारी यह प्रतिबद्धता है कि विकास का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे। इसी उद्देश्य से राज्य सरकार द्वारा विभिन्न सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं का क्रियान्वयन किया जा रहा है जिनका लक्ष्य समाज के कमजोर वर्गों को सहायता और संबल देना है ताकि उनके आत्मसम्मान में वृद्धि हो एवं उन्हें गरिमापूर्ण जीवन जीने का अवसर मिले। राज्य सरकार आपके सामाजिक और आर्थिक सशक्तीकरण के लिए निरंतर प्रयासरत है। हम जानते हैं कि आपको सम्मानजनक जीवन जीने का अवसर प्रदान करना केवल सरकार की ही जिम्मेदारी नहीं बल्कि हम सबका नैतिक कर्तव्य भी है। इसी क्रम में यह जानकारी साझा करते हुए मुझे प्रसन्नता हो रही है कि हमारी सरकार ने वृद्ध, विधवा एवं दिव्यांगजनों को दी जा रही पेंशन की राशि को माह जून, 2025 से 400 रूपये प्रतिमाह से बढ़ाकर 1100 रुपये प्रतिमाह करने का ऐतिहासिक निर्णय लिया है और आज राज्य के सभी पेंशनधारियों को बढ़ी हुई राशि का हस्तांतरण सीधे उनके बैंक खाते में किया जा रहा है। इसका लाभ राज्य के 1 करोड़ 11 लाख 69 हजार पेंशनधारियों को होगा।

# महिलाओं को 35 प्रतिशत आरक्षण मील का पत्थर : डॉ. प्रेम कुमार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**गया।** भाजपा महिला मोर्चा गयाजी (पूर्वी) द्वारा शुक्रवार को सविता विहार कॉलोनी, केंदुई स्थित कार्यालय में बिहार सरकार द्वारा महिलाओं को सरकारी नौकरियों में 35 प्रतिशत आरक्षण देने के निर्णय पर आभार जताने हेतु एक धन्यवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सहकारिता मंत्री डॉ. प्रेम कुमार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। अपने संबोधन में उन्होंने कहा बिहार सरकार महिलाओं को सशक्त एवं आत्मनिर्भर बनाने के लिए संकल्पित है। सरकारी नौकरियों में 35 प्रतिशत आरक्षण देकर बेटियों को आगे बढ़ने का ऐतिहासिक अवसर दिया गया है जो नारी सशक्तिकरण की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार विकास की नई दिशा में अग्रसर है जिसमें महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित की जा रही है। कार्यक्रम की अध्यक्षता महिला मोर्चा गयाजी (पूर्वी) की अध्यक्ष करुणा सिंह ने की। उन्होंने कहा कि यह निर्णय लाखों बेटियों के सपनों को नई उड़ान देगा और उन्हें आत्मनिर्भर बनाएगा। महिला मोर्चा की पदाधिकारियों ने भी सरकार के इस निर्णय की सराहना करते हुए इसे ऐतिहासिक बताया। मौके पर जिला महामंत्री रंजना सिन्हा, राखी सेठ, जिला उपाध्यक्ष विभा कुमारी, सम्मी कुमारी, नीलम मिश्रा, विमला देवी, ममता, बबीता सिंह, रविता सिंह, रीना कुमारी सहित बड़ी संख्या में महिला मोर्चा की कार्यकर्ता और स्थानीय महिलाएं उपस्थित थीं। सभी ने सरकार के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह निर्णय बिहार की बेटियों के उज्जवल भविष्य की ओर एक ठोस कदम है। कार्यक्रम में महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और सरकार के इस निर्णय को समाज में लैंगिक समानता और न्याय की दिशा में एक सशक्त पहल बताया।

# मिर्जा गालिब कॉलेज में स्थायी प्राचार्य की नियुक्ति

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**गयाजी।** शहर के प्रतिष्ठित महाविद्यालय मिर्जा गालिब कॉलेज में आज स्थायी प्राचार्य के रूप में राजनीति विज्ञान विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. मो. अली हुसैन ने पदभार ग्रहण किया। उनकी नियुक्ति बिहार राज्य विश्वविद्यालय अधिनियम 1976 में निहित प्रावधानों के अनुसार की गई है। उन्हें शासी निकाय के सचिव शबी आरफीन शमसी ने अपने हाथों से नियुक्ति पत्र प्रदान किया। ज्ञात हो कि वे इस महाविद्यालय में लगभग दो वर्ष से प्रभारी प्राचार्य के पद पर काम कर रहे थे। उन्होंने विभिन्न संगोष्ठियों में प्रतिभाग किया है। उनके लगभग 12 शोधपत्र प्रकाशित हो चुके हैं। इसके पूर्व महाविद्यालय में प्रो. शकील अहमद और प्रो. गुलाम समदानी स्थायी प्राचार्य रह चुके हैं। डॉ. मो. अली हुसैन के स्थायी प्राचार्य बनाए जाने पर कॉलेज में खुशी का माहौल है। उन्हें विभिन्न शिक्षकों व शिक्षकेतर कर्मचारियों ने मुबारकबाद पेश की है। मुबारकबाद देने वालों में प्रमुख रूप से शासी निकाय के अध्यक्ष प्रो. हफीजुर रहमान खान, चेयरमैन काउंसिल अशफाक अली तथा शासी निकाय के सचिव शबी आरफीन शमसी शामिल हैं।

## ग्रामीण की मौत के बाद पुलिस पर पथराव, दो जख्मी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गयाजी।** जिले में शुक्रवार को पुलिस गाड़ी की टक्कर से एक ग्रामीण की मौत हो गई। पुलिसकर्मी शराब तस्करी के शक में ग्रामीण का पीछा कर रहे थे। इस दौरान धक्का लगने से मौत हो गई। घटना के बाद इलाके में बवाल मच गया। लोगों ने पुलिस की गाड़ी में आग लगा दी है। 2 कर्मी जख्मी है। मृतक की पहचान मेघास्थान गांव के देवबली उर्फ बाबू चौधरी (40) के रूप में हुई है। मामला इमामगंज के कोठी थाना क्षेत्र का है। देवबली गांव के ईंट भट्ठा के पास खड़ा था तभी कोठी थाना की पेट्रोलिंग गाड़ी वहां पहुंची। पुलिस को देखकर देवबली भागने लगा। पुलिस को शक हुआ कि वह शराब लेकर जा रहा है। इसी दौरान पुलिस ने उसका पीछा किया। भागने के क्रम में देवबली बाइक समेत असंतुलित होकर गिर गया।

# विरूपाक्ष दर्शन' पुस्तक का लोकार्पण और व्याख्यान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**गयाजी।** अनुग्रह मेमोरियल कॉलेज, गया और विवेकानंद केंद्र कन्याकुमारी, शाखा गया के संयुक्त तत्वावधान में भारतीय संस्कृति की गरिमा एवं गुरु का माहात्म्य विषय पर व्याख्यान एवं पुस्तक 'विरूपाक्ष दर्शन' के लोकार्पण समारोह का आयोजन स्वामी विवेकानंद सभागार में हुआ। कार्यक्रम में गया नगर के विभिन्न महाविद्यालयों के प्राध्यापक, शोधार्थी, छात्र-छात्राएं एवं संस्कृतिप्रेमी नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत शांति पाठ से हुई जिसे मनोरमा देवी ने प्रस्तुत किया। दीप प्रज्ज्वलन के उपरांत मंचासीन अतिथियों का पारंपरिक सम्मान किया गया। श्रेय रंजन द्वारा वंदना, प्रतिमा कुमारी द्वारा स्वागत गीत और सिमरन कुमारी द्वारा अल्पना निर्माण ने वातावरण को भावनात्मक बना दिया। डॉ उमा शंकर सिंह ने स्वागत भाषण में अतिथियों का अभिनंदन किया। प्रो. शिवशंकर गुप्ता ने भारतीय संस्कृति और गुरु परंपरा की प्रासंगिकता पर विचार रखे जबकि डॉ उषा सिंह ने उद्घाटन वक्तव्य में गुरु-शिष्य परंपरा का सांस्कृतिक विवेचन किया। इसके बाद डॉ उमा शंकर सिंह द्वारा संपादित और डॉ विजय कुमार सिंह द्वारा लिखित पुस्तक 'विरूपाक्ष दर्शन' का लोकार्पण डॉ धनेश्वर राम, डॉ रकेश राय और डॉ उमा शंकर सिंह के साथ मंचासीन अतिथियों की उपस्थिति में संपन्न हुआ। डॉ विजय कुमार सिंह की उपस्थिति समारोह की गरिमा में वृद्धि कर रही थी। पुस्तक का परिचय डॉ कृष्णदेव मिश्र ने प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि यह कृति भारतीय दर्शन और विवेकानंद विचारधारा से अनुप्राणित है। छात्र प्रतिनिधि आयुष कुमार और निशा कुमारी ने अपने उद्गार व्यक्त किए। प्रो. अरुण कुमार प्रसाद ने गुरु-शिष्य संबंध की समकालीन आवश्यकता को रेखांकित किया। कार्यक्रम का मुख्य व्याख्यान प्रो. उमेश चन्द्र मिश्र 'शिव' ने दिया जिन्होंने युवाओं से भारतीय संस्कृति से जुड़ाव बनाए रखने का आह्वान किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ अनंत कुमार सिन्हा ने की और सभी का आभार व्यक्त किया। संकल्प व आह्वान संजय किशोर ने किया जबकि धन्यवाद ज्ञापन डॉ राकेश राय ने प्रस्तुत किया। शांति मंत्र के साथ समापन मीनाक्षी सेठ ने किया। इस आयोजन में गया कॉलेज, जगजीवन कॉलेज, जी.बी.एम. कॉलेज के अनेक प्राध्यापक और शोधार्थी शामिल हुए। प्रमुख रूप से डॉ रवि कुमार, डॉ प्रदीप कुमार, डॉ शिव कुमार रविदास, डॉ रत्नेश कुमार, डॉ राजकपूर चौधरी, डॉ ब्रज किशोर पाठक, डॉ अशोक द्विवेदी, डॉ गोलोक श्रीवास्तव, डॉ संजय दीपाली, डॉ स्वेता और डॉ ओझा का उल्लेखनीय योगदान रहा।

## गुरुआ में बाबा बैजू धाम श्रावणी मेले का जिलाधिकारी ने किया शुभारंभ



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गुरुआ।** प्रखंड स्थित प्रसिद्ध धार्मिक स्थल बाबा बैजू धाम में श्रवणी मेला का भव्य उद्घाटन शुक्रवार को गया जिलाधिकारी शशांक शुभंकर द्वारा फीता काटकर व दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। उद्घाटन समारोह के अवसर पर गुरुआ अंचल अधिकारी अख्तर जमील अंसारी प्रखंड विकास पदाधिकारी सदाम हुसैन, गुरुआ प्रमुख नीलम कुमारी यादवेंदु, राजन मुखिया परमेश्वर चौधरी चीलार मुखिया प्रतिनिधि रामाशीष प्रजापति समिति अजय पासवान समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं ग्रामीण मौजूद थे। इस अवसर पर स्थानीय विधायक ने बाबा बैजू धाम की ऐतिहासिक और धार्मिक महत्ता को रेखांकित करते हुए इसे बिहार सरकार के पर्यटक स्थल के रूप में विकसित करने का प्रस्ताव रखा। उन्होंने कहा कि यदि इसे पर्यटन सूची में शामिल किया जाए तो इससे न सिर्फ क्षेत्र का विकास होगा, बल्कि रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे। डीएम शुभंकर उद्घाटन के अवसर कहा कि सौभाग्य की बात है कि हमें आज बाबा बैजू धाम के श्रवणी मेला का उद्घाटन का अवसर प्राप्त हुआ और स्थानीय लोगों से हमें बाबा बैजू धाम की ऐतिहासिक जानकारी प्राप्त हुआ। श्रवण मास के मौके पर लगने वाले इस मेले में दूर-दराज से श्रद्धालु भगवान शिव के दर्शन व जलाभिषेक के लिए पहुंचते हैं।

# मजार पर चादरपोशी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गुरारू।** जुमेरात की रात को रूकुनपुर गांव में स्थित हजरत शहीद बियाबान शाह के मजार पर मोहर्रमुल हराम के प्रथम माह के 14 तारीख को चादरपोशी किया गया। यह कार्यक्रम मुस्लिम अकीदतमंदों द्वारा आयोजित किया गया तथा फूल एवं चादरपोशी किया गया। इस मौके पर दर्जनों उलेमाओं ने तकरीर किया। चादरपोशी के उपरान्त फतेहाखानी, तकरीरें एवं मिलादुन्नबी प्रोग्राम संपन्न हुआ। इस मौके पर ग्रामीण सहित आसपास गांवों के दर्जनों हिन्दू-मुस्लिमों ने शिरकत किया।

# हमला करने के आरोप में सात साल का सश्रम कारावास

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**टिकारी।** महावीर स्थान के मुख्य पुजारी पारस नाथ मिश्रा उर्फ पारस बाबा पर हमला करने के आरोपी को न्यायालय द्वारा नौ वर्ष की सश्रम कारावास व पच्चीस हजार रुपये का आर्थिक दंड का जुर्माना लगाया। पारस बाबा की ओर से न्यायालय में पैरवी कर रहे निजी अधिवक्ता मुकेश कुमार ने बताया कि गया जिला न्यायालय के अपर सत्र न्यायाधीश 17 की न्यायाधीश किरण चतुर्वेदी द्वारा सजा सुनाई गई। जानकारी हो कि विगत वर्ष 2022 के सितंबर माह में महावीर स्थान मंदिर के समीप चाय पीने के दौरान रिकाबगंज मुहल्ले के रहने वाले बच्चु त्रिवेदी द्वारा पारस बाबा पर हमला कर दिया गया था जिसमें पारस बाबा गंभीर रूप से घायल हो गये थे। टिकारी थाना की पुलिस ने कांड संख्या 578/22 दर्ज करते हुए आरोपी बच्चु त्रिवेदी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया था। न्यायालय द्वारा सेशन केस 88/23 दर्ज कर मामले की सुनवाई शुरू की गई थी। विगत सात फरवरी को बहस शुरू हुई थी जिसके उपरान्त न्यायालय द्वारा विगत तिथि को आरोपी बच्चु त्रिवेदी को मामले में दोषी करार दिया था। शुक्रवार को न्यायालय द्वारा सजा सुनाई गई जिसके तहत हमला करने के आरोप में सात साल की सश्रम कारावास व बीस हजार रुपया का आर्थिक दंड व घातक हथियार रखने के आरोप में दो साल का सश्रम कारावास व पांच हजार रुपये का आर्थिक दंड की सजा सुनाई गई।


**बिहार सरकार**

**बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद्**

ई–मेल. msbspcb-bih@gov.in, वेबसाईट-http://bspcb.bihar.gov.in

**लोक–सुनवाई की सूचना**

पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार के ई.आई.ए. अधिसूचना संख्या एस. ओ. 1533, दिनांक 14.09.2006 एवं यथा संशोधित अधिसूचनाओं के आलोक में राज्य पर्यावरण समाधात निर्धारण प्राधिकरण के समक्ष मेसर्स महारानी सर्विस, आवेदकः श्रीरविशंकर सिंह, पिता–श्री अखिलश्वर प्रसाद सिंह, पता– एन.एच–2, मौलानाचक, शेरघाटी, जिला–गया (बिहार) द्वारा औरंगाबाद सोन नदी स्थित औरंगाबाद सोन–23 **B** बालू घाट, मौजा–बारूण एवं खेमदा, प्रखंड–बारूण, जिला–औरंगाबाद (बिहार) में प्रस्तावित बालू खनन परियोजना हेतु पर्यावरणीय स्वीकृति का प्रस्ताव विचाराधीन है।

इस परियोजना के कार्यान्वयन के पूर्वपर्यावरणीय स्वीकृति हेतु राज्य पर्यावरण समाधात निर्धारण प्राधिकरण द्वारा TOR (Terms of Reference) निर्गत की गयी हैं तथा लोक–सुनवाई की जानी है।

परियोजना का पर्यावरण प्रभाव मूल्यांकन प्रतिवेदन तैयार किया गया है। जिसमें संभावित कुप्रभावों को निरस्त करने के उपाय प्रस्तावित है। उक्त प्रतिवेदन तथा परियोजना के कार्यपालक सार की प्रति पर्षद् मुख्यालय, पटना, जिला पदाधिकारी, औरंगाबाद; कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद्, औरंगाबाद; महाप्रबंधक, जिला उधोग केन्द्र, औरंगाबाद एवं जिला खनन कार्यालय, औरंगाबाद के कार्यालय में प्रभावित क्षेत्र के लोगों के अवलोकनार्थ उपलब्ध हैं। परियोजना की विवरणी का अवलोकन पर्षद् के वेबसाईटः http://bspcb.bihar.gov.in पर भी किया जा सकता है। वैसे व्यक्ति जो इस परियोजना से प्रभावित होने वाले हों, अपना लिखित सुझाव/विचार एवं मंतव्य इस सूचना प्रकाशन के 30 (तीस) दिनों के अन्दर पर्षद् कार्यालय में भी जमा कर सकते है। साथ ही पर्षद् के ई–मेलः msbspcb-bih@gov.in पर अथवा डाक के माध्यम से भी लिखित सुझाव/विचार एवं मंतव्य भेजी जा सकती है।

परियोजना प्रभाव क्षेत्र के नागरिकों के लिए लोक–सुनवाई निम्नानुसार आहूत किया गया हैः–

| दिनांकः | समय | प्रखंड का नाम | बालूघाट का मौजा | बालूघाट का नाम | लोक–सुनवाई का स्थल |
|---|---|---|---|---|---|
| 18.08.2025 | अपराह्न 12:30 बजे | बारूण, जिला–औरंगाबाद | बारूण एवं खेमदा | औरंगाबाद सोन–23B बालू घाट | प्रखंड कार्यालय, बारूण, जिला–औरंगाबाद |

सभी आमलोगों/संबंधित से अनुरोध हैं कि उपरोक्त लोक–सुनवाई के दौरान सरकार द्वारा निर्गत कोविड–19 गाईड–लाईन का पालन करते हुए परियोजना के संबंध में अपने मंतव्य/सुझाव/विचार से अवगत करायेगें।

उक्त सूचना **www.state.bihar.gov.in/prdbihar** पर भी देखी जा सकती है।

**सदस्य सचिव**

PR. No. 008431 (B&C) 25-26

**बिहार में शराब का व्यापार, बिक्री एवं सेवन अवैध है।**
**इससे संबंधित शिकायत इस नंबर पर दर्ज करायें, आपकी जानकारी गुप्त रखी जाएगी।**
**टॉल फ्री नं– 15545 या 1800 345 6268**



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, डालटनगंज।**

**निविदा आमंत्रण सूचना सं0 – 01/2025–26)**

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, पथ निर्माण विभाग,पथ प्रमण्डल, डालटनगंज।
2. परिमाण विपत्र (निविदा कागजात) की बिक्री की तिथि एवं समय :– दिनांक–**04.08.2025** को 3:00 बजे अपराहन तक
3. निविदा प्राप्त करने की तिथि एवं समय :– दिनांक–**05.08-2025** को 3.00 बजे अपराह्न तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– दिनांक–**05-08-2025** 3.30 बजे अपराह्न में।
5. परिमाण विपत्र (निविदा कागजात) की बिक्री का स्थान :– (1) **मुख्य अभियंता (यातायात)** का कार्यालय, पथ निर्माण विभाग, झारखण्ड राँची, अभियंत्रण छात्रावास प्रथम तल्ला धुर्वा, राँची। (2) **आरक्षी अधीक्षक**, पलामू के कार्यालय परिसर में अधीक्षण अभियंता, प0 नि0 वि0, पथ अंचल, डालटनगंज से प्रतिनियुक्त पदाधिकारी के द्वारा। (3) **आरक्षी अधीक्षक**, पलामू के कार्यालय परिसर में कार्यपालक अभियंता, प0 नि0 वि0, पथ प्रमण्डल, डालटनगंज से प्रतिनियुक्त पदाधिकारी के द्वारा।
6. निविदा प्राप्त करने एवं खोलने का स्थान :– क्रमांक 5 (पांच) में उल्लेखित कार्यालयो में निर्धारित स्थानों पर।
7. **कार्य का विवरण** :–

| क्र0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रु0 में) | अग्रधन की राशि (रु0 में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू0 में) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | पाटन–डालटनगंज पथ के चैनेंज–16.5 से चैनेंज–17.9 कि0मी0 तक पूर्व में निर्मित नाली का Cover Slab निर्माण कार्य (वर्ष 2025–26) | 15,00,000.00 | 30,000.00 | 5,000.00 | 02 Months |
| 2 | कजरी–पाटन–मनातू पथ के चैनेंज–16.00 से चैनेंज–36.00 कि0मी0 तक में RCC Railing का साधारण मरम्मति/रंग–रोगन कार्य (वर्ष 2025–26) | 10,00,000.00 | 20,000.00 | 2,500.00 | 02 Months |
| 3 | छत्तरपुर (NH-98) भाया करमाचेराई – सराईडीह कि0मी0 19.25 कि0मी0 पथ का H.L Brigde & Culverts का RCC Railing का साधारण मरम्मति/रंग–रोगन कार्य (वर्ष 2025–26) | 10,00,000.00 | 20,000.00 | 2,500.00 | 02 Months |
| 4 | हुसैनाबाद से पथराघाट पथ में चैनेंज–9.30 कि0मी0 में H.L Brigde का RCC Railing का मरम्मति/रंग–रोगन कार्य (वर्ष 2025–26) | 10,00,000.00 | 20,000.00 | 2,500.00 | 02 Months |
| 5 | पाटन (I.B.) निरीक्षण भवन का मरम्मति एवं सुसज्जीकरण कार्य (वर्ष 2025–26) | 10,00,000.00 | 20,000.00 | 2,500.00 | 02 Months |
| 6 | Ordinary Repair Work of North Koel Semra Mines Link Road (Working Length-0.00 to 1.00 Km) for the year 2025-26 | 50,00,000.00 | 1,00,000.00 | 5,000.00 | 01 Month |

नोटः– (1) निविदा आमंत्रण सूचना एवं निविदा की शर्तें कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।
(2) निर्धारित निविदा तिथि को सरकार द्वारा अवकाश घोषित होने पर निविदा आमंत्रण की तिथि अगले कार्य दिवस को होगी।
(3) प्राक्कलन की राशि घट–बढ़ सकती है।

**कार्यपालक अभियंता**
पथ निर्माण विभाग
पथ प्रमण्डल, डालटनगंज

PR 357087 (Road) 25-26 (D)


# पेंशन योजना के लाभुकों के बीच संदेश का वितरण



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बेलागंज (गया)।** रामेश्वर प्लस टू उच्च विद्यालय बेलागंज में सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के अंतर्गत कार्यक्रम का आयोजन प्रधानाध्यापक मोहम्मद अबरार आलम की अध्यक्षता में हुई जिसमें विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं छात्र अभिभावक के गण उपस्थित हुए जिसमें मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का संदेश पढ़कर सुनाया गया और आम नागरिकों को पेंशन योजना के लाभों के बीच संदेश का वितरण किया गया। इस अवसर पर विद्यालय में आयोजित मुख्यमंत्री का प्रसारण लोगों को सुनाया गया। साथ ही साथ सामाजिक सुरक्षा के अंतर्गत पेंशन के संदर्भ में प्रधानाध्यापक ने इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वीरता पेंशन योजना मुख्यमंत्री वृद्ध जन पेंशन योजना बिहार में सट्टा पेंशन योजना लक्ष्मीबाई सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय विधवा पेंशन योजना इंदिरा गांधी राष्ट्रीय निशक्त पेंशन योजना पर विचार-विमर्श किया और बताया कि आज इस महीने से लाभुक को 400 से बढ़कर 1100 की राशि मुख्यमंत्री ने कर दी है जो डायरेक्ट आप लोगों के खाते में हस्तानांतरित की जा रही है साथ ही साथ विद्यालय में अध्यनरत छात्राओं को बताया कि 75% उपस्थित रहने वाले छात्र-छात्राओं को साइकिल पोशाक छात्रवृत्ति नैपकिन इत्यादि का लाभ विद्यालय के अनुशंसा पर बिहार सरकार के द्वारा दिया जाता है आप बच्चों को नियमित विद्यालय भेजें और सरकारी योजनाओं का लाभ उठाकर अपनी जीवन शैली को बेहतर बनाएं शिक्षा का अलख जगाने में शैक्षणिक वातावरण स्थापित करने में आप सभी लोग सहयोग करें।

## राहुल हत्याकांड में मुख्य आरोपी ने किया सरेंडर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गयाजी।** जिले के कोर्ट में राहुल हत्याकांड में वारदात के 48 घंटे बाद मुख्य आरोपी शुभम उर्फ गुनगुन ने सरेंडर कर दिया है। गिरफ्तारी के लिए फतेहपुर पुलिस लगातार छापेमारी कर रही थी। इस मामले में अब तक तीन आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है। मृतक की मां के आवेदन पर 5 युवकों के खिलाफ पर केस दर्ज हुआ था। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई कर नीतीश कुमार, छोटू कुमार और राज कौशल को गिरफ्तार कर लिया था। इसके बाद से शुभम की गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार दबिश दे रही थी। राहुल अपने दोस्तों के साथ पहाड़ पर पिकनिक मनाने गया था। इसी दौरान दो युवकों के बीच किसी बात को लेकर बहस हो गई। बहस इतनी बढ़ गई कि एक युवक ने कमर से पिस्तौल निकालकर राहुल को गोली मार दी। गोली लगते ही राहुल लहूलुहान होकर गिर पड़ा। जिससे उसकी मौत हो गई। वारदात के बाद बाइक पर डेड बॉडी ले जाते हुए आरोपी मजाक में कहता था, गोली चला देंगे। हत्याकांड से जुड़ा एक वीडियो सामने आया है जिसमें गोली मारने के बाद बाइक से शव ले जाते हुए कुछ लड़के दिखाई दे रहे हैं।


**JHARKHAND BIJLI VITRAN NIGAM LIMITED**
**(CIN : U40108JH2013SGC001702), Electric Supply Circle, Garhwa**
**E-mail: esegarhwa@yahoo.in**

**Tender Notice**

Sealed Tender in two Part (Part – I Technical and commercial and Part – II Price part) subscribed on sealed envelope with Lah are invited from the reputed tenderers having good experience of following same type of civil works and having sound financial status.

| Sl. No | NIT No. | Name of the works | Estimated cost in (Rs.) | Time for completion (Day) | Earnest money to be deposited in (Rs.) | Cost of BOQ (Non-Refundable in (Rs.) | Late date and time for submission of tender | Date and time for opening of Tender |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 98/PR/ JBVNL/ 2025-26 | Construction of common toilet at 33/11 KV P/S/S Dhurki under Electric Supply Circle, Garhwa. | 719600.00 | 04 Month | 14400.00 | 1475.00 (Including GST) | 02 /08 /2025 upto 03:00 PM | 02/08/2025 at 03:30 PM |

The tender documents can be purchased from the office of the undersigned from any working day till one day before the date of submission of tender in office working hours after depositing cost of B.O.Q. (Non-refundable) with Manager (F&A), Electric Supply Circle, Garhwa in shape of Bank draft.

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकयतों को 18003456570(कॉल सेन्टर) पर दर्ज करायें।

Sd/-
**Electrical Superintending Engineer**
**ELECTRIC SUPPLY CIRCLE, GARHWA**

PR 357103 Jharkhand Bijlee Vitran Nigam Ltd(25-26)#D

संपादकीय

# पदोन्नति में फिर पेंच

मध्यप्रदेश के साढ़े सात लाख सरकारी कर्मचारियों की पदोन्नति का मामला लगता है कि फिर 'जैसे थे' की स्थिति में पहुंच गया है। अब पेंच पदोन्नति में आरक्षण पर फंसा है। करीब एक दशक से प्रमोशन की राह तक रहे कर्मचारियों को जल्दी खुशखबर मिलने की आस जबलपुर हाई कोर्ट द्वारा सरकार द्वारा बनाए गए पदोन्नति आदेश 2025 पर सवालिया निशान लगाते हुए 15 जुलाई तक विभिन्न विभागों में डीपीसी पर रोक लगा दी है। इस बीच खबर है कि सरकार ने हाई कोर्ट द्वारा पदोन्नति के नए और पुराने नियमों की जानकारी और दोनों में फर्क के संदर्भ में रिपोर्ट तैयार कर ली है, जिसे राज्य महाधिवक्ता को सौंपा जाएगा, जो सरकार का पक्ष कोर्ट के समक्ष प्रस्तुत करेंगे। लेकिन इसी के साथ यह सवाल भी उठ रहा है कि यह जानकारी पहले की तैयार क्यों नहीं कर ली गई? क्योंकि जो पदोन्नति नियम बनाए गए हैं, उस पर कर्मचारी संगठनों की सहमति नहीं थी। ऐसे में मामला कोर्ट में जाना ही था। दूसरी तरफ कई विभागों ने डीपीसी (पदोन्नति कमेटी की बैठक) करके नए नियमों के तहत प्रमोशन करना शुरू भी कर दिया था। लेकिन जब तक इस मामले से जुड़े सभी पक्ष सहमत नहीं होंगे, तब तक प्रमोशन को लेकर विवाद जारी रहेंगे। गौरतलब है कि हाई कोर्ट ने सरकार से पूछा कि जब इसी विषय पर पहले से सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई चल रही है, तो उसने नए नियम क्यों बनाए? शीर्ष कोर्ट में याचिका क्यों लंबित है? नियम बनाने से पहले यह वापस क्यों नहीं ली गई? कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश संजीव सचदेवा और जस्टिस विनय सराफ की डिविजन बेंच ने सोमवार को स्पष्ट किया कि सरकार ने नए नियम बनाए हैं तो बताना होगा कि पुराने नियम (2002) व नए नियम (2025) में क्या फर्क है। कोर्ट ने तुलनात्मक चार्ट प्रस्तुत करने को कहा है।

याचिकाकर्ताओं का क्या तर्क है? फरियादी पक्ष के अधिवक्ता सुयश मोहन गुरु ने तर्क दिया कि सरकार ने 2025 के नियमों में वही विवादित प्रावधान फिर से जोड़े हैं, जो 2002 के नियमों में थे। सुप्रीम कोर्ट यथास्थिति के आदेश दे चुका था। अब उन्हीं लोगों को प्रमोशन दिया जा रहा है, तो यह सुप्रीम कोर्ट की अवमानना के दायरे में आ सकता है। जब पहले से ही यह मामला शीर्ष अदालत में लंबित है, तो नए नियम बनाना अदालत की अवमानना के समान है। इस पर महाधिवक्ता प्रशांत सिंह का तर्क था कि यह नियम सुप्रीम कोर्ट की एम. नागराज केस और जरनैल सिंह केस की गाइडलाइन के आधार पर बनाया गया है। इसलिए प्रक्रिया पर रोक न लगाई जाए। गौरतलब है कि सुप्रीम कोर्ट ने 2006 के एम. नागराज केस में आदेश दिया था कि पहले यह देखा जाएगा कि जिस वर्ग को आरक्षण दिया जा रहा है, उसका पर्याप्त प्रतिनिधित्व है या नहीं। दूसरा- क्रीमीलेयर को भी देखना होगा। जिन्हें पदोन्नति दी जानी है, अगर वे सक्षम हो चुके हैं, तो पदोन्नति क्यों दी जाए? इस बीच पदोन्नति में आरक्षण से जुड़ी 2002 के पुराने और 2025 के नए नियम की तुलनात्मक रिपोर्ट सरकार कर ली है। इसी रिपोर्ट के आधार पर सरकार हाई कोर्ट को बताएगी कि दोनों नियमों में क्या अंतर है और इसमें सभी वर्गों (आरक्षित यानी अजा-अजजा और अनारक्षित) को कैसे प्रतिनिधित्व मिलेगा।

सरकार हाईकोर्ट को बताएगी कि जितने भी मामलों में शीर्ष अदालत से निर्देश मिले हैं, उन्हीं के आधार पर नए नियम बनाए गए हैं। प्लस चार लोगों को बुलाया जाएगा। इससे अनारक्षित वर्ग को प्रतिनिधित्व मिल जाएगा। अब देखना है कि हाई कोर्ट सरकार की दलीलों से कितनी संतुष्ट होती है। कुल मिलाकर ढाक के तीन पात जैसी स्थिति है।

# अखिलेश को बड़ा झटका देने की तैयारी

**अखिलेश ने अंततः स्थानीय पंडितों से पूजा करवाई, और कुछ स्रोतों के अनुसार, पुजारी चंदन कुशवाहा ने इस कार्य को संपन्न किया। लेकिन सवाल यह उठता है कि पीडीए भवन के उद्घाटन जैसे महत्वपूर्ण अवसर पर, जब अखिलेश अपनी पीडीए रणनीति को और मजबूत करने की बात कर रहे थे, तब उन्होंने पीडीए समुदाय के किसी विद्वान को पूजा के लिए क्यों नहीं चुना? यह सवाल न केवल उनके विरोधियों, बल्कि उनके समर्थकों के बीच भी चर्चा का विषय बन गया। सोशल मीडिया पर कुछ लोगों ने इसे अखिलेश की रणनीति में विरोधाभास बताया। एक यूजर ने लिखा, 'भवन का नाम तो रख दिया, लेकिन पूजा ब्राह्मणों से ही करवानी है। क्या पीडीए में कोई विद्वान नहीं था?' एक अन्य यूजर ने तंज कसते हुए कहा, 'अखिलेश जी को कोई पीडीए का पंडित नहीं मिला क्या? कथनी और करनी में अंतर साफ दिखता है।' इन टिप्पणियों ने सपा के पीडीए फार्मूले पर सवाल उठाए, जिसे अखिलेश ने हाल के वर्षों में अपनी पार्टी की छवि को यादव-मुस्लिम से हटाकर व्यापक बनाने के लिए अपनाया था।**

अजय कुमार




आजमगढ़, उत्तर प्रदेश का एक ऐसा जिला जो समाजवादी पार्टी (सपा) का गढ़ माना जाता है, 3 जुलाई 2025 को एक बार फिर सुर्खियों में था। सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने अपने नए आवास और पार्टी कार्यालय, जिसे उन्होंने पीडीए भवन नाम दिया, का उद्घाटन और गृह प्रवेश किया। यह भवन अनवरगंज में 72 बिस्वा जमीन पर बना है, जिसमें अखिलेश का निजी निवास, पार्टी कार्यालय, और समर्थकों के लिए एक बड़ा हॉल शामिल है। लेकिन इस भव्य आयोजन के बीच एक सवाल ने सबका ध्यान खींचा अखिलेश ने गृह प्रवेश की पूजा के लिए काशी के ब्राह्मण विद्वानों को आमंत्रित करने की कोशिश की, लेकिन पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) समुदाय के किसी विद्वान को क्यों नहीं बुलाया? यह सवाल न केवल सियासी गलियारों में, बल्कि सोशल मीडिया और स्थानीय जनता के बीच भी चर्चा का विषय बन गया। बात ब्राह्मण समाज की नाराजगी की कि जाये तो ब्राह्मण सभा ने सपा कार्यालय और आवास के गृह प्रवेश के लिये गये ब्राह्मणों को अपने समाज से निकाल दिया है। ब्राह्मणों की यह नाराजगी सपा को 2027 के चुनाव में भारी पड़ सकती है, यूपी में करीब 10 प्रतिशत ब्राह्मण हैं।

आजमगढ़ में समाजवादी पार्टी का यह नया कार्यालय 2027 के विधानसभा चुनावों को ध्यान में रखकर बनाया गया है। अखिलेश ने इसे पीडीए भवन नाम देकर अपनी रणनीति को स्पष्ट कर दिया। पीडीए, यानी पिछड़ा, दलित, और अल्पसंख्यक सपा की राजनीतिक रणनीति का आधार रहा है, जिसने 2024 के लोकसभा चुनावों में पार्टी को 37 सीटें दिलाकर उत्तर प्रदेश में बीजेपी के विजय रथ को रोकने में मदद की। अखिलेश ने उद्घाटन समारोह में कहा, 'पीडीए की एकता ही हमें 2027 में सत्ता दिलाएगी।' इस भवन को न केवल एक कार्यालय, बल्कि एक प्रशिक्षण केंद्र के रूप में भी देखा जा रहा है, जहां युवाओं को समाजवादी विचारधारा से जोड़ा जाएगा।

लेकिन इस आयोजन की चमक उस समय फीकी पड़ गई, जब यह खबर आई कि अखिलेश ने गृह प्रवेश की पूजा के लिए काशी के ब्राह्मण विद्वानों को बुलाने की इच्छा जताई थी, लेकिन वे नहीं आए। सूत्रों के अनुसार, काशी के पंडितों ने इटावा में हाल ही में हुए एक विवाद, जिसे 'इटावा कथावाचक कांड' कहा जा रहा है, के कारण नाराजगी जताते हुए पूजा कराने से मना कर दिया। इस कांड में अखिलेश के कुछ बयानों को ब्राह्मण समुदाय के खिलाफ माना गया था, जिसमें उन्होंने कथित तौर पर दान-दक्षिणा और पूजा-पाठ की परंपराओं पर सवाल उठाए थे।

अखिलेश ने अंततः स्थानीय पंडितों से पूजा करवाई, और कुछ स्रोतों के अनुसार, पुजारी चंदन कुशवाहा ने इस कार्य को संपन्न किया। लेकिन सवाल यह उठता है कि पीडीए भवन के उद्घाटन जैसे महत्वपूर्ण अवसर पर, जब अखिलेश अपनी पीडीए रणनीति को और मजबूत करने की बात कर रहे थे, तब उन्होंने पीडीए समुदाय के किसी विद्वान को पूजा के लिए क्यों नहीं चुना? यह सवाल न केवल उनके विरोधियों, बल्कि उनके समर्थकों के बीच भी चर्चा का विषय बन गया। सोशल मीडिया पर कुछ लोगों ने इसे अखिलेश की रणनीति में विरोधाभास बताया। एक यूजर ने लिखा, 'भवन का नाम तो रख दिया, लेकिन पूजा ब्राह्मणों से ही करवानी है। क्या पीडीए में कोई विद्वान नहीं था?' एक अन्य यूजर ने तंज कसते हुए कहा, 'अखिलेश जी को कोई पीडीए का पंडित नहीं मिला क्या? कथनी और करनी में अंतर साफ दिखता है।' इन टिप्पणियों ने सपा के पीडीए फार्मूले पर सवाल उठाए, जिसे अखिलेश ने हाल के वर्षों में अपनी पार्टी की छवि को यादव-मुस्लिम से हटाकर व्यापक बनाने के लिए अपनाया था।

आजमगढ़ में पूजा के लिए ब्राह्मण विद्वानों को बुलाने की कोशिश को भी इसी रणनीति का हिस्सा माना जा रहा है। अखिलेश शायद यह संदेश देना चाहते थे कि उनकी पार्टी सभी समुदायों को साथ लेकर चल रही है। लेकिन काशी के पंडितों की अनुपस्थिति और स्थानीय पंडितों द्वारा पूजा करवाने ने इस संदेश को कमजोर कर दिया। कुछ विश्लेषकों का मानना है कि अखिलेश का यह कदम उनकी पीडीए रणनीति को मजबूत करने का प्रयास था, लेकिन यह उल्टा पड़ गया।

इस आयोजन को और चर्चा में लाने वाला एक अन्य पहलू था ब्राह्मण महासभा और विश्व हिंदू महासंघ के सदस्यों का विरोध। कुछ प्रदर्शनकारियों ने अखिलेश के खिलाफ काले झंडे लहराए और उन पर ब्राह्मण समुदाय की छवि खराब करने का आरोप लगाया। इसके अलावा, एक सुरक्षा चूक ने भी सुर्खियां बटोरीं, जब एक युवक बैरिकेडिंग तोड़कर मंच के करीब पहुंच गया। पुलिस ने उसे तुरंत हिरासत में लिया, लेकिन इस घटना ने अखिलेश की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठाए।

इन विवादों के बावजूद, पीडीए भवन का उद्घाटन समाजवादी पार्टी के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। यह भवन न केवल अखिलेश का दूसरा घर है, बल्कि पूर्वांचल में सपा की सियासी रणनीति का केंद्र भी बनेगा। अखिलेश ने अपने भाषण में बीजेपी पर जमकर हमला बोला और पूर्वांचल एक्सप्रेसवे का श्रेय अपनी सरकार को दिया। उन्होंने कहा, लखनऊ से आजमगढ़ पहुंचने में उतना ही समय लगता है, जितना सैफई। यह हमारे द्वारा बनाए गए एक्सप्रेसवे की बदौलत है।

बहरहाल, आजमगढ़ में पीडीए भवन का उद्घाटन और गृह प्रवेश एक सियासी मास्टरस्ट्रोक हो सकता था, लेकिन ब्राह्मण विद्वानों की अनुपस्थिति और पीडीए समुदाय के विद्वानों को न बुलाने का फैसला सवालों के घेरे में आ गया। जहां वे एक तरफ अपने मूल समर्थक वर्ग को मजबूत करना चाहते हैं, तो दूसरी तरफ सवर्ण वोटरों को भी साधने की कोशिश कर रहे हैं। 2027 के चुनावों में यह रणनीति कितनी कारगर होगी, यह तो समय ही बताएगा।

अध्यात्म

## शुभचिन्तक की अज्ञानवस भी उपेक्षा न करें

एक कुम्हार को मिट्टी खोदते हुए अचानक एक हीरा मिल गया, उसने उसे अपने गधे के गले में बांध दिया। एक दिन एक बनिए की नजर गधे के गले में बंधे उस हीरे पर पड़ गई, उसने कुम्हार से उसका मूल्य पूछा। कुम्हार ने कहाः सवा सेर गुड़। बनिए ने कुम्हार को सवा सेर गुड़ देकर वह हीरा खरीद लिया। बनिए ने भी उस हीरे को एक चमकीला पत्थर समझा था, लेकिन अपनी तराजू की शोभा बढ़ाने के लिए उसकी डंडी से बांध दिया। एक दिन एक जौहरी की नजर बनिए के उस तराजू पर पड़ गई, उसने बनिए से उसका दाम पूछा। बनिए ने कहाः पांच रुपए। जौहरी कंजूस व लालची था, हीरे का मूल्य केवल पांच रुपए सुन कर समझ गया कि बनिया इस कीमती हीरे को एक साधारण पत्थर का टुकड़ा समझ रहा है। वह उससे भाव-ताव करने लगाः पांच नहीं, चार रुपए ले लो। बनिये ने मना कर दिया क्योंकि उसने चार रुपए का सवा सेर गुड़ देकर खरीदा था। जौहरी ने सोचा कि इतनी जल्दी भी क्या है? कल आकर फिर कहूंगा, यदि नहीं मानेगा तो पांच रुपए देकर खरीद लूंगा। संयोग से दो घंटे बाद एक दूसरा जौहरी कुछ जरूरी सामान खरीदने उसी बनिए की दुकान पर आया। तराजू पर बंधे हीरे को देखकर वह चौंक गया, उसने सामान खरीदने के बजाए उस चमकीले पत्थर का दाम पूछ लिया। बनिए के मुख से पांच रुपए सुनते ही उसने झट जेब से निकालकर उसे पांच रुपये थमाए और हीरा लेकर खुशी-खुशी चल पड़ा। दूसरे दिन वह पहले वाला जौहरी बनिए के पास आया, पांच रुपए थमाते हुए बोलाः लाओ भाई दो वह पत्थर। बनिया बोलाः वह तो कल ही एक दूसरा आदमी पांच रुपए में ले गया। यह सुनकर जौहरी ठगा सा महसूस करने लगा। अपना गम कम करने के लिए बनिए से बोलाः अरे मूर्ख..! वह साधारण पत्थर नहीं, एक लाख रुपए कीमत का हीरा था। बनिया बोलाः मुझसे बड़े मूर्ख तो तुम हो, मेरी दृष्टि में तो वह साधारण पत्थर का टुकड़ा था, जिसकी कीमत मैंने चार रुपए मूल्य के सवा सेर गुड़ देकर चुकाई थी, पर तुम जानते हुए भी एक लाख की कीमत का वह पत्थर, पांच रुपए में भी नहीं खरीद सके। हमारे जीवन मे भी अक्सर ऐसा होता है, हमें हीरे रूपी सच्चे शुभचिन्तक मिलते हैं, लेकिन अज्ञानतावश पहचान नहीं कर पाते और उसकी उपेक्षा कर बैठते हैं, जैसे इस कथा में कुम्हार और बनिए ने की। कभी पहचान भी लेते हैं, तो अपने अहंकार के चलते तुरन्त स्वीकार नहीं कर पाते और परिणाम पहले जौहरी की तरह हो जाता है और पश्चाताप के अतिरिक्त कुछ हासिल नहीं हो पाता।

# आंसू आत्म-चिंतन का दर्पण हैं, हमें अपने भीतर झांकने के लिए करते हैं प्रेरित

**आंसू वह सेतु हैं, जो मानव को मानवता से जोड़ते हैं। जब हम किसी के दुख को देखकर आंसू बहाते हैं, तो वह करुणा का प्रतीक है। करुणा वह गुण है, जो हमें दूसरों की पीड़ा को अपनी पीड़ा समझने की शक्ति देता है। आंसू इस करुणा को व्यक्त करने का सबसे शुद्ध माध्यम हैं। आत्म-चिंतन हमें यह समझने में मदद करता है कि हमारी करुणा कितनी गहरी है, और क्या वह केवल बाहरी प्रदर्शन है, या हृदय की गहराई से निकलती है। आंसू वह विश्वजनीन भाषा हैं, जो हर संस्कृति, हर धर्म, हर देश में समझी जाती है। यह वह जल है, जो मानवता को एक सूत्र में पिरोता है। चाहे वह युद्ध में खोए प्रिय की स्मृति में बहने वाले आंसू हों, या किसी अनजान की पीड़ा को देखकर उमड़ने वाले आंसू, ये सभी मानवता के साझा दुख और प्रेम को व्यक्त करते हैं।**

राजेंद्र मोहन शर्मा

आंसू, वह अनमोल बिंदु, जो हृदय की गहराइयों से उमड़ता है, मानव जीवन की सबसे कोमल और सत्य भावनाओं का प्रतीक है। यह वह जल है, जो न बादलों की उमड़-घुमड़ से जन्म लेता है, न नदियों के प्रवाह से। यह आत्मा के उस गुप्त स्रोत से प्रस्फुरित होता है, जहां प्रेम, करुणा, दुख और आनंद एक-दूसरे में समाहित होकर एक पवित्र रस बनाते हैं। आंसू वह निर्मल जल है, जो हृदय को धोता है, उसे शुद्ध करता है, और उसे उस अनंत सत्य के समीप ले जाता है, जहां मानव और परम का मिलन होता है। मगर आज के युग में, जब सच्चाई को कृत्रिमता ढक लेती है, हमें आंसुओं का मोल समझना होगा।

हमें दूसरों की पीड़ा में बहने वाले आंसुओं को देखने के साथ-साथ अपने हृदय के आंसुओं से साक्षात्कार करना होगा, क्योंकि यह आत्म-चिंतन ही हमें हमारी मानवता की गहराई तक ले जाता है। जब कोई प्रेमी अपने प्रिय के बिछोह में भीगता है, जब माता अपने संतान के कष्ट में डूब जाती है, जब साधक ईश्वर के चरणों में अपनी आत्मा को समर्पित करता है, तब आंसू केवल जल नहीं रहते, वे आत्मा की वह प्रार्थना बन जाते हैं, जो अनकही भावनाओं को व्यक्त करती है। आंसू आत्म-चिंतन का दर्पण हैं। वे हमें अपने भीतर झांकने के लिए प्रेरित करते हैं, हमें हमारी कमजोरियों, संवेदनाओं और सत्य से जोड़ते हैं।

अपने आंसुओं से साक्षात्कार करना आत्म-चिंतन का ही चरण है, जो हमें यह समझने में मदद करता है कि हम कौन हैं, हमारी भावनाएं कहां से जन्म लेती हैं, और हमारा हृदय किस सत्य की तलाश में है। दुख वह अग्नि है, जो हृदय को तपाती है, और आंसू वह मेघ हैं, जो उस ताप को शीतलता प्रदान करते हैं। मगर आंसू केवल दुख के गीत नहीं गाते। वे प्रेम, करुणा और आनंद के भी वाहक हैं। जब हम अपने दुख के आंसुओं से साक्षात्कार करते हैं, तब हम न केवल अपनी पीड़ा को समझते हैं, बल्कि उस पीड़ा के पीछे छिपे सत्य को भी खोजते हैं। यह आत्म-चिंतन हमें यह प्रश्न करने के लिए प्रेरित करता है कि यह दुख कहां से आया? यह मुझे क्या सिखाने आया है? यह मुझे मेरे सत्य के कितना निकट ले गया?

प्रेम वह अग्नि है, जो हृदय को पिघलाती है और आंसू वह अमृत हैं, जो उस पिघले हृदय से टपकते हैं। प्रेम में बहने वाले आंसू हृदय की वह पवित्र भेंट हैं, जो प्रेमी को अपने प्रिय के और निकट ले जाती है, वह माता का अपने संतान के लिए अथाह स्नेह है और प्रेमी का अपने प्रिय के लिए तड़पन है। आंसू प्रेम की उस गहराई को उजागर करते हैं, जो शब्दों से परे है।

जब हम अपने प्रेम के आंसुओं से साक्षात्कार करते हैं, तब हम यह समझने की कोशिश करते हैं कि यह प्रेम हमें क्या सिखाता है। क्या यह प्रेम हमें स्वार्थ से मुक्त करता है, या हमें और बांधता है? क्या यह प्रेम हमें सत्य के निकट ले जाता है, या हमें भ्रम में उलझाता है? आत्म-चिंतन का यह गहरा संवाद हमें प्रेम की वास्तविकता को समझने की शक्ति देता है, और हमें उस पवित्र प्रेम की ओर ले जाता है, जो न केवल व्यक्तिगत, बल्कि विश्वजनीन भी है।



आंसू वह सेतु हैं, जो मानव को मानवता से जोड़ते हैं। जब हम किसी के दुख को देखकर आंसू बहाते हैं, तो वह करुणा का प्रतीक है। करुणा वह गुण है, जो हमें दूसरों की पीड़ा को अपनी पीड़ा समझने की शक्ति देता है। आंसू इस करुणा को व्यक्त करने का सबसे शुद्ध माध्यम हैं। आत्म-चिंतन हमें यह समझने में मदद करता है कि हमारी करुणा कितनी गहरी है, और क्या वह केवल बाहरी प्रदर्शन है, या हृदय की गहराई से निकलती है।

आंसू वह विश्वजनीन भाषा हैं, जो हर संस्कृति, हर धर्म, हर देश में समझी जाती है। यह वह जल है, जो मानवता को एक सूत्र में पिरोता है। चाहे वह युद्ध में खोए प्रिय की स्मृति में बहने वाले आंसू हों, या किसी अनजान की पीड़ा को देखकर उमड़ने वाले आंसू, ये सभी मानवता के साझा दुख और प्रेम को व्यक्त करते हैं। मगर अपने आंसुओं से दूरी हमें इस विश्वजनीन भाषा को समझने से रोकती है। आत्म-चिंतन के माध्यम से अपने आंसुओं से मिलन हमें इस पवित्र जल की गहराई तक ले जाता है, हमें यह समझने में मदद करता है कि हमारी संवेदनाएं हमें विश्व के और निकट कैसे लाती हैं।

आज के युग में, जब कृत्रिमता सच्चाई पर हावी हो जाती है, हमें आंसुओं का मोल समझना होगा। हमें उन आंसुओं से बचना होगा, जो केवल बाहरी प्रदर्शन के लिए बहाए जाते हैं। अपने आंसुओं से साक्षात्कार करना आत्म-चिंतन का वह मार्ग है, जो हमें हमारी संवेदनशीलता के और निकट ले जाता है। यह आत्म-चिंतन हमें यह प्रश्न करने के लिए प्रेरित करता हैः मेरे आंसू कहां से आते हैं? वे मेरे हृदय के किस सत्य को उजागर करते हैं? क्या वे मुझे मेरे सत्य के और निकट ले जाते हैं? यह गहरा संवाद हमें हमारी मानवता की गहराई तक ले जाता है, जहां हम न केवल अपनी भावनाओं को समझते हैं, बल्कि विश्व के साथ एक गहरे संबंध को अनुभव करते हैं।

आंसू वह पवित्र जल हैं, जो मानव जीवन की हर भावना को अपने में समेट लेते हैं। वे दुख को शांत करते हैं, प्रेम को गहराई देते हैं और करुणा को जन्म देते हैं। आंसू वह अनमोल रत्न हैं, जो हमें हमारी संवेदनशीलता से जोड़ते हैं। आत्म-चिंतन के माध्यम से अपने आंसुओं से साक्षात्कार करना हमें न केवल अपने सत्य से जोड़ता है, बल्कि हमें उस विश्वजनीन सत्य तक ले जाता है, जहां मानवता का मोल सर्वोपरि है। इसलिए जब अगली बार आंसू उमड़ें, उन्हें रोकें नहीं, उन्हें बहने दें, क्योंकि वे हृदय का सबसे पवित्र जल है।

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**
परिजनों और स्वयं के स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें। अपने महत्वपूर्ण सामानों को सम्भालकर रखें। रुके हुये कार्यों को लेकर थोड़ा चिन्तित हो सकते हैं।

**वृषभ**
महिलाओं के लिये दिन बहुत ही अच्छा है। प्राइवेट नौकरी कर रहे लोगों की बॉस प्रशंसा कर सकते हैं। लोग आपकी बातों को अत्यधिक महत्व देंगे।

**मिथुन**
बैंकिंग और मैनेजमेन्ट से जुड़े लोगों के लिये दिन बहुत अच्छा है। सोशल मीडिया में आपके नये मित्र बन सकते हैं। व्यावसायिक उद्देश्य को लेकर यात्रा कर सकते हैं।

**कर्क**
बच्चे पढ़ाई में अति उत्तम प्रदर्शन करेंगे। आवश्यक कार्यों को समय पर पूर्ण कर लेंगे। प्रशासन से जुड़े लोगों को ख्याति मिल सकती है। स्वास्थ्य में सुधार आयेगा।

**सिंह**
आज आप अत्यन्त प्रसन्नता महसूस करेंगे। दाम्पत्य जीवन खुशहाल रहेगा। प्रेम सम्बन्धों का भरपूर आनन्द उठायेंगे। सम्पत्ति विवादों का निपटारा होगा।

**कन्या**
आज आप एक साथ कई सारे काम करने से बचें। महिलाओं को पीठ दर्द की शिकायत हो सकती है। आपके ऊपर घर वालों का दबाव रहेगा।

**तुला**
अपने लक्ष्यों के प्रति अत्यन्त गम्भीर रहेंगे। परिजनों के साथ आप महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा कर सकते हैं। आय के नये स्रोत होने की सम्भावना बन रही है।

**वृश्चिक**
कोई बड़ा कार्य होने से प्रसन्नता का अनुभव करेंगे। अधिक सोचने के कारण सिरदर्द की समस्या हो सकती है। बड़े बुजुर्गों से आपकी मत भिन्नता दूर होगी।

**धनु**
कार्यक्षेत्र में आपको अत्यधिक परिश्रम करना पड़ेगा। आवश्यक वस्तुओं को खरीदने के लिये बाजार जा सकते हैं। नकारात्मक लोगों की संगत आपको बचना चाहिये।

**मकर**
जीवनसाथी के स्वास्थ्य की चिन्ता रहेगी। अपेक्षित कार्य समय से पूर्ण न होने से थोड़े उदास हो सकते हैं। परोपकार के कार्यों में धन खर्च होगा। किसी काम में मन नहीं लगेगा।

**कुंभ**
सन्तान के भविष्य की चिन्ता दूर होगी। धन के लेन-देन में आपको सावधानी रखनी चाहिये। ससुराल पक्ष से आपको सम्मान प्राप्त होगा। घर का वातावरण सुखद रहेगा।

**मीन**
माता-पिता से आपको महत्वपूर्ण सलाह मिल सकती है। सामाजिक कार्यों में आप भाग लेंगे। मांगलिक कार्यक्रमों में आप सम्मिलित हो सकते हैं।

# 3.52 करोड़ की पेंशन राशि की गई खातों में अंतरित

## लाभुकों के खाते में बढ़ी हुई पेंशन राशि का किया गया भुगतान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**बेगूसराय।** मुख्यमंत्री सचिवालय से आयोजित एक राज्यव्यापी कार्यक्रम अंतर्गत पूरे बिहार के सभी 6 सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं के लाभार्थियों को जून माह से बढ़ी हुई दर 1100 रुपया से डीबीटी के माध्यम से सभी के खाते में राशि का हस्तांतरण किया गया। इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम का सीधा प्रसारण जिला अंतर्गत जिला मुख्यालय, प्रखंड मुख्यालय, पंचायत कार्यालय, नगर निकायों तथा सभी राजस्व ग्राम स्तर पर आयोजित किया गया। जिलास्तर पर यह कार्यक्रम प्रेक्षा गृह आर्ट गैलरी, कंकौल में आयोजित किया गया। जिला पदाधिकारी द्वारा मंत्री को शॉल एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। इसके बाद सभी सम्मानित अतिथियों को उप विकास आयुक्त द्वारा शॉल एवं मोमेटों से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में विडियो कन्फ्रेंसिंग के माध्यम से मुख्यमंत्री द्वारा सभी लाभुकों को संबोधित किया गया। डीबीटी के माध्यम से सभी लाभुकों के खाते में जून माह का पेंशन 1100 रुपये हस्तांतरित किया गया। इस अवसर पर मंत्री ने सभी लाभुकों का स्वागत करते हुए कहा कि आज का दिन बिहार के लिए स्वर्णित दिन है। मुख्यमंत्री द्वारा आप सभी के खाते में 1100 रुपये पेंशन भेज दिया गया है। प्रत्येक माह के 10 तारीख मुख्यमंत्री ने निर्देश पर आपके खाते में पेंशन की 1100 रुपये राशि आ जाएगी। उन्होंने कहा कि जब भी पहले क्षेत्र में जाते थे तो माताएं भाई कहते थे कि 400 में क्या होगा। लेकिन मुख्यमंत्री ने 1100 रुपये पेंशन करके सभी पेंशनधारियों को सम्मान देने का काम किया है। सरकार समाज के सभी वर्गों की चिंता कर रही हैं। चाहे वह हमारे किसान हो गरीब हो युवाओं हो या महिलाएं हो सभी को सरकार आगे बढ़ाने का काम कर रही है। इस योजना का मुख्य उद्देश्य समाज के कमजोर वर्ग के लोगों को सहायता और संबल प्रदान करना है। ताकि उनके आत्मसम्मान में वृद्धि हो तथा उन्हें गरिमापूर्ण जीवन जीने का अवसर मिले।विधायक मटिहानी ने कहा कि सरकार ने ऐतिहासिक फैसल किया है। इसी कड़ी में आज सामाजिक सुरक्षा अंतर्गत सभी पेंशन योजनाओं की राशि 400 से बढ़कर 1100 किया गया। इस अवसर पर जिला पदाधिकारी ने सभी उपस्थित अतिथियों का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि आज का दिन बहुत ही ऐतिहासिक दिन है। खासकर सामाजिक सुरक्षा विभाग के लिए, क्योंकि बिहार सरकार की जो पेंशन की राशि थी। विधवा पेंशन, वृद्धावस्था पेंशन विकलांगता पेंशन आदि सभी को 400 से बढ़कर 1100 किया गया है। इस अवसर पर मंत्री भूमि सुधार एवं राजस्व विभाग सह प्रभारी मंत्री संजय सरावगी, जिला पदाधिकारी तुषार सिंगला, पुलिस अधीक्षक मनीष, विधायक मटिहानी राजकुमार सिंह, विधायक बेगूसराय कुंदन कुमार, महापौर नगर निगम पिंकी देवी, उपमहापौर नगर निगम अनिता राय, बीस सूत्री के जिला उपाध्यक्ष रूद्र राय, संजय वर्मा, जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी, अपर समाहर्ता, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा कोषांग बेगूसराय सहित सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के लाभुक उपस्थित थे।

## सामाजिक सुरक्षा पेंशन का भुगतान

**बेगूसराय (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** जिला सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा कोषांग नेहा कुमारी ने कहा कि जिले के 2 लाख 77 हजार 472 पेंशन के लाभुकों को 1100 रुपये की दर से 30 करोड़ 52 लाख 19 हजार 200 रुपया राशि हस्तांतरित की गई। जिसमें से इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन के 93 हजार 408 लाभुकों को 10 करोड़ 27 लाख 48 हजार 800 रुपये, मुख्यमंत्री वृद्धजन पेंशन योजना के 1 लाख 9 हजार 8 सौ 19 लाभुकों को 12 करोड़ 8 लाख 900 रुपये, बिहार निःशक्ता पेंशन योजना के 23 हजार 275 लाभुकों को 2 करोड़ 56 लाख 2 हजार 500 रुपये, लक्ष्मीबाई सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के 30 हजार 110 लाभुकों को 3 करोड़ 31 लाख 21 हजार रुपये, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय निःशक्ता पेंशन योजना के 3 हजार 186 लाभुकों को 35 लाख 4 हजार 600 रुपये एवं इंदिरा गांधी राष्ट्रीय विधवा पेंशन योजना के 17 हजार 674 लाभुकों को 1 करोड़ 94 लाख 41 हजार 400 रुपये राशि हस्तांतरित की गई है। इसके साथ ही सामाजिक सुरक्षा कोषांग अंतर्गत अंतरजातीय विवाह के 12 लाभुकों एवं दो निःशक्तजन विवाह के लाभुकों को मंत्री द्वारा एक लाख रुपये का एफडी चेक दिया गया।

## एक नजर

### सरपंच पद पर अर्जुन पासवान विजयी

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखंड के हसनपुर बागर पंचायत में सरपंच पद पर अर्जुन पासवान विजयी हुए। उन्होंने रामाश्रय पासवान पूर्व सरपंच को 1474 मतों से पराजित किया। शुक्रवार को किसान भवन में हुई मतगणना में अर्जुन पासवान को 2854 मत मिले जबकि रामाश्रय पासवान को 1380 मत प्राप्त हुए। प्रखंड निर्वाची अधिकारी सह बीडीओ चिरंजीव पाण्डेय ने बताया कि कड़ी सुरक्षा के बीच मतगणना का कार्य प्रारंभ हुआ।यह पद सरपंच राजेन्द्र चौधरी की मृत्यु के बाद खाली था। वहीं इसी पंचायत में वार्ड संख्या -4में ग्राम कचहरी सदस्य के रिक्त पद पर भी चुनाव हुआ। इसमें अब्दुस्सलाम 46 मतों से विजयी घोषित किए गए। अब्दुस्सलाम को 198 मत मिले वहीं मो मुमताज को 152 मत मिले।

### खाद्य गोदाम के मजदूरों की हड़ताल जारी

**बीहट (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** बरौनी प्रखंड मुख्यालय स्थित राज्य खाद्य निगम गोदाम बरौनी के मोटिया मजदूरों का तीसरा दिन हड़ताल जारी रही। ज्ञातव्य हो की अल फुट एंड एलाइड के बैनर तले 9 जुलाई से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए हैं। जिससे बरौनी गोदाम से खाद्यान्न का उठाव ठप हो गया है। मजदूरों के सरदार सह यूनियन अध्यक्ष जयजयराम पासवान ने बताया कि हम सभी मजदूरों का कई माह से भुगतान लंबित है। पीएफ की राशि का भी भुगतान नहीं किया जा रहा है। जब तक हम सभी मजदूरों की मांगें पूरा नहीं होगी तब तक अनिश्चितकालीन हड़ताल जारी रहेगी। मौके पर अजय कुमार महतो, उपेंद्र पासवान, राज कपूर पासवान, राजकुमार पासवान, अजय, रोहित, सोनेलाल आदि थे।

### विश्व जनसंख्या दिवस पर जागरुकता रैली

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** विश्व जनसंख्या दिवस पर पीएचसी नावकोठी में जागरूकता रैली शुक्रवार को निकाली गई। इसका नेतृत्व प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डा राजीव रंजन चौधरी ने किया। उन्होंने कहा कि जनसंख्या में तेजी से हो रही वृद्धि विकास में बाधक है। परिवार में अधिक संतान होने से उसका उचित लालन, पालन, शिक्षा, दीक्षा नहीं हो पाता है। सुखी परिवार के लिए सीमित संतान का होना जरूरी है। इसके लिए अस्थायी गर्भनिरोधक साधनों का उपयोग अपनी सुविधानुसार अपनाकर अथवा गर्भनिरोध के स्थायी साधन बंध्याकरण, नसबंदी कराया जा सकता है। 31 जुलाई तक परिवार कल्याण पखवाड़ा आयोजित है। इसमें परिवार को सीमित रखने हेतु बंध्याकरण, नसबंदी की सुविधा प्रदान की जाएगी। इच्छुक लोगों को इससे लाभ लेने की अपील की। कम संतान, सुखी इंसान, गर्भनिरोधक साधन अपनायेगें,परिवार में संतान की सख्या कम रखेंगे आदि स्लोगन के साथ मुख्य सड़क पर भ्रमण कर लोगों को जागरूक किया। मौके पर बीएचएम आनंद ईश्वर, बी सीएम उषा कुमारी, काउंसलर राजकुमार सिंहा, जी एनएम रवि शंकर, संदीप चद्रा, राहुल कुमार, रौशन कुमारी, ममता कुमारी, पूनम भारती आदि ने शिरकत किया।

### कोटवा में दो मामलों में की गई कुर्की

**कोटवा (पूर्वी चंपारण) (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** एसपी स्वर्ण प्रभात के निर्देश पर कोटवा पुलिस ने पूरी सुरक्षा व्यवस्था के साथ गुरुवार को कुर्की अभियान चलाया। कुर्की जब्ती की सूचना मिलते ही एक आरोपी ने थाने पहुंचकर आत्मसमर्पण कर दिया जबकि दो आरोपियों के यहां कुर्की की कारवाई की गई है। मिली जानकारी के अनुसार पुलिस की कुर्की को देखते हुए बडहरवा के परमेश्वर प्रसाद ने थाने पर पहुंचकर आत्मसमर्पण कर दिया। उसके विरुद्ध कोर्ट से वारंट निर्गत था। इसके अलावा राजापुर निवासी नवल राय के घर पुलिस टीम ने कुर्की की कार्रवाई की है। नवल राय के विरुद्ध पूर्व से आपराधिक मामले चल रहे हैं जिसमें वह लगातार फरार चल रहा था। इसके अलावा पुलिस व सुरक्षा बलों ने कोटवा मार्केट में स्थित अख्तर मियां के घर कुर्की की कार्रवाई की है। कुर्की की कार्रवाई में सब इंस्पेक्टर सूर्यकांत प्रसाद, दीप्ति कुमारी, सतीश सुमन, सहायक अवर निरीक्षक अभिजीत पासवान आदि उपस्थित थे।

## सामाजिक सुरक्षा पेंशन को लेकर शिविर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नावकोठी।** प्रखंड के सभी पंचायतों के राजस्व ग्राम में सामाजिक सुरक्षा पेंशन के लाभुकों का शिविर शुक्रवार को आयोजित किया गया। इसमें राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन, मुख्यमंत्री वृद्धावस्था पेंशन, लक्ष्मीबाई विधवा पेंशन, दिव्यांगजन पेंशन योजना के लाभुकों शामिल हुए। कैंप की सफलता के लिए नोडल पदाधिकारी, बीएलओ, पंचायत सचिव, राजस्व कर्मचारी, पंचायत रोजगार सेवक, आवास सहायक, विकास मित्र, टोला सेवक, आंगनबाड़ी सेविका, जीविका कर्मी आदि को प्रतिनियुक्त किया गया था। प्रतिनियुक्ति कर्मियों ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के द्वारा जारी मुदित संदेश को पढ़कर सुनाया। बीडीओ चिरंजीव पाण्डेय ने बताया कि प्रखंड के 11334 सामाजिक सुरक्षा पेंशन के लाभुकों को राज्य के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार उनके खाते में पेंशन की बढ़ी हुई राशि डीबीटी के माध्यम से भेजा है। पूर्व में लाभुकों को यह राशि 400 रुपये प्रति माह दी जाती थी।जून 25 से इस राशि को बढाकर 1100 रूपये प्रति माह देने का ऐतिहासिक निर्णय लिया था। इस बढी हुई राशि संपूर्ण प्रदेश में एक साथ भेजा गया है। इसके लिए सभी 35 राजस्व ग्राम के चिह्नित स्थानों पर कैम्प का आयोजन हुआ। इस अवसर पर पंचायत सचिव राम विनय सिंह, सुनील सिंह,राजस्व कर्मचारी अखिलेश्वर राम, अवधेश कुमार ,महिला पर्यवेक्षिका सिंकी कुमारी, रिंटू कुमारी,बीएलओ कन्हैया कुमार,कार्यपालक सहायक रवि शंकर,राजकुमार,अशोक कुमार, मुकुद कुमार, श्रवण कुमार,

## दिशा की बैठक में विकास योजनाओं की समीक्षा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बेगूसराय।** कारगिल विजय सभा भवन में जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता मंत्री वस्त्र मंत्रालय भारत सरकार सह सांसद गिरीराज सिंह ने की। बैठक में मुख्य रूप से आगामी बाढ़ की तैयारी, आपूर्ति विभाग, शिक्षा विभाग का मुद्दा छाया रहा। सर्वप्रथम पूर्व की बैठक में सदस्यों द्वारा उठाये गये पूर्व की बैठक में उठाये गये मामलों का अनुपालन प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। मंत्री द्वारा सदस्यों द्वारा उठाये गये जांच के मामले में जनप्रतिनिधियों को भी शामिल करने तथा जांच प्रतिवेदन में जनप्रतिनिधियों से भी हस्ताक्षर कराने का निर्देश दिया गया। साथ ही दिशा की बैठक में उठाये गये मामलों का अगले 15 दिनों के अंदर निष्पादन हेतु अग्रेतर कार्रवाई कराने हेतु निर्देशित किया गया। आपदा की तैयारी की समीक्षा की गई तथा संभावित बाढ़ को लेकर कमन कीचर, पशुओं के लिए चारा, काम्युनिटी सेंटर, संपूर्ति पोर्टल पर तैयारी दुरूस्त रखने का निर्देश दिया, ताकि संभावित बाढ़ के समय लोगों को कोई भी परेशानी न हो। विधायक मटिहानी द्वारा शाम्हो प्रखंड में पूर्व के बाढ़ के समय कार्य करने वाले नाविकों के लंबित भुगतान को अविलंब कराने का अनुरोध किया गया। सांसद द्वारा पिछली बैठक में विद्यालयों में बोरिंग कराये गये वेंडरों की भुगतान संबंधित जानकारी जिला शिक्षा पदाधिकारी से प्राप्त की। जिस पर जिला शिक्षा पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि सभी वेंडरों का भुगतान हो गया है। वहीं शिक्षा विभाग के कई मामलों का अनुपालन नहीं होने पर अध्यक्ष द्वारा नाराजगी जाहिर की गई। जिला पदाधिकारी को इसकी अपने स्तर से समीक्षा करने का निर्देश दिया गया। आपूर्ति विभाग की समीक्षा करते हुए सांसद द्वारा पिछली बैठक में जिले में 19328 एमटी टन बैकलग रहने का मामला उठाया था। जिस पर आपूर्ति पदाधिकारी से अनुमंडलवार इसकी समीक्षा कर प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया था।अनुपालन प्रतिवेदन स्पष्ट नहीं रहने पर अध्यक्ष द्वारा काफी नाराजगी जाहिर करते हुए आपूर्ति पदाधिकारी से स्पष्ट प्रतिवेदन की मांग की। उन्होंने जिला पदाधिकारी को इसके लिए जाँच कमेटी बनाने का निर्देश दिया। बैठक में खेल मंत्री सुरेन्द्र मेहता, जिला पदाधिकारी तुषार सिंगला, पुलिस अधीक्षक मनीष, विधान पार्षद सर्वेश कुमार, नगर विधायक कुंदन कुमार, मटिहानी विधायक राजकुमार सिंह, बखरी विधायक सुरेन्द्र पासवान, तेघड़ा विधायक रामरतन सिंह, चेरियाबरियारपुर विधायक राजवंशी महतो, जिला परिषद अध्यक्ष सुरेन्द्र पासवान, महापौर नगर निगम पिंकी देवी, सभी प्रखंडों के प्रखंड प्रमुख, उप विकास आयुक्त बेगूसराय, नगर आयुक्त नगर निगम, सिविल सर्जन, बेगूसराय, जिला परिवहन पदाधिकारी, सभी अनुमंडल पदाधिकारी सभी विभागों के जिला स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

## न्यू अमृत जीवन में महिला ने तीन बच्चों को जना, तीनों सुरक्षित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**बेगूसराय।** जिस उद्देश्य से मैं न्यू अमृत जीवन आईसीयू खोला था वह आज पूरा हो गया। इससे आज मुझे बहुत खुशी हासिल हुई है। उक्त बातें न्यू अमृत जीवन के निदेशक डा. कृष्ण कुमार ने कही। उन्होंने कहा कि न्यू अमृत जीवन के स्त्री रोग विशेषज्ञ के साथ ही अन्य विशेषज्ञ चिकित्सक व स्वास्थ्य कर्मियों ने चार जिंदगियां को बचाया है। उससे मैं गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं। मुझे उम्मीद है भविष्य में भी न्यू अमृत जीवन अस्पताल इस उपलब्धि को कायम रखेगा। शुक्रवार को डा. कृष्ण कुमार ने बताया कि उनके मुंगेरीगंज स्थित न्यू अमृत जीवन अस्पताल में मध्य रात्रि के समय एक महिला मरीज लायी गयी। जो कई चिकित्सकों के यहां से रेफर हो चुकी थी। वह काफी नाजुक स्थिति में थी। इसके बावजूद हमारे अस्पताल ने उसे अपने यहां एडमिट किया और इलाज प्रारंभ किया। चिकित्सकों ने जब देखा तो पता लगा कि महिला के पेट का साइज सामान्य से अधिक है। उसके बाद उन लोगों ने अल्ट्रासाउंड करवाया गया। जिसमें तीन बच्चे होने की जानकारी मिली। जच्चा और बच्चा का बचना मुश्किल था। अस्पताल के चिकित्स्कों ने अपनी सूझबूझ और अनुभव के सहारे जच्चा सहित तीनों बच्चों को सुरक्षित गर्भ से बाहर निकाल लिया। एक बच्चा सीरियस अवस्था में था। जिसे काली स्थान स्थित अपने ओस्लो चिल्ड्रन हस्पिटल में इलाज किया। अब वह भी सुरक्षित है । डा. कृष्ण कुमार ने बताया कि बच्चा सामान्य रूप से नहीं हो सकता था। इसलिए चिकित्सकों की टीम ने ऑपरेशन करना ही उचित समझा। अपरेशन के बाद तीनों बच्चों को बाहर निकाल लिया गया । विदित हो कि भर्रा ग्राम निवासी ज्योति कुमारी नाम की एक महिला ने एक साथ तीन बच्चों को जन्म दिया।

## स्वयं सेविकाओं ने मनाया विश्व जनसंख्या दिवस

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मोतिहारी।** शहर के डॉक्टर श्री कृष्ण सिन्हा महिला महाविद्यालय मोतिहारी में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की स्वयं सेविकाओं के द्वारा विश्व जनसंख्या दिवस मनाया गया। यह कार्यक्रम पूर्व प्राचार्य प्रो. डॉ. किरण कुमारी की अध्यक्षता में किया गया। उन्होंने कहा कि जनसंख्या संबंधित समस्याओं पर वैश्विक चेतना जागृत करना समय की मांग है। राजनीति शास्त्र की विभागाध्यक्ष डॉ. दीपमाला श्रीवास्तव ने कहा कि आज की युवा पीढ़ी को स्वास्थ्य, शिक्षा, आर्थिक अवसरों के बारे में जानना एवं विकल्प चुनने में समर्थ होना चाहिए। एन एस एस पदाधिकारी डॉ. अर्पणा ने कहा कि हमें बढ़ती जनसंख्या के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक होना पड़ेगा। इस वर्ष की थीम को बताते हुए डॉक्टर अर्पणा ने प्राकृतिक संसाधनों के सही तरीके से प्रयोग करने की बात कही। इस महाविद्यालय की छात्राएं जो एन एस एस की स्वयं सेविकाएं हैं उनमें से स्तुति, अनीता, निशात, नाजिया ने पोस्टर प्रदर्शनी में भाग लिया। नीतू, निशांत, श्रुति, परिणीता, अनीता, रिजवाना प्रिया, मुस्कान ने भाषण प्रतियोगिता में भाग लिया। जनसंख्या नियंत्रण संबंधित उपायों पर छात्राओं ने भाषण में खुलकर अपने विचारों को प्रस्तुत किया।वहीं कुछ लड़कियों ने कविता पाठ किया। कार्यक्रम में हिंदी विभाग की अध्यक्ष डॉ. कुमारी रोशनी विश्वकर्मा भी उपस्थित रहीं।

## सावन के पहले दिन शिवालयों में उमड़ी भक्तों की भीड़

**मसौढ़ी (नबिटा संवाददाता)।** शुक्रवार से सावन माह शुरू हो चुका है. सावन के पहले दिन शिवमंदिरों में भक्तों की भीड़ जुटनी शुरू हो गई है। मसौढ़ी में सावन के पहले दिन शिव मंदिरों में शिव भक्त शिवजी का जलाभिषेक करते नजर आए। महिलाएं और पुरुष भगवान शिव का अभिषेक करने मंदिर पहुंचे. इस दौरान भक्तों ने 'हर हर महादेव' और 'बोल बम' के जयकारे लगाए. मसौढ़ी के सभी शिवालयों में जिसमें श्रीरामनाथेश्वर मंदिर, श्रीरामजानकी ठाकुरवाडी मंदिर, मणीचक शिवमंदिर, लक्खीबाग शिव मंदिर एवं धनरूआ के विर ओरियारा शिव मंदिर के अलावा छाता गांव से शिव मंदिर समेत सभी शिवालियों में शिव भक्तों के भीड़ में रही सुबह-सुबह श्रद्धालु जलाभिषेक करते देखे। गोपाल पांडे ने बताया, आज से सावन का महीना शुरू हो गया है. सावन के सोमवार को भगवान शिव के भक्त व्रत रखते हैं।


**पूर्व रेलवे**

**सं. ओ–एसी–टी–71–25–26 (खुली), दिनांक** 10.07.2025, मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, आसनसोल, पिन–713301 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई–निविदाएँ (खुली) आमंत्रित की जाती हैं: **केस सं. ओ–एसी–टी–71–25–26, कार्य का नाम:** आसनसोल मंडल के लिए पाकुड़/तिलभीटा क्वैरी से बीओबीवाईएन प्रकार के रेलवे वैगनों में 74901.60 घनमी. मशीन खंडित हार्ड स्टोन ट्रैक बैलस्ट की आपूर्ति, लीडिंग एवं लोडिंग के लिए खुली निविदा। **बोली प्रणाली :** दो पैकेट। **निविदा मूल्य :** रु. 11,19,65,158.73, **बयाना राशि :** रु. 7,09,800/–, **कार्य की समापन अवधि:** 12 माह । **बंद होने की तिथि और समय:** दिनांक 01.08.2025 को 12.00 बजे। संपूर्ण संपूर्ण विवरण रेलवे की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** में देखा जा सकता है।

ASN-117/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter



**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना सं.: ईएल/एचडब्ल्यूएच/25/21 (सूचना)/684, दिनांक:** 10.07.2025, मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, डीआरएम बिल्डिंग, हावड़ा स्टेशन के पास, हावड़ा–711101 द्वारा निम्नलिखित विद्युत कार्य के निष्पादन के लिए खुली ई–निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं: **क्रम सं.1, निविदा सं. ईएल–एचडब्ल्यूएच –25–21–3451, कार्य का नाम :** "बैण्डेल स्टेशन में प्लेटफॉर्म नं. 1 के विस्तार" के संबंध में विद्युत (सामान्य) कार्य। **निविदा मूल्य :** रु. 1,71,614/– **बोली प्रतिभूति (बयाना राशि जमा):** रु. 3,400/–, **क्रम सं.2, निविदा सं. ईएल–एचडब्ल्यूएच –25–21–3463, कार्य का नाम :** "हावड़ा डीजल शेड–इलेक्ट्रिक लोकोमोटिव (फेज–II) के आवास हेतु डीजल शेडों में सुविधाओं के विस्तार" के संबंध में विद्युत (सामान्य) कार्य। **निविदा मूल्य :** रु. 60,13,923/–, **बोली प्रतिभूति (बयाना राशि जमा):** रु. 1,20,300/–, **समापन अवधि:** 180 दिन (क्रम सं. 1 एवं 2 प्रत्येक के लिए)। **अंतिम तिथि और समय:** 01.08.2025 को 15.00 बजे। यदि निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लिखित अंतिम तिथि को किसी भी कारण से अवकाश/बंद/हड़ताल घोषित किया जाता है, तो ऑनलाइन निविदा की अंतिम तिथि नहीं बदली जाएगी क्योंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट में किया गया आवेदन, निविदा की अंतिम तिथि और समय के बाद किसी भी प्रस्ताव को जमा करने की अनुमति नहीं देता है। तथापि निविदा की अंतिम तिथि और समय के बाद किसी भी सुविधाजनक दिवस को निविदाएँ ऑनलाइन खोली जाएंगी। निविदा का विवरण वेबसाइट: **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदाकारों से अनुरोध है कि अपने प्रस्ताव को उपर्युक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन जमा करें।

HWH-187/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट: www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter


## माउंट लिट्रा स्कूल में जनसंख्या नियंत्रण पर नाटक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बेगूसराय।** विश्व जनसंख्या दिवस 2025 के अवसर पर माउंट लिट्रा पब्लिक स्कूल, बेगूसराय के विद्यार्थियों ने जनसंख्या नियंत्रण के प्रति लोगों को जागरूक करने हेतु शहर के विभिन्न प्रमुख स्थलों पर नुक्कड़ नाटक और नृत्य प्रस्तुतियाँ दीं। इस वर्ष की थीम थी एक निष्पक्ष और आशावादी दुनिया में अपनी इच्छानुसार परिवार बनाने के लिए युवाओं को सशक्त बनाना। विद्यार्थियों ने शहनाज हुसैन सैलून के सामने, कपस्या चौक, और रिफाइनरी टाउनशिप को-अपरेटिव मार्केट में जाकर शानदार नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किए। नाटकों के माध्यम से उन्होंने बताया कि बढ़ती जनसंख्या किस प्रकार संसाधनों पर दबाव बना रही है और इसके क्या दुष्परिणाम हो सकते हैं। साथ ही विद्यार्थियों ने सिमित हैं मेरे संसार के साधन... जैसे भावों पर आधारित नृत्य प्रस्तुत कर लोगों का ध्यान संसाधनों की सीमितता और जनसंख्या संतुलन की आवश्यकता की ओर आकर्षित किया। इस अवसर पर विद्यालय की प्राचार्या ड शीतल देवा ने कहा छात्रों द्वारा प्रस्तुत यह प्रयास न सिर्फ सामाजिक जागरूकता का माध्यम है। बल्कि यह आने वाली पीढ़ी को जिम्मेदार नागरिक बनने की दिशा में प्रेरित करता है। बच्चों का आत्मविश्वास, अभिनय और संदेश देने की शैली अत्यंत प्रभावशाली रही।विद्यालय के निदेशक डा. मनीष देवा ने अपने विचार साझा करते हुए कहा जनसंख्या नियंत्रण आज के समय की आवश्यकता है। हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि हमारे युवा सही जानकारी के साथ सशक्त बनें ताकि वे अपने जीवन में संतुलन और सोच-समझकर निर्णय ले सकें। हमारे विद्यार्थियों ने जिस भाव और समर्पण से यह प्रस्तुति दी, वह प्रशंसनीय है।विद्यालय परिवार द्वारा आयोजित यह जागरूकता अभियान न केवल शिक्षाप्रद रहा। बल्कि दर्शकों में भी सोचने की लहर छोड़ गया।

## गाजे-बाजे के साथ निकली भव्य कलश यात्रा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**मांझी (सारण)।** मांझी प्रखंड के गोबरही स्थित शिव शक्ति धाम मंदिर परिसर में रविवार से शुरू होने वाले 24 घंटे के अखंड अष्टयाम एवं सावन माह के शुभारंभ के मद्देनजर शुक्रवार को गाजे-बाजे के साथ भव्य कलश यात्रा निकाली गई। शिव मंदिर परिसर से शुरू हुई यह लगभग पांच किलोमीटर लंबी यात्रा गोबरही टोला, गोबरही, चेंफुल और ताजपुर होते हुए डुमाईगढ़ घाट तक पहुंची। इसमें हजारों की संख्या में महिला व पुरुष श्रद्धालु शामिल हुए। ड्यूमाइगढ़ घाट से पवित्र सरयू जल भरकर श्रद्धालु मंदिर परिसर पहुंचे और भगवान भोलेनाथ को जल अर्पित किया। कलश यात्रा को लेकर मंदिर परिसर को विशेष रूप से सजाया और संवारा गया था। परिसर के बाहर फूल-माला, सौंदर्य प्रसाधन, फल-मिठाई, चाट-समोसे और जलेबी की दर्जनों दुकानें सजी थीं, जिन पर सुबह से ही महिलाओं और बच्चों की भीड़ उमड़ी रही। श्रद्धालुओं के लिए विभिन्न स्थानों पर शरबत के स्टॉल भी लगाए गए थे। डीजे की धुन पर सैकड़ों युवक-युवतियां 'जय शिव' के उद्घोष के साथ नाचते-गाते श्रद्धा में लीन दिखे। इस कलश यात्रा में मुख्य रूप से मंदिर के संयोजक विजय सिंह, अजय सिंह, भरत सिंह (सरपंच), जदयू नेता सुनील सिंह, गजेंद्र सिंह, शिवनाथ यादव, उमेश सिंह, रिंकू सिंह, अरुण सिंह, अमरेश सिंह, शेषनाथ गिरी और डॉ. संजीव प्रसाद समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल रहे।

## पीएम के मोतिहारी आगमन की तैयारी को लेकर बैठक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मोतिहारी (पूर्वी चंपारण)।** 18 जुलाई को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगमन की तैयारी को लेकर मोतिहारी विधानसभा के सोशल मिडिया एवं आईटी सेल की एक महत्वपूर्ण बैठक शुक्रवार को मोतिहारी ब्लॉक के निकट जनसंवाद केंद्र में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बिहार भाजपा आईटी सेल के सह संयोजक सोमेश पाण्डेय मुख्य रूप से शामिल हुए। श्री पाण्डेय ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान समय में सोशल मिडिया और आईटी की भूमिका बहुत ही महत्वपूर्ण है। सोशल मिडिया एक विशाल समुद्र है और यह आपकी रणनीतिक क्षमता पर निर्भर है कि आप उसमें गोता लगा कर कितने रत्न हासिल करते हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री का बिहार में 53 वीं और चंपारण की धरती पर पाँचवीं बार आगमन अपने आप में एक ऐतिहासिक घटना है। बता दे की प्रधानमंत्री का मोतिहारी में आगमन इससे पहले 9 मई 2014, 27 अक्टूबर 2015, 10 अप्रैल 2018, 01 नवंबर 2020 और 21 में 2024 में हुई थी। सोशल मीडिया के माध्यम से आईटी कार्यकर्ता इसको प्रचार का व्यापक रूप दे सकते हैं। इसके लिए आईटी सेल रणनीति तय कर के काम को गति दें।बैठक में मोतिहारी विधायक प्रमोद कुमार, जिलाध्यक्ष भाजपा पवन राज, उप महापौर डॉ0 लालबाबू प्रसाद, सोशल मिडिया जिला संयोजक पंकज सिन्हा, आईटी सेल जिला संयोजक रीषभ झा सहित प्रमुख कार्यकर्ता मौजूद थे। वही कार्यक्रम का संचालन मोतिहारी विधानसभा सोशल मिडिया संयोजक सौरभ प्रकाश एवं धन्यवाद ज्ञापन सह संयोजक सूरज कौशिक द्वारा किया गया।

## देसी कट्टा, पांच जिंदा कारतूस बरामद

### भूसा के ढेर से हुई बरामदगी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी।** पुनपुन पुलिस ने गुरुवार की दोपहर सबलपुर गांव से भूसे के ढेर में छिपा कर रखे एक देसी कट्टा दो जिंदा कारतूस के साथ एक खोखा बरामद की है। थानाध्यक्ष बेबी कुमारी ने बताया कि पुनपुन थाना अंतर्गत ग्राम सबलपुर में सूचना मिली कि दो भाइयों के बीच आपसी विवाद को लेकर फायरिंग की घटना घटी है। घटनास्थल पहुंचकर सत्यापन किया गया तो प्रमोद राय उम्र करीब 45 वर्ष पिता स्वर्गीय नागेश्वर राय ग्राम सबलपुर के द्वारा अपने सौतेले भाई शंभू प्रसाद पर फायरिंग की घटना सही पाया गया एवं उनके घर में लगे भूसा के ढेर से अवैध देसी कट्टा ,पांच जिंदा कारतूस एवं एक फायर किया हुआ खोखा बरामद किया गया है। प्रमोद राय को गिरफ्तार कर लिया गया एवं अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।बहरहाल फायरिंग की इस घटना में कहीं कोई जख्मी नहीं हुआ है।इसके साथ पुरी घटना की तफ्तीश की जा रही है।

## संक्षिप्त समाचार

### विद्युत चोरी में आठ पर केस दर्ज

**मैनाटांड/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** इनरवा थाना के दिउलीया गांव में विधुत उर्जा चोरी करने के आरोप में जेई सुशील कुमार ने थाने में एफआईआर दर्ज कराया है। थानाध्यक्ष जय कुमार ने बताया कि जेई सुशील कुमार के आवेदन पर नरेश राउत, हीरालाल हाजरा,गंगा यादव,शिव साह मुन्नी यादव,द्वारीका राउत,उगम साह,रामभजन बैठा के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर पुलिस मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

### मैनाटांड में इलेक्ट्रॉनिक स्कूटी शोरूम का उद्घाटन

**मैनाटांड/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** प्रखंड मुख्यालय स्थित मेला चौक के समिप शुक्रवार को ब्याहुत इंटरप्राइजेज इलेक्ट्रिक स्कूटी शोरूम का शुभारंभ किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में जीतलाल प्रसाद,विक्रम प्रसाद,जगत प्रसाद,संजय कुमार,राजू कुमार देव कुमार ने संयुक्त रूप से फीता काट शोरूम का उद्घाटन किया। इस अवसर पर लोगों ने वाहन खरीदा। इधर शोरूम के मालिक संजय कुमार ने ग्राहकों को स्कूटी का चाबी देकर उनका स्वागत किया। थाना प्रभारी ग्राहकों ने इलेक्ट्रिक स्कूटी वाहन का टेस्ट ड्राइव भी किया और वाहन की काफी तारीफ की। इधर कार्यक्रम में शोरूम के प्रोपराइटर जीतलाल प्रसाद ने कहा कि प्रखंड मुख्यालय में इस तरह का शोरूम खुलने से लोगों को काफी सहुलियत मिलेगी। मौके पर सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

### लड्डुओं से तौले गये युवा भाजपा नेता समृद्ध

**बेतिया/मैनाटांड/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** सिकटा के शिकारपुर गांव में मुखिया व भाजपा कार्यकताओं ने भाजयुमो के प्रदेश प्रवक्ता समृद्ध उर्फ आयुष वर्मा को लड्डू से तौला। कार्यक्रम में मुखिया अशोक कुमार उर्फ बेंचू सिंह सरपंच मनोज राव, आलोक कुंवर व लड्डू कुंवर ने पूर्व विधायक दिलिप वर्मा व आयुष वर्मा का स्वागत किया। फिर दिलीप वर्मा व आयुष वर्मा ने पूर्व मुखिया रामविनय गुप्ता,बिनोद महतो, नरसिंह मांझी, मुखिया बेचू सिंह,बुन्नीलाल पासवान, संजय सर्राफ, हरिमोहन सर्राफ, कमाख्या कुशवाहा, बलराम सिंह आदि कार्यकताओं समेत डॉ.अखलाक अहमद खां, महमूद आलम व कई गणमान्य लोगों को सम्मानित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मैनाटांड़ इनरवा के पूर्व मुखिया अशोक कुशवाहा व मंच संचालन पूर्व मंडल अध्यक्ष गोविंद साह ने किया।कार्यक्रम का नेतृत्व मुखिया बेंचू सिंह व आलोक कुंवर ने किया। वही मौके पर रूपनारायण पटेल, बुन्नीलाल पासवान, असर्फी यादव, विनोद सिंह, धन्नजय सिंह, शम्भू साह, रामाशीष बैठा,संजय सर्राफ आदि मौजूद थे।

### पेंशन राशि मे बढ़ोतरी को लेकर जागरूकता शिविर का आयोजन

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बिहार सरकार समाज कल्याण विभाग द्वारा सभी पेंशन लाभुकों का पेंशन में बढ़ोतरी करते हुए 11 सौ रुपये प्रति माह कर दिया है। जून महीने की पेंशन की राशि जुलाई माह में सभी लाभुकों को नए निर्देश के आलोक में प्राप्त हुआ है। वही पेंशन में बढ़ोतरी को लेकर प्रखंड से लेकर पंचायत तक लाभुकों को जागरूक किया गया। शुक्रवार को प्रखंड के एक गोदाम में लाभुकों के लिए जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में पेंशन को लेकर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के संबोधन का लाइव प्रसारण हुआ।वही दूसरी ओर प्रखंड के सभी पंचायत भवन कार्यालय में भी पेंशन लाभुकों को जागरूक किया गया। बीडीओ सूरज कुमार सिंह ने कहा कि सरकार के द्वारा पेंशन की राशि बढ़ाकर 1100 कर दी गई है। उन्होंने बताया कि इससे प्रखंड अंतर्गत लगभग 15 हजार लाभुक लाभांवित हो रहे है। उन्होंने कहा कि पेंशन में बढ़ोतरी होने से लाभुकों को आर्थिक बल मिलेगा। मौके पर सीडीपीओ मो. सोहैल अहमद, कार्यपालक सहायक राहुल रंजन, आंगनवाड़ी पर्यवेक्षिका नूतन रश्मि, सेविका अर्पणा राय, सिमा देवी, पम्मी, प्रभा सिंहा, पेंशनधारी अनिरुद्ध कुमार वर्णवाल, बसंत लाल साह, निर्मल साह, मदन पांडेय, अलीम कुरैशी, आशा देवी, फुलचुन देवी, सुभाषिनी देवी समेत अन्य उपस्थित रहे।

### जनसंख्या स्थिरता पखवाडा मनाया गया

**लौरिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** नगर पंचायत के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लौरिया मे जनसंख्या स्थिरता पखवाडा मनाया गया। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ दिलीप कुमार स्वास्थ्य प्रबंधक राहुल कुमार सिंह द्वारा कैम्प लगाकर जनसंख्या नियंत्रण के विभीन्न उपायो की जानकारी दी गयी । जनसंख्या नियंत्रण के लिए उपस्थित जरुरतमंदो के बीच कंडोम माला डी और माला एन का भी वितरण किया गया। इस मौकू पर ए ए एम कल्पना कुमारी, कुमारी अर्चना, अमृता कुमारी, रुबी कुमारी, बेबी कुमारी रजनी कुमारी आदि ने महिलाओ को जनसंख्या नियंत्रण की जानकारी दी। इस मौके पर करीब पांच दर्जन लोगों के बीच जनसंख्या नियंत्रण कीट का वितरण किया गया।

### शादी की नीयत से नाबालिग का अपहरण

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** शिकारपुर थाना के एक गांव से एक नाबालिग के अपहरण का मामला सामने आया है। मामले में उसके पिता ने शिकारपुर थाने में एफआईआर दर्ज कराई है। जिसमें गांव के ही निकेश कुमार पासवान समेत कई लोगों को आरोपित किया है।आरोप है कि सभी आरोपी मिलकर शादी की नीयत से लड़की का अपहरण कर ले गए हैं। एफआईआर में पिता ने बताया है कि परिवार के सभी लोग रात नौ बजे खाना खाकर सो गया था। नाबालिग अपनी मां के साथ सोई थी। रात करीब एक बजे मां की नींद खुली तो नाबालिग बिछावन से गायब थी। परिजनों ने तुरंत खोजबीन शुरू की। छानबीन में पता चला कि मथुरा गांव निवासी अनिल प्रसाद की बोलेरो गाड़ी से रात 11 बजे नाबालिग को निकेश कुमार पासवान सुगौली स्टेशन ले गया। पीड़ित का कहना है कि उसकी पुत्री जाते समय घर से करीब एक लाख रुपये नकद भी साथ ले गई है। इधर जब नाबालिग के परिजन निकेश के घर पहुंचे तो राजकुमार पासवान, शोभा देवी और नितेश कुमार ने गाली-गलौज और मारपीट पर उतारू हो गए। थानाध्यक्ष ज्वाला कुमार सिंह ने बताया कि एफआईआर दर्ज कर लिया गया है। मामले में छानबीन शुरू कर दी गई हैं।

### पांच होमगार्ड अभ्यर्थियों को प्रदान किया नियुक्ति पत्र

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जिले के प्रभारी मंत्री-सह- अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग के मंत्री जनक राम, ने आज समाहरणालय सभागार में आयोजित कार्यक्रम में पांच होमगार्ड अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया। नियुक्ति पत्र प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों में उमेश कुमार एवं राज कुमार (ट्रांसजेंडर) मधुबाला कुमारी, अमित कुमार, मनीष कुमार के नाम शामिल हैं। नियुक्ति पत्र पाकर अभ्यर्थी काफी खुश दिखे और उन्होंने सरकार एवं जिला प्रशासन को बहुत-बहुत धन्यवाद दिया।इस अवसर पर सांसद, डा. संजय जायसवाल, सुनिल कुमार, विधायक, राम सिंह, विधान पार्षद, भीष्म सहनी, जिला पदाधिकारी, धर्मेन्द्र कुमार, उप विकास आयुक्त, सुमित कुमार सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

### डीआईजी ने किया एसडीपीओ कार्यालय का निरीक्षण

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** चंपारण रेंज के डीआईजी हरकिशोर राय ने शुक्रवार को पुलिस कार्यालय में स्थित एसडीपीओ सदर वन कार्यालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान डीआईजी ने लुट पंजी, गिरोह पंजी, डकैती पंजी, फिरौती हेतू अपहरण पंजी का अवलोकन किया। इसके साथ हीं शाखा से संबंधित विभिन्न पंजीयों का अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान डीआईजी ने लंबित कांडो, उनका पर्यवेक्षण, की अद्यतन स्थिति की भी जानकारी ली। डीआईजी ने इस दौरान कई आवश्यक निर्देश भी दिया। मौके पर पुलिस अधीक्षक डा. शौर्य सुमन, एसडीपीओ सदर वन विवेक दीप भी मौजूद रहे। इसके पूर्व कार्यालय परिसर में पहुंचने पर डीआईजी को गार्ड ऑफ ऑनर भी दिया गया।

### भेड़िहरवा के सरपंच चुने गए नौशाद आलम

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** प्रखंड परिसर में पंचायत उप चुनाव की मतगणना शुक्रवार को कड़ी सुरक्षा के बीच शांतिपूर्ण सम्पन्न हुआ। मतगणना को लेकर पर्याप्त दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी की तैनाती की गई थी। मतगणना को लेकर काउंटिंग हाल में प्रत्याशी एवं उनके मतगणना अभिकर्ता के अलावा सभी का प्रवेश वर्जित रहा। मतगणना सुबह सात बजे से आरम्भ हुई इस दौरान आठ चरणों मे परिणाम सामने आया। अंतिम चरण के काउंटिंग के पश्चात नौशाद आलम को 947 मत प्राप्त हुए। जिसे विजयी घोषित कर दिया गया। इसी तरह दूसरे नबर पर संतीश कुमार राय 915 मत प्राप्त हुए। वही साहिल कुमार वर्मा को 695, सेराज अहमद को 547, एकबाल हुसैन को 532, एव बबिता देवी को 322 मत प्राप्त हुए। आरओ सह बीडीओ सूरज कुमार सिंह ने बताया कि पंचायत उप चुनाव की मतगणना शांतिपूर्ण सम्पन्न हो गया है।

### 2.36 लाख की लागत से बने चबूतरे का उद्घाटन

**लौरिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** प्रखंड क्षेत्र के बेलवा लखनपुर पंचायत स्थित बेलवा प्राथमिक विद्यालय के प्रांगण में मुख्यमंत्री क्षेत्र विकास योजना के तहत बने आधुनिक चबूतरे का पूर्व कला संस्कृति मंत्री सह वर्तमान लौरिया विधायक विनय बिहारी ने उद्घाटन किया तथा आम जनता को समर्पित किया। श्री बिहारी ने बताया कि उक्त चबूतरे का निर्माण 2 लाख 36 हजार 9 सौ रुपए की लागत राशि से कराया गया है।

# 4,16,360 पेंशनधारकों को 45.79 करोड़ 36 हजार हस्तांतरित

## एनडीए सरकार ने किया पेंशनधारियों को सम्मान देने का कार्य : जनक



**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के अंतर्गत राज्य के लाभार्थियों के खाते में डीबीटी के माध्यम से बढ़ी हुई दर से राशि हस्तांतरित की गयी। सामाजिक सुरक्षा पेंशन की राशि अब 400 रुपए से बढ़ाकर 1100 रुपए कर दी गई है, जिसका लाभ राज्य की एक बड़ी आबादी को मिलेगा।इसी कड़ी में समाहरणालय के सभागार में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें जिले के 4,16,360 लाभुको के बीच 45 करोड 79 लाख 36 हजार रुपए का हस्तांतरण सीधे उनके खाते में किया गया। इस लाईव प्रसारण कार्यक्रम का आयोजन सभी गॉवों, पंचायतों, प्रखण्डों एवं जिला स्तर पर समाहरणालय स्थित सभागार में किया गया। इस अवसर पर समाहरणालय सभागार में जिले केप्रभारी मंत्री सह अनुसूचित जाति जनजाति कल्याण मंत्री जनक राम की अध्यक्षता में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित कुछ लाभुकों ने सरकार के इस निर्णय पर काफी हर्ष व्यक्त किया। बिहार राज्य निःशक्तता पेंशन के पेंशनधारी आदित्य गुप्ता, रेखा देवी, जोखू मियॉ एवं खलीलूल्लाह मियॉ ने कार्यक्रम में शरीक होकर सरकार के निर्णय के प्रति अपना आभार व्यक्त किया, उन्होंने कहा कि हमलोगों को सम्मान से जीने का अवसर प्राप्त हुआ है, अब हमारी दूसरों पर निर्भरता कम होगी।मौके पर मंत्री ने कहा कि समाज के हर वर्ग के लोगों के कल्याण के लिए सरकार निरंतर प्रयासरत हैं ताकि सभी एक सम्मानजनक तथा बेहतर जीवन व्यतीत कर सकें। उन्होंने कहा कि यह गौरान्वित होने का क्षण है। उन्होंने कहा कि गरीब, कमजोर वर्गों के लिए सरकार लगातार कार्य कर रही है। यह सरकार आपकी है। आपकी बातों पर सरकार ध्यान दे रही है। जनमानस में सम्मान देने का कार्य सरकार ने किया है। मौके पर सांसद, डा. संजय जायसवाल, सुनिल कुमार, विधायक, राम सिंह, विधान पार्षद, भीष्म सहनी ने भी पेंशनधारियों को संबोधित किया और सरकार के इस पहल का स्वागत करते हुए पेंशनधारियों को शुभकामनाएं दी।जिला पदाधिकारी, धर्मेन्द्र कुमार ने बताया कि मुख्यमंत्री के कार्यक्रम का समाहरणालय सभागार सहित जिले के 1506 गॉव, 303 पंचायत एवं सभी 18 प्रखण्डों में लाइव प्रसारण कराया गया। सभी केन्द्रों पर एक नोडल पदाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की गई।

# रुपा देवी बनी सरिसवा पंचायत की मुखिया



**मझौलिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** प्रखंड के सरिसवा पंचायत में हुए उपचुनाव में पूर्व मुखिया सोहन साह की पत्नी रुपा देवी उर्फ गुलायची देवी चुनाव जीत कर मुखिया बन गई।निवार्ची पदाधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी वरुण केतन ने बताया कि बिगत 9 जुलाई को सरिसवा पंचायत में उपचुनाव किया गया था।जिसकी मतगणना शुक्रवार को प्रखंड कार्यालय सभागार में कराया गया।जिसमें मुखिया पद पर पांच उम्मीदवार में सबसे अधिक मत 2117 प्राप्त कर रुपा देवी उर्फ गुलायची देवी अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी से विजयी हुई।रुपा देवी उर्फ गुलायची देवी को मुखिया पद का विजयी प्रमाण पत्र दिया गया है।उन्होंने बताया कि दूसरे नंबर पर मालिक साह को 1197 मत,तीसरे नंबर पर रामबाबू साह को 238 मत,चौथे नंबर पर कृष्णा साह को 139 मत तथा पांचवे नंबर पर 109 मत प्राप्त हुए।वही शेख मझरिया पंचायत के वार्ड नं 6 में वार्ड सदस्य पद पर अर्जुन कुमार 208 मत प्राप्त कर विजयी हुए हैं।बताते चलें कि बिगत 2 फरवरी को सरिसवा की मुखिया सोहन साह का हृदयाघात होने से असामयिक निधन हो गई।जिसे सरिसवा में मुखिया पद रिक्त हो गया था।जिसके लिये 9 जुलाई को उपचुनाव का मतदान मतदान हुआ। जिसमें पूर्व मुखिया स्व०सोहन साह की पत्नी सहित कुल पांच उम्मीदवार मुखिया पद के लिए दावेदारी किये।जिसमें सहानुभुति वोट मिलने से पूर्व मुखिया की पत्नी विजयी हुई। इस जीत पर कन्हैया पांडेय अशोक पांडेय नेयाज आलम पूर्व प्रमुख पति कारी साह ने हर्ष जताया है।

# एसपी ने दिया गश्ती बढ़ाने का निर्देश

## श्रावणी मेला को भी लेकर सर्तकता का निर्देश



**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** पुलिस अधीक्षक डा. शौर्य सुमन ने गुरुवार को आयोजित मासिक अपराध समीक्षा गोष्ठी में जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में विगत माह दर्ज कांडो उनके निष्पादन एवं अन्य विधि व्यवस्था की समीक्षा की। इस दौरान एसपी ने दिवा व रात्रि गश्ती बढ़ाने तथा गश्ती के दौरान चौकसी बरतने का निर्देश दिया। एसपी ने कहा कि पुलिस की नजर से कोई इलाका ओझल नहीं रहनी चाहिए। इसके लिए जरूरी है की गश्ती के दौरान अधिक से अधिक क्षेत्र भ्रमण किया जाए। गश्ती के दौरान पुलिस पदाधिकारी विशेष चौकसी बरते। क्राइम मीटिंग में एसपी ने थानावार दर्ज कांडों की समीक्षा किया। उन्होंने कांडों के निष्पादन में तेजी लाने का निर्देश दिया। एसपी ने विधि व्यवस्था के लिए विशेष चौकसी बरतने के साथ वाहन जांच अभियान तेज करने का आदेश दिया। जिले में वाहन चोरी के मामलों का जल्द से जल्द उद्भेदन करने को कहा। एसपी ने सूचना तंत्र मजबूत करने के साथ आमजनों से बेहतर संबंध स्थापित कर अपराध पर अंकुश लगाने को कहा। शराब धंधेबाजों की गिरफ्तारी के लिए अभियान चलाने, तस्करों के खिलाफ कार्रवाई करने का निर्देश दिया। एसपी ने सूचना का अधिकार, चरित्र सत्यापन, पासपोर्ट सत्यापन, सर्विस लांस प्रोसेसिंग, प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री कार्यालय से प्राप्त आवेदन तथा जन शिकायत से संबंधित आवेदनों की त्वरित गति से जांच करने का निर्देश दिया। एसपी ने विभिन्न कांडों में संलिप्त वैसे अपराधी जिनके कोर्ट से वारंट निर्गत है, उनकी गिरफ्तारी के लिए विशेष अभियान चलाने को कहा।एसपी ने कहा कि जुलाई माह पुलिस के लिए चुनौती वाला साबित हो सकता है। धनरोपनी में भूमि विवाद के मामले अधिकतर सामने आ सकते है। इसके साथ हीं श्रावणी पूजा एवं मेला को लेकर भी सर्तकता बरतने की आवश्यकता है। श्रावणी मेला को लेकर वे अभी से ही अपना प्लान बना ले। ग्रामीण क्षेत्रों में लगनेवाले मेला आदि की सूची भी तैयार कर ले। पूजा एवं मेला में विधि व्यवस्था में भंग डालनेवाले असामाजिक तत्वों की सूची तैयार पर आवश्यक पड़ने पर उनके विरुद्ध निरोधात्मक कार्रवाई का प्रस्ताव समर्पित करें। उन्होंने अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, अंचल पुलिस निरीक्षकों को भी स्वंय अनुश्रवण कर इस पर नजर रखने का निर्देश दिया। बैठक में सदर एसडीपीओ विवेक दीप, रजनीश कांत प्रियदर्शी, नरकटियागंज एसडीपीओ जयप्रकाश सिंह, यातायात डीएसपी रंजन कुमार सिंह, मुख्यालय डीएसपी कमलेश कुमार, साइबर डीएसपी गौतम शरण ओमी, रक्षित डीएसपी देवानंद राउत समेत विभिन्न अंचलों के इंस्पेक्टर व थानाध्यक्ष मौजूद रहे।

# अब पेंशन नहीं ₹400, सीधे ₹1100... सिवान में 3.5 लाख लाभुकों के खाते में भेजी गई बढ़ी हुई राशि





## मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने डीबीटी के जरिए किया ट्रांसफर, 1460 स्थानों पर हुआ आयोजन
## रेणु देवी रहीं मुख्य कार्यक्रम में मौजूद, लाइव प्रसारण से जुड़े हजारों पेंशनधारी
## सामाजिक सुरक्षा योजना के तहत अब 6 श्रेणियों को मिलेगा सम्मान के साथ जीवन का सहारा

नव बिहार टाइम्स ब्यूरो।

**सीवान।** सिवान में शुक्रवार को सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के तहत बड़ा आयोजन हुआ। इस ऐतिहासिक मौके पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने राज्य के पेंशनधारियों को बढ़ी हुई पेंशन की पहली किश्त डीबीटी के माध्यम से ट्रांसफर की। सिवान जिले के कुल 3,52,310 लाभुकों के खातों में ₹1100 की दर से राशि भेजी गई। पहले यह राशि ₹400 प्रतिमाह थी।

**डॉ अंबेडकर भवन से हुआ मुख्य कार्यक्रम**

मुख्य कार्यक्रम का आयोजन डॉ. अंबेडकर भवन के संवाद कक्ष में किया गया, जिसमें राज्य की पशु एवं मत्स्य संसाधन मंत्री सह सिवान प्रभारी मंत्री श्रीमती रेणु देवी बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहीं। जिला मुख्यालय से लेकर पंचायत और वार्ड स्तर तक कार्यक्रम आयोजित किए गए।

**पूरे जिले में 1460 स्थलों पर कार्यक्रम**

जिले भर में 1460 स्थानों पर कार्यक्रम का आयोजन हुआ, जिनमें प्रखंड मुख्यालय, ग्राम पंचायत, वार्ड स्तर और स्कूल शामिल थे। 19 प्रखंड मुख्यालय सभागारों, सभी ग्राम पंचायतों और राजस्व ग्रामों में लाभुकों ने भाग लिया और मुख्यमंत्री का लाइव उद्बोधन देखा।

**बढ़ी हुई पेंशन का पहला ट्रांजेक्शन**

मुख्यमंत्री द्वारा जून 2025 से लागू नई दर के अनुसार पेंशन राशि को ₹400 से बढ़ाकर ₹1100 कर दिया गया है। छह प्रकार की सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं के अंतर्गत यह राशि सीधे लाभुकों के खातों में ट्रांसफर की गई। योजना का उद्देश्य : गरिमामय जीवन सरकार की यह पहल समाज के कमजोर वर्गों को आत्मसम्मान के साथ जीवन जीने का अवसर देने के लिए की गई है। इस कार्यक्रम से वृद्ध, दिव्यांग, विधवा, असहाय और अन्य श्रेणियों के लोग लाभान्वित हो रहे हैं।

**जीविका दीदियों ने बांटे पैंपलेट, सेविकाएं रहीं सक्रिय**

कार्यक्रम से पहले जीविका दीदियों, आंगनबाड़ी सेविकाओं, सहायिकाओं, विकास मित्रों और प्रखंड स्तर के कर्मियों द्वारा पेंशन योजना से जुड़ी जानकारी वाले पैंपलेट लाभुकों के बीच बांटे गए।

**जनसंपर्क पदाधिकारी का बयान**

जिला जनसंपर्क पदाधिकारी कन्हैया कुमार ने बताया कि पेंशन राशि ट्रांसफर का यह कार्यक्रम जिले भर के हजारों लाभुकों के लिए बड़ी राहत लेकर आया है। लाइव वेबकास्टिंग की व्यवस्था ने इस आयोजन को जन-जन तक पहुंचाया।

# पूर्व तैयारियों को लेकर सिवान में हुई समीक्षा बैठक, प्रभारी मंत्री रेणु देवी ने दिए कई निर्देश

## बाढ़ और सुखाड़ की आशंकाओं के मद्देनजर सभी विभागों को सतर्क रहने का आदेश

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो





**सिवान।** सिवान समाहरणालय सभागार में आज संभावित बाढ़ एवं सुखाड़ 2025 की पूर्व तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता बिहार सरकार की पशु एवं मत्स्य संसाधन मंत्री तथा सिवान की प्रभारी मंत्री श्रीमती रेणु देवी ने की। बैठक सुबह 11:30 बजे प्रारंभ हुई, जिसमें विभिन्न विभागों के वरीय पदाधिकारी व कार्यपालक अभियंतागण उपस्थित रहे। बैठक के प्रारंभ में जिला में वर्षापात की स्थिति की समीक्षा की गई। जिला सांख्यिकी पदाधिकारी ने बताया कि 09 जुलाई 2025 तक सिवान में सामान्य से 33.47% कम वर्षा हुई है। इस पर मंत्री महोदया ने कृषि विभाग के साथ समन्वय कर सुखाड़ की स्थिति का आकलन करने का निर्देश दिया। मंत्री ने संभावित बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में विशेष रूप से गर्भवती महिलाएं, धात्री माताएं, दिव्यांगजन और वरिष्ठ नागरिकों के लिए विशेष स्वास्थ्य व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा। सिविल सर्जन ने बताया कि सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर दवाएं, सर्पदंश की चिकित्सा सामग्री, मोबाइल स्वास्थ्य सुविधा और रिजर्व बेड की व्यवस्था की जा चुकी है। बाढ़ की स्थिति में तटबंधों की सुरक्षा को लेकर जल संसाधन विभाग को कड़े निर्देश दिए गए। वहीं, बाढ़ से निपटने के लिए सरकारी व निजी नावों की व्यवस्था, आश्रय स्थलों की पहचान तथा जिला स्तरीय कम्युनिकेशन प्लान तैयार कर लिए जाने की जानकारी दी गई। पशुओं की देखभाल को लेकर पशु चारा और दवाओं की पर्याप्त व्यवस्था की गई है। पीएचईडी विभाग ने बताया कि जिले के 40,100 चापाकलों में से अब तक 1,959 की मरम्मत की जा चुकी है और बाकी पर कार्य जारी है। ग्रामीण कार्य विभाग को सभी पुल-पुलिया और भेंटों की सफाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। मंत्री ने स्वयं निरीक्षण की बात कही। बिजली आपूर्ति के लिए 47 कृषि फीडरों को सक्रिय रखा गया है, जिससे किसानों को राहत मिलेगी। आपदा के समय जिले का आपातकालीन संचालन केंद्र 247 कार्यरत रहेगा। इसका दूरभाष नंबर 06154-242000/242001 है। बैठक में उप विकास आयुक्त, जिला स्तरीय पदाधिकारीगण, सभी विभागों के कार्यपालक अभियंता एवं जिला जनसंपर्क पदाधिकारी श्री कन्हैया कुमार उपस्थित रहे।

# शीतलपुर में बिना लाइसेंस मेडिकल दुकान पर छापा, 36 हजार रुपए की प्रतिबंधित दवाएं जब्त



**छपरा/दिघवारा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** शीतलपुर के स्टेशन रोड स्थित माँ अंबिका क्लीनिक में गुरुवार को औषधि विभाग एवं पुलिस प्रशासन की संयुक्त कार्रवाई में बड़ी मात्रा में अवैध रूप से बेची जा रही दवाएं जब्त की गईं। बिना लाइसेंस के संचालित इस मेडिकल दुकान पर की गई छापेमारी के दौरान 36 प्रकार की प्रतिबंधित व नियंत्रित दवाएं बरामद की गईं, जिनकी अनुमानित बाजार कीमत ₹36,000 आंकी गई है। यह छापेमारी सहायक औषधि नियंत्रक विश्वजीत दास गुप्ता के नेतृत्व में, दिघवारा थाना की टीम के सहयोग से की गई। मौके पर उपस्थित औषधि निरीक्षक अजय कुमार सिंह ने बताया कि दुकान संचालक के पास किसी भी प्रकार का वैध दवा बिक्री लाइसेंस नहीं था। छानबीन के दौरान अलग-अलग कंपनियों की दवाएं पाई गईं, जिनका वितरण नियम विरुद्ध तरीके से किया जा रहा था। अधिकारियों के अनुसार, इस मामले में आगे की विधिसम्मत कार्रवाई की जा रही है और न्यायालय के माध्यम से अभियोजन चलाया जाएगा। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि बिना लाइसेंस दवा विक्रय एक गंभीर अपराध है, जो जनस्वास्थ्य के लिए बड़ा खतरा बन सकता है।

# राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का गुरु पूर्णिमा उत्सव सह गुरु दक्षिणा कार्यक्रम







नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**छपरा (सारण)।** सदर प्रखंड क्षेत्र क्षेत्र उमधा ग्राम में स्थित श्री कुंवर जी कॉम्पलेक्स में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) का गुरु पूजन सह गुरु दक्षिणा समर्पण कार्यक्रम सैकड़ों स्वयंसेवकों की उपस्थिति में उत्साहपूर्वक हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में स्वयंसेवकों ने संघ के गुरु स्वरूप परम पवित्र भगवा ध्वज के समक्ष समर्पण किया। कार्यक्रम का आयोजन समाजसेवी व वरिष्ठ स्वयंसेवक मनोज सिंह उर्फ पप्पू सिंह के सक्रिय सहयोग से आयोजित किया गया।

**संघ का तीसरा प्रमुख उत्सव है गुरु पूर्णिमा उत्सवः**

गौरतलब है कि संघ अपने छह वार्षिक उत्सवों के माध्यम से समाज में समरसता और राष्ट्र-धर्म के प्रति समर्पण की भावना जागृत करने का कार्य करता है। उन्हीं में से एक है गुरु पूर्णिमा उत्सव, जिसे संघ का तीसरा प्रमुख उत्सव माना जाता है। इस अवसर पर आयोजित बौद्धिक में जिला कार्यवाह संजीव जी ने कहा कि गुरु पूर्णिमा केवल संघ का उत्सव नहीं, बल्कि सनातन परंपरा का भी एक महत्वपूर्ण त्योहार है। यह गुरु के प्रति कर्तव्य-बोध और समर्पण की भावना को जाग्रत करने का पर्व है। संघ में भगवा ध्वज को गुरु का स्थान प्रदान किया गया है और उसी के समक्ष शारीरिक एवं बौद्धिक शिक्षा दी जाती है। उन्होंने बताया कि संघ की गतिविधियां केवल स्वयंसेवकों के समर्पण पर आधारित होती हैं। न तो संघ कभी चंदा लेता है, न दान और न ही किसी सरकार या संस्था से अनुदान। कार्यक्रम की शुरूआत भगवा ध्वज ध्वजारोहण से हुई। राष्ट्र भक्ति के गीत गाए गए और बौद्धिक के बाद सभी स्वयंसेवकों ने समर्पण किया। अंत में प्रार्थना व प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। इस आयोजन में जलालपुर के खण्ड कार्यवाह अमरेंद्र जी, सह खण्ड कार्यवाह पंकज जी, समाजसेवी व वरिष्ठ स्वयंसेवक मनोज सिंह उर्फ पप्पू सिंह, मिथिलेश कुमार सिंह, कमल सिंह सेंगर, मुखिया सुमित कुमार सिंह, परशुराम सिंह, प्रदीप कुमार, संजय कुमार समेत अनेक गणमान्य लोग शामिल रहे।

# सड़क पर धू-धू कर जली कार

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बेतिया-मैनाटांड़ पथ में उस समय अफरातफरी का माहौल पैदा हो गया जब एक लक्जरी कार धू धू कर जलने लगी। हालाकि कार में सवार दो लोग बाल बाल बच गये। घटना बेतिया मैनाटांड़ पथ में बानुछापर थानाक्षेत्र के अवरैया के समीप लक्ष्य आईटीआई के समीप की है। जहां अचानक बेतिया की ओर आ रही एक कार में शुक्रवार की दोपहर अचानक आग लग गई। कार से आग की लपटे निकलते देख चालक और उसपर सवार लोग जान बचाकर भागे। देखते ही देखते आग पूरे कार को आगोश में ले लिया। धू-धू कर कार जलने लगा। सड़क के बीचो-बीच कार जलते देख लोगों की भीड़ लग गई। लोगों ने इसकी सूचना फायर ब्रिगेड को दी। सूचना पर फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंच आग पर काबू पाई।

# जिलाधिकारी ने पालनाघर का किया उद्घाटन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** समाहरणालय परिसर, औरंगाबाद में एक पालनाघर का शुभारंभ किया गया। इस पालनाघर का उद्घाटन जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री, उप विकास आयुक्त अनन्या सिंह एवं प्रधानमंत्री कार्यालय से आई निदेशक रेशमा रघुनाथन नायर द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इस अवसर पर विभिन्न विभागों के अधिकारीगण, कर्मचारीगण एवं महिला एवं बाल विकास निगम के प्रतिनिधिगण उपस्थित थे। यह पालनाघर समाहरणालय परिसर में कार्यरत कर्मियों के 3 से 6 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों के देखभाल एवं सुविधा हेतु स्थापित किया गया है। यह सुविधा कार्यरत महिला कर्मियों को अपने बच्चों की सुरक्षित देखरेख के साथ मानसिक शांति भी प्रदान करेगी, जिससे उनके कार्य निष्पादन में भी सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। पालनाघर के उद्घाटन से महिला कर्मियों में अत्यंत उत्साह एवं संतोष का वातावरण देखने को मिला। यह पहल महिला सशक्तिकरण और कार्यस्थल पर सहयोगी वातावरण निर्माण की दिशा में एक महत्त्वपूर्ण कदम है।

# 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत किया पौधारोपण



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** गायत्री परिवार जहानाबाद की युवा इकाई प्रज्ञा युवा प्रकोष्ठ एवं इको क्लब फॉर मिशन लाइफ के संयुक्त प्रयास से विशेष पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन राज्य संपोषित बालिका इंटर विद्यालय, गांधी मैदान जहानाबाद में किया गया। इस अवसर पर उपस्थित विद्यालय के प्रधानाध्यापिका डॉ. कुमारी रेणु सिन्हा ने कहा कि गायत्री परिवार के युवा प्रकोष्ठ जहानाबाद के द्वारा 'एक पेड़ मां के नाम' कार्यक्रम के तहत पौधारोपण का कार्य किया गया। वृक्ष की महत्ता को बताते हुए उन्होंने कहा कि एक पेड़ मां के नाम एक प्रयास है जो हमारी मातृभूमि और प्रकृति के प्रति हमारे सम्मान और समर्पण को दर्शाता है। इस अभियान का उद्देश्य मां के नाम पर एक पेड़ लगाना और एक स्थायी स्मृति बनाना है, जो न केवल पर्यावरण की रक्षा करेगा बल्कि एक हरे और अधिक समृद्ध भविष्य के निर्माण में भी योगदान देगा। इस पावन अवसर पर गायत्री परिवार के कौशल कुमार, आनंद कुमार, हरिओम कुमार एवं विद्यालय के शिक्षक राज नारायण प्रसाद, शैलेन्द्र कुमार, नेहा कुमारी, शाहीण प्रवीण, विनिता कुमारी, अंजन ईमाम, जितेन्द्र पासवान, राखी कुमारी, प्रमोद कुमार, सिदेश्वर प्रसाद, सुनील कुमार सहित सभी छात्राएं उपस्थित थे।

# पंचायत उप निर्वाचन की मतगणना शांतिपूर्वक संपन्न

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**जहानाबाद।** पंचायत उप निर्वाचन 2025 के अंतर्गत प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्र संख्या-4, पंचायत समिति सदस्य, ग्राम पंचायत किनारी तथा प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्र संख्या-10, ग्राम पंचायत सदस्य, ग्राम पंचायत मुठेर की मतगणना शांतिपूर्वक एवं निष्पक्षता के साथ संपन्न हो गई। ग्राम पंचायत किनारी के पंचायत समिति सदस्य पद हेतु दो अभ्यर्थी पिंकी कुमारी एवं मालती देवी - चुनाव मैदान में थी। मतगणना में पिंकी कुमारी को 1658 मत, जबकि मालती देवी को 1602 मत प्राप्त हुए। कुल 56 मतों से अधिक मत प्राप्त कर पिंकी कुमारी को निर्वाचित घोषित किया गया वहीं, ग्राम पंचायत मुठेर के ग्राम पंचायत सदस्य पद के लिए तीन अभ्यर्थी- पवन कुमार, संजय कुमार एवं सुरजीत कुमार चुनाव मैदान में थे। मतगणना में पवन कुमार को 82 मत संजय कुमार को 112 मत एवं सुरजीत कुमार को 119 मत प्राप्त हुए। सुरजीत कुमार को 7 मतों से विजयी घोषित किया गया। पूरी मतगणना प्रक्रिया राज्य निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देश एवं जिला पदाधिकारी के कुशल निर्देशन में शांतिपूर्वक संपन्न कराई गई। इस अवसर पर निर्वाची पदाधिकारी अनिल मिस्त्री, सहायक निर्वाची पदाधिकारी नीरज कुमार, प्रेक्षक राजेश राय, कार्यपालक अभियंता, लघु जल संसाधन, गया; दिवाकर कुमार सिंह, जिला सूचना एवं विज्ञान प्रौद्योगिकी पदाधिकारी; तथा कृष्ण कुमार सहनी, सूचना प्रौद्योगिकी प्रबंधन एनआईसी, जहानाबाद उपस्थित रहे।

# नहर में युवक की लाश मिलने से मचा हड़कंप

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** जहानाबाद जिले के हुलासगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत कंदौल गांव के समीप नहर में शुक्रवार की सुबह एक अज्ञात युवक का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। शव को सबसे पहले स्थानीय ग्रामीणों ने देखा, जिसके बाद उन्होंने तत्काल इसकी सूचना हुलासगंज थाना को दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु जहानाबाद सदर अस्पताल भेज दिया। मृतक की पहचान गया जिले के महकार थाना क्षेत्र के करपी गांव निवासी सत्येंद्र तिवारी के 36 वर्षीय पुत्र गुलशन कुमार के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार गुलशन मानसिक रूप से विक्षिप्त था और बीते 15 दिनों से अपने घर से लापता था। बताया जा रहा है कि वह गुरुवार की शाम घर लौटा था, लेकिन शाम को ही टहलने के लिए निकला और फिर वापस नहीं लौटा। शुक्रवार की सुबह ग्रामीणों ने उसका शव कंदौल गांव के समीप नहर में तैरता हुआ देखा। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच में जुट गई है। प्रारंभिक जांच में डूबने से मौत की आशंका जताई जा रही है, लेकिन पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही मौत के कारणों की पुष्टि हो सकेगी।

## सहायक निदेशक माला कुमारी का विदाई सह सम्मान समारोह आयोजित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, जहानाबाद में जिला बाल संरक्षण इकाई की सहायक निदेशक माला कुमारी का विदाई एवं सम्मान समारोह बड़े ही भावपूर्ण माहौल में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय की वार्डन सह शिक्षिका प्रियंका कुमारी ने की। इस अवसर पर अपने संबोधन में सहायक निदेशक माला कुमारी ने विद्यालय की छात्राओं की अनुशासन और कर्तव्यनिष्ठा की सराहना करते हुए कहा कि कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय की छात्राएं शैक्षणिक गतिविधियों के साथ-साथ अन्य रचनात्मक एवं प्रशैक्षणिक कार्यों में भी लगातार आगे बढ़ रही हैं।

# प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन को लेकर स्वच्छता कर्मियों का प्रशिक्षण शुरू

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**जहानाबाद।** जहानाबाद जिले के हुलासगंज स्थित प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन इकाई में स्वच्छता कर्मियों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम उप विकास आयुक्त डॉ प्रीति के निर्देश पर जिले में ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन को सशक्त बनाने के उद्देश्य से संचालित किया जा रहा है। जिला सलाहकार पिंकु कुमार (ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन) ने बताया कि यह प्रशिक्षण विशेष रूप से प्लास्टिक कचरे के बेहतर प्रबंधन पर केंद्रित है। उन्होंने बताया कि प्लास्टिक अपशिष्ट ठोस कचरे का एक विशेष प्रकार है जो धीरे-धीरे विघटित होता है और पर्यावरण पर गंभीर दुष्प्रभाव डालता है। ऐसे में प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन की एक अनिवार्य और महत्वपूर्ण कड़ी बन गया है। स्वच्छता कर्मी इसके प्रबंधन की जमीनी रीढ़ होते हैं। वर्तमान में यह प्रशिक्षण कार्यक्रम काको, हुलासगंज, घोषी एवं मोदनगंज प्रखंडों के स्वच्छता कर्मियों एवं संबंधित पंचायत स्वच्छता पर्यवेक्षकों के लिए चलाया जा रहा है। इसका उद्देश्य उन्हें कचरे के प्रसंस्करण केन्द्रों के प्रभावी संचालन, कचरे के सही अलगाव और मूल्यवर्धन की प्रक्रिया में दक्ष बनाना है, जिससे अपशिष्ट प्रबंधन के साथ-साथ कचरा संग्रहण केन्द्र भी आर्थिक रूप से सशक्त बन सकें। प्रशिक्षण सत्र में प्लास्टिक कचरे की पहचान और वर्गीकरणः जिसमें विभिन्न प्रकार के प्लास्टिक को पहचान कर उन्हें सही तरीके से अलग करने की जानकारी शामिल है। पुनर्चक्रण योग्य अपशिष्ट में वृद्धिः रीसायक्लिंग योग्य कचरे को अधिक मात्रा में पृथक कर उद्योग को भेजने हेतु प्रेरित करना। स्वास्थ्य एवं सुरक्षाः खतरनाक एवं नुकीले अपशिष्ट से सुरक्षित तरीके से कार्य करना। प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान ऊपर वर्णित पहलुओं पर विशेष बल दिया जा रहा है। बताया गया कि जिला प्रशासन द्वारा इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रमों से न केवल अपशिष्ट प्रबंधन को मजबूती मिलेगी, बल्कि स्वच्छता कर्मियों को भी एक नई पहचान और सम्मान प्राप्त होगा।

# फाग और मलहद पंचायत उपचुनाव में पुराने चेहरों की वापसी, परिणाम घोषित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गोह (औरंगाबाद)।** पंचायत उपचुनाव के तहत गोह प्रखंड के फाग और मलहद पंचायतों में शुक्रवार को संपन्न मतगणना के बाद परिणाम की घोषणा की गई। प्रखंड कार्यालय स्थित सभाकक्ष में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच सुबह 7 बजे से दोपहर 1 बजे तक मतों की गिनती की गई। फाग पंचायत के पंचायत समिति सदस्य (पंसस) क्षेत्र संख्या 23 के उपचुनाव में फुलेशरी देवी ने 760 मत प्राप्त कर विजय हासिल की। उन्होंने सुनैना देवी को मात्र 15 मतों के अंतर से हराया, जिन्हें 745 मत मिले। प्रभा देवी को 604 मतों के साथ तीसरा स्थान मिला वहीं, मलहद पंचायत के ग्राम कचहरी (सरपंच) पद के उपचुनाव में रामाशीष कुमार ने 1412 मतों के साथ निर्णायक जीत दर्ज की। उनके प्रतिद्वंदी उदय पासवान को 804 और रविंद्र पासवान को 428 मत प्राप्त हुए। इसके अतिरिक्त मलहद पंचायत के वार्ड संख्या 1 से वार्ड सदस्य पद की उम्मीदवार संगीत देवी को निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया। उपचुनाव के बाद सभी विजयी प्रत्याशियों को प्रखंड निर्वाचित पदाधिकारी सह बीडीओ डॉ. राजेश कुमार दिनकर ने प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। परिणाम घोषित होते ही प्रखंड कार्यालय परिसर में समर्थकों ने विजयी उम्मीदवारों का फूल-मालाओं से भव्य स्वागत किया।

## दो मवेशी चोर गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज थाना क्षेत्र के खरोखर गांव में बुधवार-गुरुवार की मध्य रात्रि चोरों ने एक घर से भैंस चोरी कर ली और पिकअप वाहन में लादकर फरार हो गए। लेकिन सतर्क परिजनों और गश्ती पुलिस की तत्परता से चोर ज्यादा दूर नहीं जा सके। लगभग 10 किलोमीटर पीछा कर पुलिस ने पिकअप वाहन समेत दो चोरों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने मौके से अरवल जिला के मेहंदिया थाना क्षेत्र अंतर्गत पहलेजा जय बीघा गांव निवासी कृष्ण नट एवं हरेंद्र नट को गिरफ्तार कर लिया।

# शराब के साथ दो तस्कर रफीगंज रेलवे स्टेशन से गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) रफीगंज ने विशेष जांच अभियान के तहत शुक्रवार को रेलवे स्टेशन परिसर से दो शराब तस्करों को गिरफ्तार किया। उनके पास से 41.1 लीटर अवैध अंग्रेजी शराब बरामद की गई, जिसकी अनुमानित बाजार कीमत 49,120 आंकी गई है। यह कार्रवाई पंडित दीनदयाल उपाध्याय गया रेल मंडल के वरीय मंडल सुरक्षा आयुक्त जेथीन बी. राज के निर्देश पर चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत की गई, जिसका उद्देश्य रेलवे परिसर एवं ट्रेनों में विस्फोटक, ज्वलनशील और नशीले पदार्थों की तस्करी पर रोक लगाना है। रफीगंज स्टेशन के प्लेटफॉर्म संख्या 03/04 पर बने नए फुट ओवर ब्रिज के पास से दो संदिग्ध व्यक्तियों को पकड़ा। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान रफीगंज थाना क्षेत्र के श्रीनगर महादेव घाट निवासी उमेश चौधरी के 18 वर्षीय पुत्र छोटू कुमार और बाबूगंज वार्ड संख्या 06 निवासी स्व. दशरथ साव के 51 वर्षीय पुत्र अजय कुमार के रूप में हुई है।

## वर्ल्ड एक्सपो 2025

# भारतीय रेल की उपलब्धियों से दुनिया हैरान

वर्ल्ड एक्सपो में भारतीय रेल का पवेलियन भारत की प्रगति से दुनिया को परिचित करा रहा है। एक ओर जहाँ वंदे भारत एक्सप्रेस **'मेक इन इंडिया'** की गौरवगाथा सुना रही है, वहीं दूसरी ओर विश्व का सबसे ऊँचा रेल आर्च पुल चिनाब ब्रिज भारतीय इंजीनियरिंग का परचम लहरा रहा है।




जापान के ओसाका में चल रहे वर्ल्ड एक्सपो-2025 में जहाँ दुनिया भर के देश भविष्य की तकनीक और शहरों के मॉडल दिखा रहे हैं। वहीं भारतीय रेल का पवेलियन सबका ध्यान खींच रहा है। यहाँ सिर्फ ट्रेनें और पुल नहीं दिखाए जा रहे, बल्कि भारत की तरक्की और सोच को एक नई कहानी की तरह पेश किया जा रहा है। ओसाका के युमेशिमा द्वीप पर बने भारतीय पवेलियन में दो चीज़ें सबसे ज्यादा चर्चा में हैं - वंदे भारत एक्सप्रेस और चिनाब ब्रिज।

हर बार ऐसा नहीं होता कि ट्रेनें और पुल किसी बड़े एक्सपो में इतना आकर्षण बटोरें, लेकिन इसबार वंदे भारत एक्सप्रेस और चिनाब ब्रिज नए भारत के प्रतीक हैं। ये दिखाते हैं कि भारत अब सिर्फ बात नहीं कर रहा, बल्कि तेजी से भविष्य की ओर बढ़ रहा है।

### भारतीय रेल का नया युग

वंदे भारत एक्सप्रेस और चिनाब ब्रिज भारतीय रेल के नए युग की पहचान हैं। वंदे भारत ट्रेन पूरी तरह स्वदेशी है। यह न सिर्फ तेज़ है, बल्कि आरामदायक भी है। इसमें नई तकनीकें हैं जैसे स्मार्ट ब्रेक सिस्टम, साफ-सुथरे बायो टॉयलेट और हवाई जहाज़ जैसी आरामदायक सीटें। यह ट्रेन 'मेक इन इंडिया' का ज़िंदा उदाहरण है। एक्सपो में जापान जैसे देशों से आए दर्शक, जहां पहले से शिंकानसेन बुलेट ट्रेन हैं। वह वंदे भारत की स्वदेशी तकनीक देखकर चकित हैं। उन्हें यकीन नहीं होता कि भारत ने इतनी जल्दी अपनी खुद की हाई-स्पीड ट्रेन बना ली।

### चिनाब ब्रिज: भारत की सबसे ऊँची उड़ान

वंदे भारत की तेज़ रफ्तार और एयरोडायनॉमिक डिजाइन के उलट, चिनाब ब्रिज एक मजबूत और ऊँचा पुल है जो सबका ध्यान खींचता है। यह पुल जम्मू और कश्मीर में चेनाब नदी के ऊपर बना है और दुनिया का सबसे ऊँचा रेलवे आर्च ब्रिज है। जो एफिल टावर से भी ऊँचा है और इसकी ऊँचाई 359 मीटर है। इस पुल को बनाना आसान नहीं था। वहाँ का मौसम, ज़मीन और भूकंप का खतरा, सबकुछ मुश्किल था। लेकिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में यह इतिहास रचा गया। यह भारतीय इंजीनियरिंग की ताकत और मेहनत का अद्भुत उदाहरण है। इस पुल से जम्मू और कश्मीर जैसे दूर-दराज़ इलाकों को देश से जोड़ना आसान हो गया। यह सिर्फ एक पुल नहीं, बल्कि वहाँ के लोगों के लिए उम्मीद और विकास का सेतु है।

### दुनिया की सराहना, देश का आत्मविश्वास

इस एक्सपो में भारत को जो तारीफें मिल रही हैं, वो इस बात की पहचान है कि भारत अब आत्मनिर्भर हो चुका है। लोग हैरान हैं कि कैसे भारत ने कुछ ही वर्षों में भारतीय रेल तकनीक के आयात से आगे बढ़कर अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर विश्वस्तरीय और स्वदेशी प्रणालियों का प्रदर्शन करने लगा है।








### भविष्य से जुड़ती भारतीय रेल

वर्ल्ड एक्सपो 2025 का थीम "हमारे जीवन के लिए भविष्य के समाज का निर्माण" है। भारतीय रेल की कहानी इसी से जुड़ती है। "जीवन को बचाना, सशक्त बनाना और जोड़ना"- इन तीन बातों को वंदे भारत और चिनाब ब्रिज पूरा करते हैं।

पवेलियन में लोग वर्चुअल रियलिटी, मॉडल और गाइड के ज़रिए देख पा रहे हैं कि भारत की रेल कैसे हरित ऊर्जा (ग्रीन एनर्जी) पर जा रही है। कैसे नई तकनीक से रेलवे को सुरक्षित और तेज़ बनाया जा रहा है। कैसे देश के हर कोने को रेल नेटवर्क से जोड़ा जा रहा है।



### सिर्फ तकनीक नहीं, बदलाव की कहानी

भारतीय रेल का यह प्रदर्शन केवल इंजीनियरिंग का नहीं, एक परिवर्तन की गाथा है। एक पुरानी रेल व्यवस्था अब नया रूप ले चुकी है। डिजिटल टिकटिंग, सौर ऊर्जा से चलने वाले स्टेशन, प्लेटफॉर्म पर वाई-फाई, बुलेट ट्रेन कॉरिडोर। यह नई भारतीय रेल है जो सिर्फ सफर नहीं करा रही, बल्कि राष्ट्र को स्थाई मजबूती के साथ आगे बढ़ा रही है।

वर्ल्ड एक्सपो २०२५ में जब दुनिया भारत की इन उपलब्धियों को देख रही है, तब यह साफ हो रहा है कि भारतीय रेल अब सिर्फ अतीत की नहीं बल्कि उज्ज्वल भविष्य की कहानी कह रही है।

# उच्च जातियों में आर्थिक रूप से पिछड़े परिवारों के सशक्तिकरण पर विचार-विमर्श

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**दरभंगा।** समाहरणालय स्थित बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर सभागार में उच्च जातियों के विकास के लिए राज्य आयोग, बिहार द्वारा उच्च जातियों की वर्तमान स्थिति की समीक्षा एवं भविष्य में उनके सर्वांगीण विकास के लिए कार्ययोजना तैयार करने के उद्देश्य से प्रमंडलवार भ्रमण के क्रम में आयोग के अध्यक्ष, डॉ. महाचन्द्र प्रसाद सिंह की अनुपस्थिति में उपाध्यक्ष राजीव रंजन प्रसाद की अध्यक्षता में जय कृष्ण झा, राजकुमार सिंह एवं दयानन्द राय, सदस्य सहित आयुक्त, दरभंगा प्रमण्डल कौशल किशोर एवं जिला पदाधिकारी, दरभंगा कौशल कुमार की उपस्थिति में पदाधिकारियों एवं बुद्धिजीवियों, समाजसेवियों एवं जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान दरभंगा प्रमण्डल के दरभंगा, मधुबनी एवं समस्तीपुर जिला के विकास एवं कल्याण कार्य से जुड़े पदाधिकारियों एवं बुद्धिजीवियों, समाजसेवियों एवं जनप्रतिनिधियों के साथ उच्च जातियों में आर्थिक रूप से पिछड़े परिवारों के सशक्तिकरण की कार्ययोजना पर विचार-विमर्श किया गया एवं सुझाव की मांग की गई। विमर्श के क्रम में श्री राजीव रंजन प्रसाद द्वारा यह रेखांकित किया गया कि राज्य सरकार सभी वर्गों के उत्थान हेतु प्रयासरत है एवं इस क्रम में उच्च जातियों के आर्थिक रूप से पिछड़े लोगों के उत्थान के प्रतिबद्ध है। बैठक में भाग लेने वाले पदाधिकारियों द्वारा उच्च जातियों में आर्थिक रूप से पिछड़े लोगों का सरकार की विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित होने का आंकड़ा अभी तक अलग से संधारित नहीं किया जा रहा है। बैठक में सुझाव दिया गया कि इस संबंध में अलग से आंकड़ों के संधारण के बाद ही कोई ठोस निष्कर्ष निकाला जा सकता है। इस क्रम में उच्च जातियों में से आर्थिक रूप से पिछड़े लोगों के प्रमाण-पत्र बनने में आने वाली कठिनाईयों की ओर भी आयोग का ध्यान आकृष्ट कराया गया। आयोग द्वारा प्रमण्डलीय आयुक्त एवं जिला पदाधिकारी से इस संबंध में समुचित कदम उठाने का निर्देश दिया गया। बुद्धिजीवियों, समाजसेवियों एवं जनप्रतिनिधियों से विमर्श के दौरान यह सुझाव प्राप्त हुआ कि आयोग द्वारा उच्च जातियों में पिछड़े परिवार के लिए एवं उस वर्ग के छात्रों के लिए, तत्काल कुछ ऐसी योजना की अनुशंसा की जाय,जो अन्य जाति/वर्ग के लिए लागू हैं और जिसकी प्रासंगिकता/ उपयुक्तता स्वयंसिद्ध है। राजीव रंजन प्रसाद द्वारा सभी को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए विश्वास दिलाया गया कि आयोग,यथा संभव सुझावों के संबंध में राज्य सरकार से अनुशंसा करने एवं इसे अमल में लाने का प्रयास करेगा।

# प्रस्तावित 3200 मेगावाट अल्ट्रा सुपर क्रिटिकल थर्मल पॉवर प्लांट को लेकर ग्रामीणों ने दिखाया उत्साह

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**नई दिल्ली।** राजस्थान के बारां जिले के अटरू तहसील अंतर्गत ग्राम कवाई में प्रस्तावित 3200 मेगावाट अल्ट्रा सुपर क्रिटिकल थर्मल पॉवर प्लांट के विस्तार को लेकर सोमवार को जनसुनवाई का सफल आयोजन किया गया। इस परियोजना में पहले से संचालित 1320 (2x660) मेगावाट संयंत्र में क्षमता वृद्धि की जाएगी, जिसे चरण- के तहत मेसर्स अदाणी पॉवर लिमिटेड द्वारा प्रस्तावित किया गया है। इस जनसुनवाई का आयोजन राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल, झालावाड़ के क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा भारत सरकार के पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की अधिसूचना 14 सितंबर, 2006 एवं बाद के संशोधनों के प्रावधानों के अनुसार किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता उपखंड मजिस्ट्रेट, अटरू ओमप्रकाश चंदेलिया ने की, जिन्हें जिला कलेक्टर बारां रोहिताश्व सिंह तोमर द्वारा अधिकृत किया गया था। इस अवसर पर राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल के क्षेत्रीय अधिकारी अनुराग यादव सहित परियोजना से जुड़े अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। जनसुनवाई में बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीणों, जनप्रतिनिधियों और संबंधित अधिकारियों ने भाग लेकर परियोजना से संबंधित विषयों पर विचार साझा किए। साथ ही, नई पर्यावरणीय तकनीकों को अपनाने और स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर बढ़ाने की दिशा में किए जा रहे प्रयास भी कार्यक्रम में महत्वपूर्ण आकर्षण रहे। जनसुनवाई में पर्यावरणीय प्रभाव मूल्यांकन रिपोर्ट के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा हुई। ग्रामीणों ने रोजगार, जल, वायु और हरियाली से जुड़े सवाल पूछे और परियोजना से संभावित सामाजिक व आर्थिक लाभों पर सुझाव रखे। साथ ही उन्होंने यह भी अपेक्षा जताई कि कंपनी द्वारा शिक्षा, स्वास्थ्य और आजीविका से जुड़े क्षेत्रीय विकास कार्यक्रमों को प्राथमिकता दी जाए। अदाणी पॉवर लिमिटेड द्वारा बारां जिले में शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण और आजीविका के क्षेत्र में कई सार्थक पहलें की गई हैं, जिनकी ग्रामीणों ने खुलकर सराहना की। 'हरित पर्यावरण कार्यक्रम' के तहत 15 सरकारी व आवासीय विद्यालयों में सोलर पैनल लगाए गए हैं, जिससे 4500 से अधिक विद्यार्थियों को लगातार बिजली और बेहतर शिक्षा की सुविधा मिल रही है। इसके अतिरिक्त, शिक्षा के क्षेत्र को बढ़ावा देते हुए, नवोदय कोचिंग क्लासेस की शुरुआत की गई। वहीं, स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए 12 जिला अस्पताल और 24 घंटे एम्बुलेंस सेवाएँ शुरू की गईं। दूध डेयरी की स्थापना से ग्रामीणों को रोज़गार के नए अवसर मिले हैं।

## बिजली चोरी मामले में लगा जुर्माना

**मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** मीटर बायपास कर विद्युत चोरी मामले को लेकर लगातार बिजली विभाग की टीम जगह-जगह पर छापेमारी कर रही है। ऐसे में बीते शाम को भगवानगंज थाना क्षेत्र के सरफाबाद बलियारी गांव में एक मुर्गी फार्म में मीटर बायपास कर बिजली चोरी कर रहे मामले में छापेमारी दल ने सघन जांच की जहां पर छापेमारी दल में कनीय अभियंता रंजीत कुमारस सहायक विद्युत अभियंता सुरेंद्र कुमार, भगवानगंज पुलिस के साथ पूरी टीम के साथ छापेमारी की गई, जहां पर मीटर बायपास कर बिजली चोरी की जा रही थी, 1,33,901 रुपए का जुर्माना लगाया गया। इसके अलावा पहले से 1,30,605 रुपए की राशि का बकाया था, जिसमें कुल 2,64,506 रुपए का राजस्व क्षति को बताया गया है। सहायक विद्युत अभियंता सुरेन्द्र कुमार के द्वारा नामजद भगवानगंज थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है।

## पेज 1 का शेष

### समाज के कमजोर...

बोलने, देखने या सीखने में कठिनाई महसूस करते हैं एवं विधवा महिलायें जिनके पति की मृत्यु हो चुकी है। इस प्रकार तीनों तरह के कुल 1 करोड़ 11 लाख से भी अधिक लोगों को जून 2025 के लिए 1100 रूपये प्रति लाभार्थी की दर से कुल 1 हजार 227 करोड़ रुपये से भी अधिक पेंशन की राशि सीधे उनके बैंक खातों में भेज दी गयी है। मैंने विभाग को यह निर्देश दिया है कि इस कार्यक्रम के बाद आगे से हर महीने की 10 तारीख को पेंशन की राशि लाभार्थियों के खाते में जरूर भेज दी जाये। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2005 से पहले जिन लोगों को काम करने का मौका मिला उन्होंने बिहार के विकास और महिलाओं के उत्थान के लिये कोई काम नहीं किया। वे लोग केवल अनाप-शनाप बयानबाजी करते रहते हैं। हमलोगों ने महिलाओं के उत्थान के लिए प्रारंभ से ही काम किया है। हमारी सरकार ने पंचायती राज संस्थाओं एवं नगर निकाय के चुनाव में महिलाओं को 50 प्रतिशत आरक्षण का लाभ दिया है। राज्य सरकार की सभी नौकरियों में महिलाओं को 35 प्रतिशत आरक्षण दिया जा रहा है। महिलाएं आत्मनिर्भर बन रही हैं। हमलोगों ने समाज के सभी तबको तथा राज्य के सभी इलाकों के विकास के लिए समान रूप से काम किया है। किसी की उपेक्षा नहीं की गई है। हमलोग शुरू से एक साथ मिलकर बिहार के विकास के लिये काम करते रहे हैं और आगे भी करते रहेंगे। आपके जीवन को सम्मानजनक तथा बेहतर बनाने के लिए हमलोग लगातार काम कर रहे हैं। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा, समाज कल्याण मंत्री मदन सहनी, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, मुख्य सचिव अमृत लाल मीणा, विकास आयुक्त प्रत्यय अमृत, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ. एस. सिद्धार्थ, समाज कल्याण विभाग की सचिव बंदना प्रेयषी, मुख्यमंत्री के सचिव अनुपम कुमार एवं कुमार रवि, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी डॉ. गोपाल सिंह, सामाजिक सुरक्षा निदेशालय के निदेशक अमित कुमार पांडेय सहित अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे। वहीं वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से राज्य के सभी जिलों के प्रभारी मंत्री, जनप्रतिनिधिगण, जिलाधिकारी, लाभार्थीगण एवं बड़ी संख्या में आमजन कार्यक्रम से जुड़े थे।

### एक माह तक चलने...

अलावे भागलपुर में छोटे विमान भी शीघ्र उड़ान भरने लगेंगे जिससे सुल्तानगंज हवाई सेवा के मानचित्र पर अंकित हो जाएगा। उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि उत्तर वाहिनी गंगा तट पर अवस्थित सुल्तानगंज के श्रावणी मेला की महत्ता कम नहीं है और इसके चतुर्दिक विकास के लिए राज्य सरकार तेजी से काम कर रही है। विकास कार्यों में लापरवाही और भ्रष्टाचार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। गलत काम करने वाले दंडित किए जाएंगे। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने श्रावणी मेला की महत्ता को चारो ओर फैलाने और श्रद्धालुओं की कांवर यात्रा को सुविधाजनक बनाने के लिए राज्य की डबल इंजन की सरकार सेवा भावना से काम कर रही है। भूमि सुधार व राजस्व मंत्री संजय सरावगी ने कहा कि विश्व प्रसिद्ध श्रावणी मेला के निरंतर विकास के लिए राज्य सरकार तेजी से काम कर रही है। खासकर, पर्यटन एवं नगर विकास विभाग मेला क्षेत्र के विकास को उच्च प्राथमिकता दे रही है। श्रम संसाधन सह प्रभारी मंत्री संतोष कुमार सिंह ने कहा कि पूरे सावन महीने तक मेला क्षेत्र और कांवरिया मार्ग पर श्रद्धालुओं को कोई कष्ट या परेशानी नहीं होने दिया जाएगा। इसके लिए संबंधित विभाग, जिला प्रशासन और स्थानीय स्वंयसेवी संगठन मिलकर बेहतर ढंग से काम कर रही हैं। ग्रामीण कार्य मंत्री जयंत राज, स्थानीय विधायक ललित नारायण मंडल, भाजपा विधायक पवन यादव, वरिष्ठ भाजपा नेता दिलीप मिश्रा, जिला भाजपा अध्यक्ष संतोष कुमार आदि ने भी इस मेले को बड़े स्तर पर विकसित करने पर जोर दिया। मौके पर भागलपुर के आयुक्त हिमांशु कुमार राय, श्रम संसाधन विभाग के सचिव दीपक आनंद, आईजी विवेक कुमार, एसएसपी हृदय कांत, नगर परिषद के मुख्य पार्षद राजकुमार गुड्डू सहित बड़ी संख्या में स्थानीय जनप्रतिनिधि और गणमान्य लोग भी मौजूद थे।

# सत्येन्द्र हत्याकांड मामले में आरोपित विनीत उर्फ राजा गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** मसौढ़ी के कोरियावां गढ सत्येंद्र हत्याकांड मामले में विनीत कुमार उर्फ राजा पिता बबन केवट को मसौढ़ी पुलिस ने पटना दिघा के रामजीचक से जो अपने चचेरी बहन के घर से गिरफ्तार किया है। दरअसल बिते चार जुलाई की घटित घटना के बाद मृतक की पत्नी निर्मला देवी ने मसौढी थाने में 7 नामजद एवं पांच अज्ञात लोगों पर केस दर्ज कराया है। जहां एक युवक शशि कुमार पिता उमेश ठाकुर को पुलिस ने तत्काल गिरफ्तार किया है। पूरी घटना के बारे में बताया जाता है कि मृतक सत्येंद्र कुमार हो रहे लड़ाई झगड़े को शांत करने के लिए गया था, उसी दौरान गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। थानाअध्यक्ष अनिल कुमार ने कहा जल्द ही सभी आरोपियों की गिरफ्तारी होगी।

## ओबरा और दाउदनगर में गुरुओं का हुआ सम्मान

**ओबरा/दाउदनगर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** गुरु के सम्मान और ज्ञान के प्रति आस्था का पर्व गुरु पूर्णिमा मुख्यालय के ओबरा और दाउदनगर में श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विभिन्न संस्थानों में विशेष कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व डॉक्टर सुशील कुमार पाण्डेय ने किया। बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने गुरुओं की पूजा-अर्चना कर उन्हें अंगवस्त्र और पुष्प अर्पित कर सम्मानित किया। इस अवसर पर भजन संध्या का भी आयोजन किया गया, जिसमें राजीव पाण्डेय सहित अन्य कलाकारों ने भक्तिपूर्ण गीत प्रस्तुत किए और उपस्थित जनों को भावविभोर कर दिया। डॉक्टर सुशील कुमार पाण्डेय ने अपने वक्तव्य में कहा कि गुरु के बिना जीवन अंधकारमय होता है। हर व्यक्ति के जीवन में कोई न कोई गुरु होता है, जो उसे अज्ञानता से निकालकर ज्ञान के प्रकाश की ओर ले जाता है।

# उपभोक्ता विवाद निवारण फोरम ने दिलाया जीवन ज्योति बीमा लाभ

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** प्रधान मंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के अंतर्गत औरंगाबाद जिले के आवेदक रामाकांत शर्मा को उनकी दिवंगत पत्नी के नाम पर बीमा राशि के रूप में 1,98,904 रुपये की धनराशि प्राप्त हुई है। यह राशि स्टार युनियन दाई-इची लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड के क्षेत्रीय कार्यालय गया के माध्यम से प्रदान की गई। जिला उपभोक्ता विवाद निवारण फोरम, औरंगाबाद के उपभोक्ता वाद संख्या-110/22 में सुनवाई के बाद फोरम के सदस्य बद्रीनारायण सिंह ने चेक सौंपा। इस अवसर पर बीमा कंपनी की ओर से अधिवक्ता अंजनी कुमार सिंह और अधिवक्ता चंदन गोरव उपस्थित थे। सूत्रों ने बताया कि रामाकांत शर्मा, वार्ड संख्या 08, श्रीकृष्ण नगर, अहरी, औरंगाबाद के संयुक्त खाते से उनकी पत्नी का बीमा प्रीमियम 28 अगस्त 2020 से नियमित रूप से बैंक ऑफ इंडिया, महाराजगंज रोड, औरंगाबाद शाखा में जमा हो रहा था। उनकी पत्नी की मृत्यु 29 अप्रैल 2022 को हो गई थी, लेकिन बैंक द्वारा उन्हें कभी बीमा पॉलिसी नंबर या बांड पत्र नहीं सौंपा गया। इसके चलते बीमा कंपनी द्वारा भुगतान में लगातार टालमटोल किया जाता रहा, जिससे विवश होकर रामाकांत शर्मा को जिला उपभोक्ता अदालत का रुख करना पड़ा। अदालत के हस्तक्षेप के बाद उन्हें बीमा योजना के अंतर्गत लाभ प्राप्त हुआ। विदित हो कि जानकारी के अभाव में आज भी बहुत से लोग सरकारी बीमा योजनाओं, आपदा राहत एवं दुर्घटना मुआवजे जैसी सुविधाओं से वंचित रह जाते हैं। यदि सही समय पर जानकारी और दस्तावेज उपलब्ध हों, तो आम नागरिक इन लाभकारी योजनाओं से पूर्णतः लाभान्वित हो सकते हैं।

# खाते में पैसा आते ही पेंशनधारियों के चेहरे खिले

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** सामाजिक सुरक्षा पेंशन के तहत मसौढ़ी अनुमंडल में तकरीबन 1 लाख 40 हजार लाभुकों के खाते में पेंशनधारियों के पैसे आ गये। मोबाइल मे मैसैज आते लाभुकों के चेहरे पर मुस्कान आ गई। मसौढ़ी में हर पेंशनधारीयों के चेहरे पर खुशी दिखती नजर आई, जिसमें कलावती देवी, शहजादी खातून, नरगिस खातून, रामवती देवी, सरस्वती देवी, संगीता देवी, आदि कई लाभुकों ने कहा कि अब 400 के बदले हमें 1100 मिलेंगे, इसको लेकर सरकार के प्रति आभार जताते हुए। कहा कि अब हमें दवाई और दूध के पैसों के लिए दूसरों के हाथ नहीं पसारना पड़ेगा। घर के कुछ कामों में भी पैसा हम प्रयोग में ला सकते हैं। बहरहाल गुरुवार को बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के द्वारा सभी सामाजिक सुरक्षा पेंशन के तहत लाभूको को ऑनलाइन ट्रांजैक्शन उनके खातों में भेजा है। जिसको लेकर मसौढ़ी अनुमंडल में नगर परिषद सभागार, मसौढ़ी प्रखंड मुख्यालय, धनरूआ स्वर्ण जयंती भवन एवं पुनपुन स्वर्ण जयंती भवन में विशेष शिविर का आयोजन किया गया, इसके अलावा हर राजस्व ग्राम पंचायत स्तर पर भी शिविर लगाया गया। जहां मसौढ़ी प्रखंड एवं पंचायत स्तर पर विशेष कार्यक्रम में 105 जगह चिन्हित, कर शिविर लगाया गया, जहां सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के तहत नव निर्धारित दरों पर पेंशन अंतरण से संबंधित कार्यक्रम का आयोजन कर मसौढ़ी के प्रखंड मुख्यालय से लेकर राजस्व ग्राम स्तर तक किया जाएगा। यह कार्यक्रम पहली बार नई दर से पेंशन राशि के सीधे अंतरण को चिह्नित करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया, मसौढ़ी प्रखंड के 17 पंचायत, धनरूआ के 20 पंचायत और पुनपुन के 14 पंचायतों के राजस्व ग्रामों में यह कार्यक्रम आयोजित किया गया, जहां मसौढ़ी प्रखंड में नोडल पदाधिकारी बीडीओ प्रभाकर कुमार, धनरूआ में बीडीओ सीमा कुमारी और पुनपुन में बीडीओ मान्नेद्र कुमार बनाए गए थे। ऐसे मे कुल 1 लाख 40 हजार पेंशनधारीयों के खाते में पैसे भेजे गये। बहरहाल इस विशेष आयोजन में सभी छह सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं–वृद्धावस्था पेंशन, विधवा पेंशन, दिव्यांग पेंशन, निःशक्तजन पेंशन, वृद्धा महिला पेंशन और ट्रांसजेंडर पेंशन – के लाभार्थियों की भागीदारी सुनिश्चित की गई है। आयोजन स्थल पर लाभार्थियों को आमंत्रित कर उन्हें नव संशोधित दरों के अनुसार राशि अंतरण की जानकारी गई।

**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना सं. एसजी.निविदा/डीएसटीई/एसडीएएच/557, दिनांक 10.07.2025,** वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता, पूर्व रेलवे, आरएमएस बिल्डिंग, काइज़र स्ट्रीट, सियालदह, कोलकाता–700014 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई–निविदा आमंत्रित की जाती है: **'ई'–निविदा सं. एसडीएसटीई/टेली/टी/10/25–26/सीएपी, आरईवी। कार्य का नाम एवं इसका स्थान:** सियालदह मंडल के तहत स्टेशनों पर सीआईबी (आईपीआईएस सिस्टम) का प्रावधान जहाँ मेल/एक्सप्रेस ट्रेनें ठहराव प्रदान करने/शुरू होने के लिए निर्धारित हैं तथा तीन वर्ष की गारंटी अवधि के समाप्त होने के बाद 5 वर्ष के लिए सिस्टम का सीएएमसी। **निविदा मूल्य :** रु. 8,12,15,764.55, **निविदा कागजात का मूल्य :** शून्य। **बयाना राशि/बोली प्रतिभूति जमा की जाएगी :** रु.5,56,100/–, **कार्य की समापन अवधि:** 06 माह। **निविदा जमा देने की प्रारंभिक तिथि:** 22.07.2025, **निविदा जमा देने की अंतिम तिथि:** 05.08.2025 को 14.00 बजे तक। **निविदा बोली के खोलने की तिथि:** 05.08.2025 को 14.30 बजे। **विवरण यहां उपलब्ध है: www.ireps.gov.in तकनीकी पात्रता मानदंड:** निविदाकार ने निविदा आमंत्रण से पूर्व महीने के अंतिम दिन को समाप्त, पिछले 07 (सात) वर्षों के दौरान, निम्नलिखित श्रेणियों में से किसी एक कार्य का सफलतापूर्वक पूरा या पर्याप्त रूप से निष्पादन किया है: (i) तीन समरूप कार्य जिनमें से प्रत्येक की लागत निविदा के विज्ञापित मूल्य के 30% की समान राशि से कम न हो, या (ii) दो समरूप कार्य जिनमें से प्रत्येक की लागत निविदा के विज्ञापित मूल्य के 40% की समान राशि से कम न हो, या (iii) एक समरूप कार्य जिसकी लागत निविदा के विज्ञापित मूल्य के 60% की समान राशि से कम न हो। **वित्तीय पात्रता मानदंड:** निविदाकार का न्यूनतम औसत वार्षिक ठेकाजनित कारोबार V/N या 'V' होना चाहिए, जो भी कम हो, जहाँ V = निविदा का विज्ञापित मूल्य करोड़ रुपये में, N = कार्य पूरा करने के लिए निर्धारित वर्षों की संख्या जिसके लिए बोलियाँ आमंत्रित की गई हैं। औसत वार्षिक ठेकाजनित कारोबार की गणना लेखापरीक्षित तुलन पत्र के अनुसार पिछले तीन वित्तीय वर्षों में "कुल ठेकाजनित भुगतान" के औसत के रूप में की जाएगी। तथापि, यदि पिछले वर्ष का तुलन–पत्र अभी तैयार किया जाना है/लेखापरीक्षित किया जाना है, तो औसत वार्षिक ठेकाजनित कारोबार की गणना के लिए चौथे पिछले वर्ष के लेखापरीक्षित तुलन–पत्र को विचार में लिया जाएगा। निविदाकार जीसीसी 2022 के अनेक्सर–VIबी (मौजूदा निविदा कागजात का फॉर्म–6) के अनुसार आवश्यक जानकारी के साथ सनदी लेखापाल द्वारा यथा प्रमाणित लेखापरीक्षित तुलन पत्र की प्रतियाँ/लेखापरीक्षित तुलन पत्र द्वारा यथा समर्थित सनदी लेखापाल से प्रमाण पत्र प्रस्तुत करेंगे। **जमा किए जाने वाले अन्य कागजात:** निविदा कागजात में उल्लिखित अनुसार। **समरूप कार्य की प्रकृति:** ट्रेन इंडिकेशन बोर्ड/कोच गाइडेंस सिस्टम/पीए सिस्टम/क्लॉक/आईपीआईएस/टच स्क्रीन एन्क्वायरी सिस्टम/डिस्प्ले बोर्ड की आपूर्ति और स्थापना का कोई भी कार्य। **टिप्पणी:** निविदाकार अपने निविदा प्रस्ताव के साथ निविदा कागजात में उल्लिखित पात्रता मानदंड को पूरा करने के अपने दावे के समर्थन में कागजात प्रस्तुत करेंगे। निविदाकार द्वारा प्रस्तुत किए गए प्रमाण पत्रों के समर्थन में कागजातों/प्रमाणपत्रों की प्रतिलिपि का प्रत्येक पृष्ठ निविदाकार या निविदाकारी फर्म के अधिकृत प्रतिनिधि द्वारा स्व–सत्यापित/डिजिटल रूप से हस्ताक्षरित होगा। स्व–सत्यापन में हस्ताक्षर, मुहर और तिथि (प्रत्येक पृष्ठ पर) शामिल होंगे।
SDAH-118/2025-26
निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है
हमें यहाँ देखें : @EastrernRailway
@easternrailwayheadquarter

# श्रवण कुमार सम्मान से सम्मानित हुईं सेवाभावी संतानें

## चैनपुर में मातृ-पितृ वंदन महोत्सव आयोजित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** देव ग्राम चैनपुर में भव्य मातृ-पितृ वंदन महोत्सव का आयोजन सिद्धेश्वर विद्यार्थी के संयोजन में किया गया, जिसकी शुरुआत दीप प्रज्वलन से हुई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में एमएलसी दिलीप सिंह उपस्थित रहे। साथ ही सच्चिदानंद सिन्हा कॉलेज के प्रधानाचार्य सुधीर मिश्रा, रामानंद पांडे बीएड कॉलेज के सचिव शंभू पांडे, गजना धाम मंदिर के महंत अवध बिहारी दास, सुमन लता, ज्योतिषाचार्य शिव नारायण सिंह, साहित्यकार सुरेंद्र प्रसाद मिश्रा, राजेंद्र सिंह, कवि लवकुश प्रसाद, अध्यक्ष रामजी सिंह और साहित्यकार रामकिशोर सिंह विशिष्ट अतिथि के रूप में मंच पर उपस्थित थे। चर्चित कलाकार धर्मेंद्र यादव ने संगीत के माध्यम से स्वागत गान प्रस्तुत कर अतिथियों का अभिनंदन किया। दिलीप सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि यह महोत्सव समाज में सेवा और संस्कृति की भावना को जागृत करने वाला आयोजन है। उन्होंने माता-पिता को ईश्वर से भी श्रेष्ठ बताया और गणेश की कथा का उदाहरण देते हुए पारिवारिक मूल्यों को आत्मसात करने का आह्वान किया। प्रधानाचार्य सुधीर मिश्रा ने कहा कि ऐसे आयोजन से युवा पीढ़ी में संस्कार जागृत होते हैं और वे अपने माता-पिता व सास-ससुर के प्रति कर्तव्यनिष्ठ बनते हैं। अन्य वक्ताओं ने भी इस पहल की सराहना की और आयोजन समिति को शुभकामनाएं दीं। महोत्सव में माता-पिता और सास-ससुर की सेवा में समर्पित संतानों को श्रवण कुमार सम्मान से सम्मानित किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में दीपशिखा, हेमा पाठक, पुष्कर राज पंडित, मनत कुमारी, निकी रॉय, बिना सरवाज, माही कुमारी और खुशी कुमारी ने नृत्य प्रस्तुतियाँ दीं। लोकगायक मोहित पाठक, कंचन कुमारी, मुकेश चौबे, साबित सिंह, सनोज सागर, सुजीत पाल, धर्मेंद्र यादव, राम श्याम, धर्मेंद्र कुमार, रौनक गगन और कुंदन कुमार ने भिखारी ठाकुर की रचनाओं से श्रोताओं को भावविभोर किया। कार्यक्रम का संचालन सिद्धेश्वर विद्यार्थी ने किया और आयोजन का उद्देश्य बताया कि सेवा भाव से जीने वाले संतानों को सम्मानित कर समाज को प्रेरणा देना ही इस आयोजन की मूल भावना है। कला कौशल मंच के अध्यक्ष आदित्य श्रीवास्तव ने कहा कि मंच कलाकारों को उभरने का अवसर देता है। इस अवसर पर कविता विद्यार्थी, लालदेव प्रसाद, वीरेंद्र सिंह, रामचंद्र सिंह, रजन सिंह, अशोक सिंह, राजू सिंह, बिरेंदर सिंह और अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

**पूर्व मध्य रेल**

**ई–निविदा सूचना**

**सं. पूमरे–मुप्रअ–नि–उ–ईपीसी–09–25–26**

भारत के राष्ट्रपति के तरफ से निम्न कार्य हेतु ई. निविदा आमंत्रित की जाती है।

**क्र० सं० 1, विवरण , कार्य का नाम :** पूर्व मध्य रेलवे के समस्तीपुर मंडल के सीतामढ़ी–शिवहर नए बीजी रेलवे लाइन परियोजना के अंतर्गत, सीतामढ़ी (excluding) से रेवासी (including) तक (अर्थात ch. 0.700 से 12.400) (कुल लंबाई =11.70 किमी) 25 टन भारतीय रेलवे मानक लोडिंग के अनुरूप मिट्टी कार्य, ब्लैंकटिंग कार्य, छोटे पुल, बड़े पुल, रेलवे अंडरपास (RUBs), लेवल क्रॉसिंग (LC) कार्य, ट्रैक कार्य, स्टेशन और अन्य भवन, प्लेटफार्म कार्य एवं अन्य विविध कार्य।, **2. कार्य का लगभग मूल्य :** रू. 188,50,91,816.17, **3. निविदा हेतु अग्रधन राशि जमा:** रू. 94,25,500.00, **4. निविदा बंद होने की तिथि एवं समय:** 08.10.2025, चौदह तीस बजे।, **5. वेबसाइट का विवरण, नोटिस बोर्ड जहाँ पर निविदा का पूर्ण विवरण देखा जा सकता है तथा कार्यालय का पता जहाँ पर निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकता है इत्यादि:** उपरोक्त ई–निविदा के ई–निविदा दस्तावेज सहित संपूर्ण जानकारी वेबसाइट **http://www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध होगें एवं मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/ निर्माण/ उत्तर/ पूमरे/महेन्द्रूघाट, पटना के कार्यालय में देखा जा सकता है।

**द्रष्टव्य:** निविदा सूचना में पाए गए किसी भी विसंगति विवरण के मामले में अंग्रेजी संस्करण ही मान्य होगा। प्रत्याशित निविदाकारों को यह सलाह दी जाती है कि इस ई–निविदा के लिए जारी कोई भी परिवर्तन/शुद्धिपत्र की ओर ध्यान देने के लिए वे निविदा बंद होने की अंतिम तिथि से कम से कम पन्द्रह दिन पहले वेबसाईट **http://www.ireps.gov.in** का अवलोकन करें।

**मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण**
**पूर्व मध्य रेलवे, महेंद्रूघाट, पटना**
पीआर/0576/सीएन/एन/एमएचएक्स/सीओएनएसटी/टी/25–26/52

# अदालती आदेश की अवहेलना पर फेसर थानाध्यक्ष का रोका गया वेतन भुगतान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** व्यवहार न्यायालय, औरंगाबाद ने इजराय वाद संख्या-05/15 में सुनवाई करते हुए फ़ेसर थाना प्रभारी के वेतन भुगतान पर रोक लगाने का आदेश दिया है। यह कार्रवाई न्यायालय के पूर्व आदेश की अवहेलना के मद्देनजर की गई है। सूत्रों ने जानकारी दी कि यह इजराय वाद हकीकत वाद संख्या-09/12 का भाग है, जिसमें डिक्रीदार राजाराम यादव और राजू यादव के पक्ष में डिक्री पारित की गई थी। डिक्री के अनुसार, संबंधित भूमि पर डिक्रीदार को कब्जा दिलाया गया था, लेकिन बाद में निर्णित ऋणीगणों ने उन्हें हटाकर उस पर अवैध कब्जा कर खेती शुरू कर दी। मामले को गंभीरता से लेते हुए न्यायालय ने 6 फरवरी 2023 को सभी दसों निर्णित ऋणीगणों के विरुद्ध वारंट जारी किया। पुलिस द्वारा स्थलीय निरीक्षण भी कराया गया, परंतु मात्र एक आरोपी को गिरफ्तार कर शेष नौ को फरार बताते हुए 30 जनवरी 2024 को प्रतिवेदन न्यायालय में समर्पित किया गया। इस पर न्यायालय ने प्रश्न उठाया कि यदि सभी आरोपी फरार हैं तो भूमि पर उनका कब्जा कैसे बना हुआ है। तत्पश्चात 27 मई 2025 को न्यायालय ने पुलिस को निर्देश दिया कि डिक्रीदार को भूमि पर पुनः कब्जा दिलाया जाए और 15 दिनों के भीतर प्रतिवेदन समर्पित किया जाए। लेकिन आदेश के अनुपालन में हुई देरी के कारण 17 जून 2025 को स्मारपत्र जारी किया गया और इसके बाद थाना प्रभारी फ़ेसर को शोकोज नोटिस भेजा गया। डिक्रीदार के अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही के आग्रह पर न्यायालय ने कार्रवाई करते हुए थाना प्रभारी का वेतन आदेश के अनुपालन तक रोके जाने का आदेश पारित किया। इस आदेश की प्रतिलिपि थाना प्रभारी फ़ेसर, कोषागार पदाधिकारी और पुलिस अधीक्षक औरंगाबाद को भेज दी गई है।

# जसप्रीत बुमराह ने दो गेंदों में तोड़ दी इंग्लैंड की कमर

- फ्रंटफुट से बैकफुट पर पहुंच गया मेजबान
- जो रूट को टेस्ट में 11वीं बार आउट किया बुमराह ने



**लॉर्ड्स (एजेंसी)।** भारत और इंग्लैंड के बीच लॉर्ड्स में तीसरा टेस्ट मैच खेला जा रहा है। दूसरे दिन जसप्रीत बुमराह की घातक गेंदबाजी देने को मिली। बुमराह ने बैक-टू-बैक विकेट लेकर इंग्लैंड टीम की कमर तोड़ दी। बुमराह ने बैजबॉल की धज्जियां उड़ाकर रख दी है। इंग्लैंड फ्रंटफुट से बैकफुट पर मेजबान टीम पहुंच गई। 317 रन पर 7 विकेट खो चुके थे। लॉर्ड्स टेस्ट के दूसरे दिन इंग्लैंड ने 251 रन से आगे खेलना शुरु किया। जो रूट ने जसप्रीत बुमराह की पहली गेंद पर चौका लगाकर अपना शतक पूरा किया। इसके बाद बुमराह का आतंक देखने को मिला। बुमराह ने दूसरे दिन के खेल के तीसरे ओवर में इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स को क्लीन बोल्ड कर विकेट का खाता खोला।

**बुमराह ने किया इंग्लिश बल्लेबाजों को गुमराह –** अब बुमराह की गेंद को विकेट का स्वाद लग चुका था। फिर आता है ओवर नंबर 88वां। दूसरे दिन के खेल का पांचवां ओवर। पहली ही गेंद पर सेट बल्लेबाज जो रूट का स्टंप उड़ा दिया। बुमराह ने छठे स्टंप की लेंथ गेंद की। निपबैक होकर गेंद अंदर की तरफ आई। गेंद जो रूट के बल्ले अंदरूनी किनारा लेते हुए मिडिल स्टंप ले उड़ी।

**क्रिस वोक्स को दिया गच्चा –** ओवर की अगली ही गेंद पर क्रिस वोक्स गच्चा खा गए। उछाल लेती ऑफ स्टंप के काफी बाहर की बैक ऑफ लेंथ गेंद थी। उस पर क्रिस वोक्स बीट हुए। कैच की अपील की गई तो अंपायर ने मना कर दिया। आखिरी समय पर रिव्यू लिया गया। थर्ड अंपायार ने आउट दिया और भारत फील्डर उछल पड़े।

**चार विकेट ले चुके हैं बुमराह –** बुमराह ने ओवर का अंत डबल विकेट मेडन किया। बुमराह को पहले दिन एक विकेट मिला था। दूसरे दिन विकेट ने तीन विकेट चटकाए। खबर लिखे जाने तक बुमराह के नाम चार विकेट हो चुके थे। एक मजेदार आंकड़ा बताते हैं। बुमराह ने जो रूट को टेस्ट में 11वीं बार आउट किया। बुमराह ने पैट कमिंस की बराबरी कर ली है।

# तेंदुलकर ने घंटी बजाकर मैच शुरू किया

- जुरेल ने चोटिल पंत की जगह विकेटकीपिंग की
- रेड्डी को 1 ओवर में 2 विकेट, रूट के भारत के खिलाफ 3000 टेस्ट रन पूरे



**लंदन (एजेंसी)।** भारत और इंग्लैंड के बीच लंदन के द लॉर्ड्स स्टेडियम में तीसरा टेस्ट खेला जा रहा है। गुरुवार को मुकाबले के पहले दिन भारत के विकेटकीपर ऋषभ पंत चोटिल हो गए। उनकी जगह ध्रुव जुरेल ने विकेटकीपिंग की। नीतीश रेड्डी ने अपने पहले ही ओवर में 2 विकेट लिए। वहीं जो रूट ने भारत के खिलाफ 3 हजार टेस्ट रन पूरे कर लिए।

**तेंदुलकर ने घंटी बजाकर मैच शुरू किया –** क्रिकेट के भगवान सचिन तेंदुलकर ने ऐतिहासिक लॉर्ड्स स्टेडियम में लगी घंटी बजाकर मैच शुरू कराया। घंटी बजते ही दोनों देशों का राष्ट्रगान हुआ और कुछ देर बाद ही मैच की पहली गेंद फेंकी गई।

**एमसीसी म्यूजियम में सचिन की पेंटिंग लगी –** लंदन में बने क्रिकेट के एमसीसी म्यूजियम में सचिन तेंदुलकर की पेंटिंग लगाई गई। मुकाबला शुरू होने से पहले तेंदुलकर की पेंटिंग का उद्घाटन किया गया। सचिन की 2007 में ली गई फोटो की पेंटिंग आर्टिस्ट स्टुअर्ट पियर्सन राइट ने बनाई। फोटो साल खत्म होने तक स्ष्टष्ट म्यूजियम में रहेगी, जिसे 2026 में लॉर्ड्स के पवेलियन में लगाया जाएगा।

**रेड्?डी को पहले ओवर में 2 विकेट –** नीतीश कुमार रेड्डी 14वें ओवर में पहली बार बॉलिंग करने आए। उन्होंने इस ओवर में इंग्लैंड के दोनों ओपनर को पवेलियन भेज दिया। रेड्डी ने ओवर की तीसरी गेंद बेन डकेट को बाउंसर फेंकी और उन्हें विकेटकीपर पंत के हाथों कैच कराया। फिर ओवर की आखिरी बॉल पर जैक क्रॉली को भी कॉट बिहाइंड करा दिया। इसी ओवर की चौथी बॉल पर कप्तान शुभमन गिल से गली पोजिशन में ओली पोप का कैच छूट गया। रेड्डी ने ऑफ स्टंप के बाहर गुड लेंथ पर आउट स्विंगर फेंकी। पोप ड्राइव करने गए, लेकिन गेंद गिल की ओर चली गई। उन्होंने डाइव लगाकर कैच लेने की कोशिश की, लेकिन गेंद उनके हाथ से छूट गई।

**पंत चोटिल हुए, जुरेल ने विकेटकीपिंग की –** 34वें ओवर में जसप्रीत बुमराह की बॉलिंग पर विकेटकीपिंग करने के दौरान विकेटकीपर ऋषभ पंत चोटिल हो गए। बुमराह ने लेग स्टंप के बाहर बॉल फेंकी, पंत ने डाइव लगाकर गेंद पकड़ने की कोशिश की, लेकिन गेंद उनके हाथ से टकराकर बाउंड्री की ओर चली गई। पंत की उंगली चोटिल हो गई, टीम फिजियो उन्हें चेक करने के लिए आया और पंत को अपने साथ ले गया। 35वें ओवर से फिर 12वें खिलाड़ी ध्रुव जुरेल ने पंत की जगह विकेटकीपिंग की। उन्होंने ओली पोप का कैच भी पकड़ा।

**रूट के भारत के खिलाफ 3 हजार टेस्ट रन पूरे –** इंग्लैंड के मिडिल ऑर्डर बैटर जो रूट ने भारत के खिलाफ टेस्ट में 3 हजार रन पूरे कर लिए। वे भारत के खिलाफ सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बैटर भी हैं। रूट ने अपनी पारी में 45वां रन बनाते ही 3 हजार टेस्ट रन पूरे किए। रूट एक टीम के खिलाफ 3 हजार प्लस टेस्ट रन बनाने वाले दुनिया के 9वें ही प्लेयर बने। रूट ने मुकाबले के पहले दिन फिफ्टी भी लगाई। यह टेस्ट करियर में उनकी 67वीं हाफ सेंचुरी है। वे टेस्ट में सबसे ज्यादा फिफ्टी लगाने के रिकॉर्ड में अब सचिन तेंदुलकर से महज 2 फिफ्टी दूर हैं। सचिन के नाम 68 टेस्ट फिफ्टी हैं।

## ओली पोप ने रक्षात्मक बल्लेबाजी का बचाव किया, भारतीय गेंदबाजों ने रन बनाना मुश्किल कर दिया



**लाइर्स (एजेंसी)।** इंग्लैंड के बल्लेबाज ओली पोप ने भारत के खिलाफ तीसरे टेस्ट मैच के पहले दिन अपनी टीम की रक्षात्मक बल्लेबाजी का बचाव करते हुए कहा कि यह ऐसी पिच नहीं है जिस पर आप आक्रामक होकर खेल सकते हैं। इंग्लैंड ने पिछले कुछ वर्षों में आक्रामक बल्लेबाजी शैली को अपनाया है लेकिन गुरुवार को उसने भारतीय गेंदबाजों के सामने रक्षात्मक बल्लेबाजी की और पहले दिन का खेल समाप्त होने तक 7 विकेट पर 320 रन बना लिए थे।

पोप ने कहा, 'यह ऐसी पिच नहीं है जिस पर आप खुलकर खेल सकें। भारतीय गेंदबाजों ने अपनी लेंथ बनाए रखी और रन बनाना मुश्किल कर दिया। उनका इशारा भारतीय गेंदबाजों की कसी हुई गेंदबाजी की ओर था, जिसे तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह (35 रन देकर एक विकेट) की वापसी से मजबूती मिली है। नितीश कुमार रेड्डी ने 46 रन देकर दो विकेट लिए हैं और वह पहले दिन भारत के सबसे सफल गेंदबाज रहे।

तेज गेंदबाज आकाशदीप और मोहम्मद सिराज को पहले दिन विकेट नहीं मिला लेकिन उन्होंने किफायती गेंदबाजी की। पोप ने रविन्द्र जडेजा की गेंद पर आउट होने से पहले 104 गेंदों में 44 रन की पारी खेली। उन्होंने कहा, 'जरूरी नहीं कि हम जिस तरह से पहली पारी में बल्लेबाजी करते रहे हैं, वैसे ही करें। हमें परिस्थितियों के अनुसार खेलना होगा। हमने पिच की प्रकृति को देखते हुए बल्लेबाजी की। इसके अलावा भारतीय गेंदबाजों ने भी अच्छी गेंदबाजी की।

# ब्रायन लारा बोले- मुल्डर को 400 रन बनाना चाहिए था

**रिकॉर्ड तोड़ने के लिए ही होते हैं; मुल्डर ने नाबाद 367 रन बनाए थे**



**जोहान्सबर्ग (एजेंसी)।** पूर्व वेस्टइंडीज बल्लेबाज ब्रायन लारा का मानना है कि वियान मुल्डर को उनके टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा व्यक्तिगत स्कोर (400 रन) का रिकॉर्ड तोड़ने की कोशिश करनी चाहिए थी। हाल ही में दक्षिण अफ्रीका के ऑलराउंडर मुल्डर ने जिम्बाब्वे के खिलाफ टेस्ट मैच में 367 रन की शानदार पारी खेली थी, लेकिन उन्होंने लारा के रिकॉर्ड को पार करने का प्रयास नहीं किया। यह मैच दक्षिण अफ्रीका ने 3 दिन के अंदर ही जीत लिया था।

**लारा ने कहा- रिकॉर्ड तोड़ने के लिए ही होते हैं –** मुल्डर ने सुपरस्पोर्ट से बातचीत में बताया कि उन्होंने हाल ही में लारा से बात की। उन्होंने कहा, अब जब सब शांत हो गया है, तो मेरी थोड़ी बहुत बात हुई है ब्रायन लारा से। उन्होंने कहा कि मुझे 400 रन के लिए जाना चाहिए था। लारा ने मुल्डर से कहा, रिकॉर्ड तोड़े जाने के लिए ही होते हैं और अगर तुम दोबारा कभी ऐसे मौके में रहो, तो जरूर 400 रन से ज्यादा बनाना।

### मैंने जो किया, उस पर मुझे गर्व है - मुल्डर

हालांकि, लारा की राय जानने के बावजूद मुल्डर का मानना है कि उन्होंने जो फैसला लिया, वो उनके लिए सही था। उन्होंने कहा, यह उनकी तरफ से दिलचस्प नजरिया था, लेकिन मैं अब भी मानता हूं कि मैंने जो किया वह सही था। मेरे लिए खेल का सम्मान सबसे जरूरी है। उन्होंने यह भी बताया कि दक्षिण अफ्रीका के हेड कोच शुक्री कॉनराड ने मजाक में कहा, सुनो, बड़े-बड़े स्कोर को दिग्गजों के पास ही रहने दो।

### मुल्डर की पारी-

- **मुल्डर का स्कोर**- 367 रन- टेस्ट क्रिकेट में पांचवां सबसे बड़ा स्कोर
- **लारा का रिकॉर्ड**- 400* रन (2004, इंग्लैंड के खिलाफ)

# तमिल और तेलुगु भाषा में उठा सकेंगे क्रिकेट और अन्य खेलों का लुत्फ

- सोनी स्पोर्ट्स नेटवर्क ने शुरू की सर्विस

**मुंबई (एजेंसी)।** सोनी स्पोर्ट्स नेटवर्क ने दो नए क्षेत्रीय चैनलों को लांच किया है जो तमिल और तेलुगु में खेलों का प्रसारण करेंगे। इसका उद्देश्य पूरे भारत में अपने दर्शकों के लिए एक अधिक भाषा-विशिष्ट चैनल बनाना है।

सोनी स्पोर्ट्स नेटवर्क, सोनी स्पोर्ट्स टेन 4 तमिल लॉन्च किया गया जो विशेष रूप से तमिल भाषी दर्शकों के लिए होगा। सोनी स्पोर्ट्स टेन 4 तेलुगु पूरी तरह से तेलुगु भाषा की खेल सामग्री पर केंद्रित होगा। इससे यह सुनिश्चित होता है कि दर्शकों को अपनी पसंदीदा भाषा में सामग्री के साथ-साथ लक्षित और सांस्कृतिक रूप से प्रासंगिक प्रोग्रामिंग प्राप्त करने के लिए एक स्पष्ट चैनल मिलेगा।

इसके अतिरिक्त नेटवर्क के लोकप्रिय हिंदी स्पोर्ट्स चैनल की भी एक नई पहचान होगी। सोनी स्पोर्ट्स टेन 3 (एसडी) का नाम बदलकर सोनी स्पोर्ट्स टेन 3 हिंदी और सोनी स्पोर्ट्स टेन 3 (एचडी) का नाम बदलकर सोनी स्पोर्ट्स टेन 3 हिंदी एचडी होगा। यह रीब्रांडिंग हिंदी भाषी दर्शकों के लिए उच्च-गुणवत्ता वाली खेल सामग्री प्रदान करने की सोनी स्पोर्ट्स नेटवर्क की निरंतर प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है।

यह बदलाव एक ब्लॉकबस्टर स्पोर्ट्स कैलेंडर से पहले आया है जिसमें दो सबसे बड़ी क्रिकेट श्रृंखलाएं, भारत का इंग्लैंड दौरा, एशिया कप के साथ-साथ अल्टीमेट फाइटिंग चैंपियनशिप (एफसी), यूईएफए चैंपियंस लीग और बहुत कुछ शामिल हैं।

# विंबलडन सेमीफाइनल में हारीं नंबर-1 एरिना सबालेंका

**अमेरिका की एनिसिमोवा फाइनल में पहुंचीं; स्वातेक ने सीधे सेटों में सेमीफाइनल जीता**



**लंदन (एजेंसी)।** विमेंस टेनिस सिंगल्स में नंबर-1 रैंक बेलारूस की एरिना सबालेंका को विंबलडन सेमीफाइनल में हारकर बाहर होना पड़ा। उन्हें अमेरिका की अमांडा एनिसिमोवा ने 3 सेट के सेमीफाइनल में हरा दिया। दूसरे सेमीफाइनल में वर्ल्ड नंबर-8 पोलैंड की इगा स्वातेक ने जीत दर्ज कर ली। 12 जुलाई को फाइनल में उनका सामना एनिसिमोवा से ही होगा।

**स्वातेक सीधे सेटों में जीतीं –** विमेंस सिंगल्स के पहले सेमीफाइनल में एनिसिमोवा ने सबालेंका को 6-4 से पहला सेट हरा दिया। सबालेंका ने वापसी की और दूसरा सेट 6-4 के अंतर से ही जीत लिया। एनिसिमोवा ने फिर कमबैक किया और तीसरा सेट 6-4 से अपने नाम कर मैच भी जीत लिया। दूसरे सेमीफाइनल में स्वातेक ने स्विट्जरलैंड की बेलिंडा बेनकिक को 6-2, 6-0 के अंतर से सीधे सेटों में ही हरा दिया।विंबलडन फाइनल में पहुंचने के बाद अमेरिका की अमांडा एमिनिसोवा को खुद पर विश्वास नहीं हुआ।

**मेंस डबल्स में वर्ल्ड नंबर-1 जोड़ी हारी –** मेंस डबल्स में भी दोनों सेमीफाइनल के नतीजे आ गए। वर्ल्ड नंबर-1 और नंबर-4 जोड़ी को हार का सामना करना पड़ गया। अल साल्वाडोर के मार्सेलो अरेवालो और क्रोएशिया के मैट पाविच की नंबर-1 जोड़ी को नीदरलैंड के डेविड पेल और ऑस्ट्रेलिया के रिंकी हिजिकाता की गैर वरीय जोड़ी ने 3 सेट में हराया। दोनों ने 7-6 (7-2), 6-7 (5-7), 6-7 (9-11) से सेमीफाइनल जीता। दूसरे नॉकआउट मुकाबले में स्पेन के मार्सेल ग्रानोलर्स और अर्जेंटीना के होरासियो जेबालोस की नंबर-4 जोड़ी को ब्रिटेन के लॉयड ग्लासपूल और जूलियन कैश की नंबर-5 जोड़ी ने सीधे सेट में हराया। ब्रिटिश पेयर ने 6-3, 6-4 से मुकाबला जीता।

# रोहित शर्मा से छिन सकती है वनडे टीम की कप्तानी, इस खिलाड़ी का नाम आ रहा सामने



**नईदिल्ली (एजेंसी)।** टेस्ट के बाद अब शुभमन गिल भारत की वनडे क्रिकेट टीम के कप्तान बनने की जानकारी सामने आई है। फिलहाल इस पद पर रोहित शर्मा हैं। रिपोर्ट्स के अनुसार गिल 2027 विश्व कप में भारत की कप्तानी करेंगे और निकट भविष्य में यह पद संभालेंगे। रोहित कब तक अपनी जगह बनाए रख पाएंगे, यह स्पष्ट नहीं है। अन्य रिपोर्टों का दावा है कि गिल अक्टूबर में भारत तीन मैचों की श्रृंखला के लिए ऑस्ट्रेलिया दौरे के दौरान वनडे टीम की कप्तानी करेंगे।

दिसंबर 2024 में जब रोहित ने बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के पांचवें टेस्ट से खुद को अलग कर लिया था जो भारत के टेस्ट कप्तान के रूप में उनका आखिरी कार्यकाल भी था। इस बात की अटकलें तेज हो गई थी। उन्होंने 2025 चैंपियंस ट्रॉफी में टीम का नेतृत्व किया और भारत के लिए वनडे और टेस्ट खेलने की अपनी इच्छा बनाए रखी (उन्होंने 2024 टी20 विश्व कप जीतने के बाद टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों से संन्यास ले लिया)। हालांकि इंग्लैंड टेस्ट टीम की घोषणा होने से पहले ऐसी खबरें आईं कि बीसीसीआई चयनकर्ताओं ने रोहित को टेस्ट कप्तानी से हटाने का फैसला किया है। इसके तुरंत बाद, इस सीनियर स्टार ने इस प्रारूप से संन्यास की घोषणा कर दी।

**महिला विश्व कप शतरंज**

# प्रियंका के ने ज़सोका गाल को हराकर दूसरे दौर में बनाई जगह

**बातुमी , जॉर्जिया (एजेंसी)।** फीडे विश्व महिला कप 2025 के पहले राउंड के टाईब्रेक मुक़ाबले में भारत की महिला अंतरराष्ट्रीय मास्टर प्रियंका के ने अपने खेल जीवन की एक बेहतरीन जीत दर्ज की उन्होने हंगरी की ग्रांडमास्टर ज़सोका गाल को रोमांचक टाईब्रेक मुकाबले में 5-3 से हराकर दूसरे दौर में प्रवेश कर लिया।प्रियंका ने पहले 15+10 मिनट के रैपिड मुकाबले में जीत के साथ दिन की शुरुआत की। हालांकि दूसरे मुक़ाबले में उन्होंने मजबूत स्थिति गंवा दी और खेल उनके हाथ से चला गया। इसके बाद दोनों 10+10 मिनट के मुक़ाबले ड्रॉ रहे। निर्णायक 5+3 मिनट के ब्लिट्ज मुकाबलों में प्रियंका ने दोनों बाज़ियाँ जीतकर मैच अपने नाम किया। अब राउंड 2 में उनका मुकाबला पोलैंड की इंटरनेशनल मास्टर क्लाउडिया कुलोन से होगा।प्रियांका का खेल विश्व कप के टाईब्रेक में स बार के मुकाबलों में सबसे लंबे समय तक चलने वाला मुक़ाबला रहा और उनकी जीत इसीलिए भी खास रही क्यूंकी उनकी विरोधी ना सिर्फ बेहद अनुभवी बल्कि प्रियंका के मुक़ाबले 300 से अधिक फीडे रेटिंग की खिलाड़ी है और कई बार



शतरंज ओलंपियाड खेलने का अनुभव रखती है । अब राउंड के मुकाबलों में ग्रांड मास्टर कोनेरु हम्पी और हरिका द्रोणावल्ली ,नंधिधा पी वी से ,इंटरनेशनल मास्टर पद्मिनी राऊत ,दिव्या देशमुख और वन्तिका अग्रवाल खेलते हुए नजर आएंगी ।

# हरियाणा की 3 इंटरनेशनल महिला पहलवान डोप में फंसी

**रीतिका हुड्?डा, नितिका और मुस्कान के सैंपल पॉजीटिव; तीनों पर एजेंसी ने लगाया प्रतिबंध**

**पानीपत (एजेंसी)।** हरियाणा की तीन इंटरनेशनल महिला पहलवान डोप केस में फंस गई हैं। देश की जानी मानी रेसलर रीतिका हुड्?डा, मुस्कान नांदल और नितिका के डोप टेस्ट पॉजिटिव मिले हैं। तीनों हरियाणा के रोहतक जिले की रहने वाली हैं। डोप टेस्ट सैंपल पॉजिटिव मिलने से इनकी मुश्किलें बढ़ गई हैं।



देश की पहली अंडर-23 विश्व चैंपियन और पेरिस ओलिंपियन रोहतक की रीतिका हुड्डा, एशियाई चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीतने वाली मुस्कान, अंडर-20 एशियाई चैंपियनशिप की विजेता नीतिका डोप पॉजिटिव पाई जाने पर राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी ने तीनों पहलवानों पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। रीतिका बीते वर्ष हेवीवेट वर्ग (76 किलो) के लिए ओलिंपिक क्वालिफाई करने वाली देश की पहली महिला पहलवान हैं।

**सैंपल में प्रतिबंधित सल्फोन पाया गया –** जानकारी के मुताबिक, रीतिका का सैंपल मार्च में हुए चयन ट्रायल के दौरान लिया गया था। उनके सैंपल की विदेशी लैब में दोबारा हुई टेस्टिंग में वह पॉजिटिव पाए गए हैं। मुस्कान का 13 मई की दिल्ली में राष्ट्रीय शिविर में आउट ऑफ कंपटीशन सैंपल लिया गया, जिसमें जीडब्ल्यू 1516 नामक प्रतिबंधित सल्फोन पाया गया है। नितिका भी इस सूची में हैं। नाडा (राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी) ने उनकी रिपोर्ट देख ली है।

**समय-समय पर होता रहता है डोप टेस्ट –** डोपिंग एक प्रकार का टेस्ट होता है, जो खिलाड़ियों पर किया जाता है। डोपिंग खेल प्रतियोगिताओं में दूसरों पर बढ़त हासिल करने के लिए कृत्रिम और अक्सर अवैध पदार्थों का सेवन करने की क्रिया है। खिलाड़ियों को कृत्रिम शक्ति बढ़ाने के लिए मनाई है, क्योंकि ये खेल नियमों के विरूद्ध है। इसलिए समय-समय पर डोपिंग टेस्ट किया जाता है।

**100वें टेस्ट पर बोले मिशेल स्टार्क,**


# 'यह मुझे उम्रदराज महसूस कराता है'

**किंग्स्टन (एजेंसी)।** पिछले सप्ताह क्रेग ब्रैथवेट 100वें टेस्ट की उपलब्धि तक पहुंचने वाले 82वें खिलाड़ी बने थे जबकि मिशेल स्टार्क फ्रंटलाइन तेज गेंदबाजों में इस उपलब्धि तक पहुंचने वाले केवल 12वें खिलाड़ी बनेंगे। अपने 14 वर्ष के लंबे करियर में स्टार्क वेस्टइंडीज के खिलाफ सबीना पार्क में रविवार से खेले जाने वाले तीसरे टेस्ट के दौरान इस उपलब्धि तक पहुंच जाएंगे, वह 400 टेस्ट विकेट हासिल करने से भी केवल 5 विकेट दूर हैं।

स्टार्क ने कहा कि उनके लिए यहां तक पहुंचना अपने आप में एक बड़ी बात है। उन्होंने कहा, 'बड़ा होते समय मैं हमेशा ही ऑस्ट्रेलिया के लिए खेलना चाहता था लेकिन मुझे नहीं लगता था कि मैं कभी एक टेस्ट मैच भी खेल पाऊंगा। लेकिन 99 टेस्ट खेलना मेरे लिए बड़े गर्व की बात है। स्टार्क ने अपनी इस यात्रा में जॉश हेजलवुड और पैट कमिंस के साथ अपनी मित्रता पर भी बात की जिन्होंने उन्हें बतौर गेंदबाज विकसित होने में मदद की जिसमें वोबल सीम पर पकड़ बनाना भी शामिल है।

स्टार्क ने कहा, 'जब गेंद अधिक हरकत नहीं कर रही होती थी तो मेरे पास अधिक अलग करने के लिए कुछ नहीं हुआ करता था। हां मेरे पास गेंद को रिवर्स कराने की क्षमता थी लेकिन यह खेल के मध्य के हिस्से में संभव था। बतौर गेंदबाज विकसित होने में मेरे दो करीबी मित्रों जोश हेजलवुड और पैट कमिंस जो कि दुनिया के सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजों में से एक हैं, ने मेरी काफी मदद की। मैंने उनसे काफी कुछ सीखा है। इसके बाद अलग-अलग चरणों में और दुनिया के अन्य हिस्सों में गेंदबाजी करने में मदद मिली।

तीनों तेज गेंदबाजों के बीच का रिश्ता और उनके करियर की ओवरलैपिंग प्रकृति, जिसमें उन्होंने एक साथ 37 टेस्ट मैच खेले हैं, ने भी दोनों की मदद की है। स्टार्क ने कहा, 'मुझे या हम तीनों को इस बात का एहसास है कि हम कितने भाग्यशाली हैं कि हम सब एक ही जगह से हैं। हम साथ में ट्रेनिंग करते हैं, सालों से रिहैब रूम में साथ बैठते हैं। एक-दूसरे को आगे बढ़ाने की क्षमता, चाहे वो एक खराब हफ्ता हो या टेस्ट हफ्ता। मुझे लगता है कि यही हम तीनों के



लंबे करियर में खास तौर पर योगदान देता है।

स्टार्क ने खुद 2022 के अंत में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ उंगली में चोट लगने के बाद से कोई भी टेस्ट मैच नहीं छोड़ा है, जिसके कारण उन्हें तीन मैचों से बाहर होना पड़ा था। हालांकि उन्होंने एमसीजी में खेले गए उस मैच में भी गेंदबाजी की थी। तेज गेंदबाजी के नुकसान के बारे में उन्होंने कहा, 'ज्यादातर दिनों में कुछ निशान और कुछ दर्द वाले हिस्से होते हैं। चाहे वो झटके हों या दर्द निवारक दवाएं, मुझे पता है कि मैं क्या कर सकता हूं और क्या नहीं। मैं कभी भी ऐसे मैच में नहीं जाऊंगा जिसके बारे में मुझे नहीं लगता कि मैं अपना 100 फीसदी दे सकता हूं।

हाल के दिनों में स्टार्क आईपीएल में अच्छा प्रदर्शन करने में सफल रहे हैं। लेकिन कई वर्षों तक वह आईपीएल में नहीं खेले, जब वह टेस्ट क्रिकेट को प्राथमिकता देने के लिए वह आसानी से ऐसा कर सकते थे। स्टार्क ने कहा, 'टेस्ट क्रिकेट शायद सबसे मुश्किल प्रारूप था, या तो मुझे लगता था कि मैं इसके लिए काफी अच्छा हूं या फिर मुझे लगता था कि मैं ऐसा करने में सक्षम हूं। उस मौके को पाने के लिए, मैं उसे बिल्कुल भी हाथ से जाने नहीं देना चाहता था। जिन सालों में मैंने फ्रेंचाइजी क्रिकेट को मिस किया, मुझे उसका बिल्कुल भी अफसोस नहीं है।

उन्होंने कहा, ऑस्ट्रेलिया के लिए 99 मैच खेलने, घर पर कुछ समय बिताने, एलिसा (हीली) और परिवार के साथ कुछ समय बिताने के लिए अपने शरीर को जितना हो सके उतनी अच्छी स्थिति में रखने के लिए जरूरी था। यही वजह है कि मैंने वो चीजें कीं। चाहे अब इसका फायदा मिला हो, 100 टेस्ट से कुछ दिन पहले, या सीरीज जीत या टेस्ट मैच जीत, पीछे मुड़कर देखूं तो मैं इसे नहीं बदलूंगा।

भविष्य के संदर्भ में स्टार्क आगामी गर्मियों से आगे नहीं देखना चाहते, जिसमें एशेज भी शामिल है। एक ऑल-फॉर्मेट गेंदबाज होने के नाते, वह अगले साल होने वाले टी20 वर्ल्ड कप में शामिल होंगे और 2027 का वनडे वर्ल्ड कप उनके लिए एक संभावित अतिरिक्त अवसर होगा। टेस्ट क्रिकेट के संदर्भ में, जिसे स्टार्क हमेशा से अपना नंबर 1 प्रारूप बताते रहे हैं, ऑस्ट्रेलिया को अगले अगस्त से शुरू होकर 2027 के मध्य तक काफी मुकाबले खेलने हैं।

पंजाब नेशनल बैंक की ओर से कृषि आउटरीच कार्यक्रम आयोजित

# किसानों की आमदनी बढ़ाने के उद्देश्य से चलाई जा रही कई कृषि ऋण योजनाएं : महाप्रबंधक



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** पंजाब नेशनल बैंक की औरंगाबाद मंडल कार्यालय द्वारा शुक्रवार को सदर प्रखंड के फ़ेसर में मेगा कृषि आउटरीच कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें किसानों, पशुपालकों, ग्रामीणों से संबंधित विभिन्न ऋण योजनाओं, सब्सिडी लाभ और आधुनिक खेती की तकनीक के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही तकनीकी सहायता एवं सरकारी योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की गयी। कार्यक्रम का उद्घाटन बैंक के महाप्रबंधक प्रमोद रंजन तूफ़ान, मंडल प्रमुख प्रवीण कुमार, जिला कृषि पदाधिकारी संदीप राज और नाबार्ड के जिला विकास प्रबंधक सुशील कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर महाप्रबंधक प्रमोद रंजन तूफान ने कहा कि केंद्र सरकार के निर्देश पर बैंक की ओर से किसानों की आमदनी बढ़ाने के उद्देश्य से कई कृषि ऋण योजनाएं चलाई जा रही हैं। उन्होंने किसानों से अपील की कि वे इस कार्यक्रम के माध्यम से अपनी जरूरतें बैंक अधिकारियों को बताकर योजना का लाभ उठाएं। महाप्रबंधक ने कहा कि बैंक किसानों के हित में हर तरह से कदम उठाने को तैयार है। लखपति दीदी योजना पर चर्चा करते हुए कहा कि इसका लक्ष्य है हर जीविका दीदी की वार्षिक आय एक लाख या उससे अधिक हो। इस लक्ष्य को पूरा करने के लिए उन्हें प्रशिक्षण, बाजार से जोड़ने की सुविधा और वित्तीय सहायता दी जा रही है। इससे वे छोटे-मोटे कार्यों से आगे बढ़कर सूक्ष्म उद्यमी बन रही हैं। पंजाब नेशनल बैंक की ऋण योजनाएं इस दिशा में उन्हें मजबूती दे रही है। महाप्रबंधक ने कहा कि बैंक महिलाओं की ईमानदारी और समय पर ऋण चुकाने की प्रवृत्ति से प्रभावित होकर आगे भी उन्हें समर्थन देता रहेगा। यह कार्यक्रम बिहार की ग्रामीण महिलाओं के लिए एक नई उम्मीद बनकर उभरा है। सुलभ ऋण प्रक्रिया और निरंतर सहयोग से महिलाएं अब बैंकिंग से जुड़ने के लिए प्रेरित हो रही हैं। यह साझेदारी भविष्य में और सशक्त होगी और राज्य की लाखों महिलाओं को आर्थिक सशक्तिकरण की ओर ले जाएगी। जीविका और पंजाब नेशनल बैंक मिलकर यह सुनिश्चित कर रही है कि बिहार की महिलाएं सिर्फ लाभार्थी न बनें बल्कि राज्य के आर्थिक विकास की भागीदार भी बनें।

# श्री सीमेंट के यूनिट हेड ने श्रेया और सत्यम को किया सम्मानित



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** श्री सीमेंट लिमिटेड, औरंगाबाद के सुरक्षा विभाग में कार्यरत अमरेंद्र कुमार सिंह के पुत्र एवं पुत्री ने हाल ही में आयोजित खेल प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जिले का नाम रौशन किया। इस उपलब्धि के उपलक्ष्य में श्री सीमेंट इकाई प्रमुख अतुल कुमार शर्मा ने दोनों प्रतिभाशाली बच्चों को सम्मानित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। अमरेंद्र कुमार सिंह की पुत्री श्रेया कुमारी ने 29 जून को एसएस कॉलेज ग्राउंड में आयोजित फोर्थ जिला चैंपियनशिप के ट्राइथलॉन सी अंडर 14 वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसी प्रतियोगिता में श्रेया के छोटे भाई सत्यम सिंह ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर परिवार और विद्यालय दोनों का गौरव बढ़ाया। इसके अतिरिक्त, 5 जुलाई को वरुण प्रखंड स्थित वीर भगत सिंह स्टेडियम में आयोजित विद्यार्थी संकुल स्तरीय मार्शल प्रतियोगिता में श्रेया कुमारी ने लॉग जंप अंडर-14 वर्ग में 3.90 मीटर की छलांग लगाकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। बच्चों की इस शानदार उपलब्धि पर श्री सीमेंट इकाई प्रमुख अतुल कुमार शर्मा ने दोनों को व्यक्तिगत रूप से सम्मानित किया और कहा कि ऐसे प्रतिभावान बच्चे देश का भविष्य हैं। उन्होंने सुरक्षा विभाग के सहयोगी अमरेंद्र कुमार सिंह को भी इस पर बधाई देते हुए कहा कि कंपनी सदैव अपने कर्मचारियों के परिवारजनों की प्रतिभा को प्रोत्साहित करती रहेगी। इस अवसर पर श्री सीमेंट के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी भी उपस्थित रहे और बच्चों के प्रदर्शन की सराहना की।

# जनता दरबार में 21 परिवादियों ने दिया आवेदन



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिला समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में जिलाधिकारी श्रीकान्त शास्त्री द्वारा जनता दरबार का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिले के विभिन्न प्रखंडों से आए नागरिकों ने अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन जिलाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत किए। जनता दरबार में कुल 21 परिवादी उपस्थित हुए तथा उन्होंने स्थानांतरण, जमाबंदी, आंगनबाड़ी सेविका एवं सहायिका की नियुक्ति, आहार एवं पईन उडाही, भूमि विवाद, नाली एवं गली के निर्माण तथा नल-जल योजना के क्रियान्वयन जैसी जनसामान्य से जुड़ी विभिन्न समस्याओं से संबंधित आवेदन सौंपे। जनता दरबार में विद्यालय शिक्षिका रश्मि कुमारी द्वारा स्थानांतरण, तेयाप निवासी कांति देवी द्वारा पंचायत भवन में सफाई कार्य हेतु चयन, कर्मा भगवान की यमुना कुमारी द्वारा वर्ष 2018 से आंगनबाड़ी सेविका के पद पर चयन नहीं होने तथा गणेश प्रसाद एवं अन्य द्वारा चकबंदी खतियान के अनुसार जमाबंदी कायम कर लगान रसीद निर्गत करने के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किया गया। इनके अतिरिक्त अन्य परिवादियों द्वारा भी विभिन्न प्रकार की समस्याओं से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए गए। जिलाधिकारी श्रीकान्त शास्त्री ने सभी आवेदनों को गंभीरतापूर्वक सुनते हुए संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए तथा स्पष्ट किया कि प्रत्येक मामले की निष्पक्ष जांच कर निर्धारित समयावधि में समाधान सुनिश्चित किया जाएगा। उन्होंने सभी पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि शिकायतों के निपटारे में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार्य नहीं होगी और यदि लापरवाही पाई जाती है तो संबंधित कर्मियों के विरुद्ध कड़ी प्रशासनिक कार्रवाई की जाएगी। जनता दरबार की समाप्ति के उपरांत जिलाधिकारी ने उपस्थित नागरिकों को आश्वस्त किया कि जिला प्रशासन आमजन की समस्याओं के समाधान हेतु पूरी तरह संवेदनशील, प्रतिबद्ध एवं उत्तरदायी है। उन्होंने कहा कि जनता दरबार प्रशासन और जनता के बीच प्रत्यक्ष संवाद स्थापित करने का एक प्रभावी मंच है। इसके माध्यम से आमजनों की समस्याओं की सुनवाई सुनिश्चित होती है और उन्हें त्वरित एवं न्यायपूर्ण समाधान प्राप्त होता है। उन्होंने यह भी कहा कि इस प्रकार की पहल से शासन के प्रति जनविश्वास और अधिक सुदृढ़ हुआ है, जो सुशासन की दिशा में एक सराहनीय एवं सकारात्मक कदम है।

## सड़क पर गिरने से युवक की मौत

**रफीगंज (औरंगाबाद)/नबिटा संवाददाता।** कासमा थाना क्षेत्र के मियां बिगहा निवासी 35 वर्षीय मो सरफराज की मृत्यु सड़क पर गिरने के कारण हो गयी। बताया जाता है कि वे सड़क पर टहल रहे थे तभी अचानक चक्कर खाकर गिर गये। थानाध्यक्ष इमरान आलम ने बताया कि मृतक पुल निर्माण कंपनी में बेल्डिंग का काम करता था। मृतक के परिजन इस मामले में आवेदन देने से इंकार किया है।

## हत्यारोपित ने किया आत्मसमर्पण

**गोह(औरंगाबाद)/नबिटा संवाददाता।** उपहारा थाना कांड संख्या 78/25 में हत्या के आरोपित खैरा गांव निवासी कमलेश पासवान ने शुक्रवार को दाउदनगर न्यायलय में आत्मसमर्पण किया है। विदित हो कि उपहारा थाना क्षेत्र के खैरा गांव में सात वर्ष पूर्व प्रेम प्रसंग में भागकर अंतरजातीय विवाह से नाराज़ परिजनों ने उक्त गांव निवासी काशी सिंह की 55 वर्षीय पत्नी कांति देवी की लाठी-डंडे से पीट-पीटकर हत्या कर दी थी। इस कांड से जुड़े मुख्य आरोपित मिथिलेश पासवान पूर्व से ही न्यायिक हिरासत में है। शेष बचे अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

# पीएमओ की निदेशक ने किया सक्षम आंगनबाड़ी केंद्रों का निरीक्षण



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** प्रधानमंत्री कार्यालय, नई दिल्ली की निदेशक रेशमा रघुनाथन नायर द्वारा शुक्रवार को औरंगाबाद जिले में पोषण 2.0 योजना के अंतर्गत संचालित सक्षम आंगनबाड़ी केंद्रों का निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर जिला कार्यक्रम पदाधिकारी समेत अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित रहे। निरीक्षण के क्रम में देव प्रखंड के हजारी कर्मा एवं भुटकुन आंगनबाड़ी केंद्र तथा कुटुंबा प्रखंड के रिसियप एवं मुड़ीला आंगनबाड़ी केंद्रों का भ्रमण किया गया। निरीक्षण के दौरान निदेशक द्वारा आंगनबाड़ी सेविकाओं द्वारा पोषण ट्रैकर एप्लिकेशन का उपयोग, पोषण वाटिका की वर्तमान स्थिति, दुबलापन, नाटापन एवं अल्पवजन से ग्रसित बच्चों का वजन एवं लंबाई की जांच, गृह भ्रमण की प्रगति तथा आंगनबाड़ी भवनों की भौतिक अवस्थिति का विशेष रूप से अवलोकन किया गया। निरीक्षण के उपरांत श्रीमती नायर ने जिला पदाधिकारी के साथ औपचारिक बैठक की जिसमें जिले में पोषण 2.0 योजना के क्रियान्वयन की वर्तमान प्रगति एवं उससे संबंधित जमीनी चुनौतियों पर विस्तृत चर्चा की गई।

# विशेष मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम पर चुनाव आयोग को लगा झटका : डॉ सुरेश पासवान



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** बिहार सरकार के पूर्व मंत्री एवं राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ सुरेश पासवान ने कहा है कि चुनाव आयोग द्वारा विशेष मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम मनमाने ढंग से किया जा रहा था। इसमें मतदाताओं को अपनी पहचान साबित करने मे भारी परेशानी हो रही थी। चुनाव आयोग द्वारा जो ग्यारह दस्तावेज मागें जा रहे थे जिसमें आधार कार्ड, वोटर आईडी कार्ड एवं राशन कार्ड मान्य नहीं था, जिसके विरोध में देश की विपक्षी पार्टियां यथा राष्ट्रीय जनता दल, कांग्रेस, समाजवादी पार्टी, टीएमसी, एनसीसी, शिव सेना उधव, नेशनल कांफ्रेंस सहित अन्य पार्टी के नेताओं के द्वारा माननीय सर्वोच्च न्यायालय में याचिका दायर किया गया था, जिसकी सुनवाई 10 जुलाई को निर्धारित था। सुनवाई के दौरान सर्वोच्च न्यायालय की पीठ द्वारा चुनाव आयोग से कई सवाल पूछे गये हैं। साथ ही यह भी कहा कि पूरी सुनवाई के वगैर किसी का भी नाम सूची से नहीं कटेगा। पीठ ने कहा कि हम अभी पुनरीक्षण कार्यक्रम पर रोक तो नहीं लगा रहा हैं पर आधार कार्ड, वोटर आईडी और राशन कार्ड को भी दस्तावेज में सामिल किया जाना चाहिए। डॉ पासवान ने कहा कि पीठ द्वारा चुनाव आयोग की मनमानी पर रोक लगाते हुए आधार कार्ड, वोटर आईडी तथा राशन कार्ड को भी शामिल किए जाने के आदेश से अब मतदाताओं के नाम काटे जाने का अंदेशा लगभग समाप्त हो गया है। उन्होंने इसके लिए सर्वोच्च न्यायालय एवं इंडिया गठबंधन के राहुल गांधी एवं बिहार विधानसभा में विपक्ष के नेता तेजस्वी प्रसाद यादव सहित तमाम नेताओं खासकर बिहार बंद में शामिल बिहार के आमजन के साथ ही तमाम कार्यकर्ताओं को सैल्यूट किया है।